3 राजधानी
विधानसभा बजट सत्र आज से

6 अभिमत
चीनी विस्तारवाद का विकल्प

10 विदेश
अगले माह भारत आ सकते हैं प्रचंड

11 राष्ट्रीय
भारतीय विवि विदेशों में परिसर खोलेंगे

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 130
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



कभी नहीं रह गया था टीम नेतृत्व का जज्बा
स्पोर्ट्स-12

# संसद में सफाई देने को तैयार राहुल

## कहा- यदि देश में लोकतंत्र बरकरार है तो मुझे सदन में अपनी बात रखने का मिलेगा मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ब्रिटेन में दिए अपने एक बयान को लेकर संसद में जारी गतिरोध पर बृहस्पतिवार को कहा कि देश में अगर लोकतंत्र बरकरार है तो उन्हें संसद में अपनी बात रखने का मिलना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ सरकार के चार मंत्रियों ने सदन के भीतर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह भारतीय जनतंत्र के लिए एक इम्तहान भी होगा कि उन्हें भी चार मंत्रियों की तरह ही सदन में बोलने का पूरा अवसर मिलता है या फिर चुप होने के लिए कहा जाता है।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडाणी समूह से जुड़े मामले से ध्यान भटकाने के लिए सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से संसद में पूरा तमाशा खड़ा किया गया है। अपने ब्रिटेन दौरे से बुधवार को स्वदेश लौटने के बाद राहुल गांधी बृहस्पतिवार को संसद पहुंचे और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर आग्रह किया कि उन्हें सदन में बोलने का मौका दिया जाए। बाद में उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, आज मैं संसद गया और लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि मैं संसद में बोलना चाहता हूं, सरकार के चार मंत्रियों ने मेरे ऊपर आरोप लगाए हैं तो मेरा हक है कि मैं सदन में अपनी बात रखूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का कहना था, मुझे नहीं लगता कि बोलने दिया जाएगा। फिर भी मैं आशा करता हूं कि कल मुझे बोलने का मौका मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि जब वह संसद पहुंचे थे तो तत्काल लोकसभा को स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस नेता ने इस संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा, मैं एक सांसद हूं और संसद में चार मंत्रियों ने मेरे खिलाफ आरोप लगाए हैं। ऐसे में संसद के भीतर इन आरोपों का जवाब देना, यह मेरा लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, अगर भारत में लोकतंत्र बरकरार है तो मैं संसद में अपनी बात रख पाऊंगा।

हम जो देख रहे हैं वह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक परीक्षा है। राहुल गांधी के मुताबिक, भाजपा के नेताओं ने एक सांसद के खिलाफ आरोप लगाए हैं, इसके बाद यह देखना होगा कि क्या इस सांसद को भी वही अवसर मिलेगा जो चार मंत्रियों को मिला था, या उनसे कहा जाएगा कि चुप हो जाओ। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल तथा कुछ अन्य मंत्रियों और सत्तापक्ष के नेताओं ने राहुल गांधी के बयान का उल्लेख करते हुए उन पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया था और माफी ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी। फोटोः रंजन डिमरी

## पहले सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कांग्रेस नेता के स्वदेश लौटते ही भाजपा ने बोला चौतरफा हमला, टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने का लगाया आरोप

**लंदन** में भारतीय लोकतंत्र के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बीच बृहस्पतिवार को संसद पहुंचे राहुल गांधी पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चौतरफा हमला बोला और उन पर भारत विरोधी ताकतों की भाषा बोलने तथा टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस नेता को अपने बयानों के लिए पहले सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा नेताओं ने कहा कि विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र व संसद को गाली देने के बाद स्वदेश लौटे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के मुंह से अपनी टिप्पणियों के लिए खेद स्वरूप एक भी शब्द न निकलना उनके अहंकार को दर्शाता है। ज्ञात हो कि ब्रिटेन यात्रा से लौटने के बाद पहली बार संसद पहुंचे राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनसे संसद में अपना पक्ष रखने का मौका देने की अपील की। इसके बाद राहुल के खिलाफ संसद भवन परिसर में तीन केंद्रीय मंत्रियों ने, तो संसद के बाहर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मोर्चा संभाला। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार चौथे दिन हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि कांग्रेस नेता को अपने बयानों के लिए पहले सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए गोयल ने कहा कि वह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं मानों देशभक्ति का कोई महान कार्य करने के बाद वह भारत लौटे हों। गोयल ने कहा कि गांधी ने अब तक माफी नहीं मांगकर अपनी और कांग्रेस की छोटी मानसिकता का प्रदर्शन किया है। संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा, भारत की प्रतिष्ठा पर पहले कभी इस तरह से हमला नहीं हुआ है। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन विदेशी शक्तियों से हस्तक्षेप की मांग करने से बड़ा कोई अपराध नहीं हो सकता। जिस भारत को पूरी दुनिया लोकतंत्र ( शेष पेज 9 )

## भारत ने खालिस्तानी तत्वों के प्रदर्शन का मुद्दा ऑस्ट्रेलिया से उठाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● ब्रिस्बेन में मानद वाणिज्य दूतावास के बाहर किया था प्रदर्शन, जिसके चलते कुछ समय तक रोक दिया गया था काम

**भारत** ने खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा ब्रिस्बेन में उसके मानद वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शनों का मामला ऑस्ट्रेलिया के समक्ष उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि बुधवार को प्रदर्शनों के बाद वाणिज्य दूतावास में काम कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की हालिया घटनाओं के साथ-साथ उस देश में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों के मुद्दे को उठाया। अल्बनीज ने अगले दिन कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष मोदी को आश्वासन दिया कि ऑस्ट्रेलिया धार्मिक स्थलों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति को कानून की पूर्ण सख्ती का सामना करना पड़ेगा। बागची ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, वहां एक मानद वाणिज्य दूतावास है न कि भारत का महावाणिज्य दूतावास। मैं समझता हूं कि प्रदर्शनकारी कम संख्या में थे। कुछ देर के लिए कुछ व्यवधान भी आया। लेकिन यह बंद नहीं है। उन्होंने प्रदर्शन के कुछ वीडियो के संदर्भ में कहा, मानद वाणिज्य दूतावास आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हुए सामान्य रूप से काम कर रहा है। मैं फुटेज पर, विशेष रूप से वीडियो फुटेज पर टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा, जिनकी पुष्टि नहीं हुई है। बागची ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाया है। बागची ने कहा, हमने इसे सरकार के सामने उठाया है। आपने प्रधानमंत्री को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के साथ इसे उठाते हुए सुना है। और जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं, हम नियमित आधार पर इसे उठाते रहे हैं। दुर्भाग्य से वे कई बार हुई हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीमें संपर्क में हैं और इसी कारण हम इसे इतनी जल्दी उठा पाए। मैं टीमों के संयोजन या स्तर पर नहीं जा रहा हूं, लेकिन वे संपर्क में हैं। खालिस्तान समर्थकों द्वारा तथाकथित जनमतसंग्रह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जहां तक तथाकथित जनमत संग्रह का संबंध है, इस पर हमारे विचार बहुत स्पष्ट हैं। जो हम उन्हें बताने जा रहे हैं, मैं उसका फिर से उल्लेख नहीं करने जा रहा हूं...हमने न केवल ऑस्ट्रेलिया में बल्कि अन्य हिस्सों में भी अपने समकक्षों को इसकी जानकारी दी है, जहां भी इस तरह के प्रयास किए गए हैं।

## अरुणाचल में सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट शहीद

**भाषा।** ईटानगर, गुवाहाटी

**अरुणाचल** प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में मांडला के समीप बृहस्पतिवार सुबह सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस हादसे में दो पायलट की मौत हो गई। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक अधिकारियों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल वीवीबी रेड्डी और सह-पायलट मेजर जयनाथ ए. के रूप में की गई है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने गुवाहाटी में बताया कि हेलीकॉप्टर असम के सोनितपुर जिले से अरुणाचल प्रदेश के तवांग जा रहा था।

उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर को उड़ान के दौरान प्रतिकूल मौसम का सामना करना पड़ा और वह दुर्घटना के वक्त मिस्सामारी लौट रहा था। रावत ने कहा, हेलीकॉप्टर का सुबह करीब नौ बजकर 15 मिनट पर वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क टूट गया। भारतीय सेना, एसएसबी और आईटीबीपी के पांच खोजी दलों को तत्काल हेलीकॉप्टर की तलाश में लगाया गया। मांडला के पूर्वी गांव बांगलजाप के समीप हेलीकॉप्टर का मलबा मिला।



उन्होंने कहा, हादसे की वजह का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं। विशेष जांच शाखा के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि दिरांग में ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर को जलते हुए देखा और उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी। सिंह ने कहा, दिरांग में बांगलजाप के ग्रामीणों ने करीब ( शेष पेज 9 )

## सीबीआई ने सिसोदिया के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने आधिकारिक पद के कथित दुरुपयोग और राजनीतिक जासूसी के लिए शहर की फीडबैक इकाई का इस्तेमाल करने के मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें गिरफ्तार किया और अभी वह जेल में हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने सिसोदिया (51) और पांच अन्य के खिलाफ मंगलवार को कथित आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक नया मामला दर्ज किया। एजेंसी ने सिसोदिया, 1992 बैच के आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) अधिकारी सुकेश कुमार जैन (जो उस समय सतर्कता सचिव थे), सेवानिवृत्त ( शेष पेज 9 )

## 70 हजार करोड़ के घरेलू सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● स्वदेशी रक्षा विनिर्माण को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद, रक्षा मंत्री अध्यक्षता में डीएसी ने दिखाई हरी झंडी

**भारत** ने स्वदेश में विकसित 70,584 करोड़ रुपए के सैन्य साजो-सामान की खरीद को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी, जिससे घरेलू रक्षा विनिर्माण को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ लगभग तीन साल से जारी गतिरोध के बीच नए खरीद प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है। डीएसी ने सैन्य साजो-सामान की खरीद के लिए 70,584 करोड़ की एक्सेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी (एओएन) को स्वीकृति दी, जिसके तहत सभी खरीद स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत की जाएगी। राजनाथ सिंह के कार्यालय ने ट्वीट किया, इतनी मात्रा में स्वदेशी खरीद न केवल भारतीय उद्योगों को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करेगी, बल्कि विदेशी विक्रेताओं पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करेगी। सौदे का विस्तृत ब्योरा देते हुए अधिकारियों ने कहा कि कुल प्रस्ताव में से नौसेना ने 56,000 करोड़ की खरीद का प्रस्ताव दिया है, जिसमें स्वदेश में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल, शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सिस्टम तथा यूटिलिटी हेलीकॉप्टर-मेरीटाइम शामिल हैं।

नौसेना 15000 करोड़ मूल्य के 200 अतिरिक्त ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का प्रस्ताव दिया है। इसी तरह शक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम अग्रणी पोतों को और आधुनिक और मारक बनाने में मदद करेगा, जिससे कि विपरीत परिस्थितियों में वे किसी भी चुनौती से निपट सकें।

## नाले में मानव अंग मिलने से सनसनी

**नोएडा( पीएनएस )।** सेक्टर-8 स्थित गत्ता बनाने की फैक्ट्री के नाले के बाहर बृहस्पतिवार सुबह दस बजे एक महिला के शरीर के अवशेष मिले। नाले में महिला के दो पैर और एक हाथ मिलने की सूचना पर फेज एक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। नाले में सफाई कराकर अवशेष को बाहर निकाला गया। डीसीपी हरीश चंदर का कहना है कि नाले में कुछ मानव अंग मिले हैं, जो संभवत: चार से पांच दिन पुराने प्रतीत हो रहे है। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। महिला के अवशेष को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा है। शव की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाली जा रही है। महिला के हाथ में कटे हुए हाथ में घड़ी, चूड़ी मिली है। डीसीपी हरिश चंदर, एडीसीपी शक्ति अवस्थी, एसीपी सुशील कुमार गंगा प्रसाद, एसएचओ ध्रुव दुबे मौके पर पहुंच स्थिति को संभाला। मानव अवशेष मिलने पर सनसनी फैल गई और मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो गए। बता दें कि 2 दिन पहले ही ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक.3 थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलेसरा हिंडन नदी के किनारे एक महिला की लाश पड़ी हुई मिली थी। अभी तक उस महिला की भी पहचान नहीं हो सकी है।

## कोल्ड स्टोरेज के चेंबर की छत गिरी, दो की मौत, 10 घायल



कोल्ड स्टोरेज के मलबे में दबे लोगों के बचाने में लगे बचावकर्मी

**भाषा।** संभल

**जिले** के चंदौसी क्षेत्र में इस्लाम नगर मार्ग पर बृहस्पतिवार को एक निजी कोल्ड स्टोरेज के चेंबर की छत गिरने से मलबे में दबकर दो लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। इस मामले में कोल्ड स्टोरेज के मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक शलभ माथुर ने देर शाम संवाददाताओं को बताया कि मलबे से अभी तक कुल 12 लोगों को बाहर निकाला गया है जिनमें से दो लोगों की मौत हो गई है। उनकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। घायलों में से सात को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मलबे में अभी भी कई लोगों के दबे होने ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,634 | ↑ 78 | |
| निफ्टी | 16,985 | ↑ 13 | |
| सोना | 57,450 | ↑ 380 | /10g |
| चांदी | 66,535 | ↓ 90 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उप्र में तीन दिवसीय हड़ताल पर गए बिजली कर्मचारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बीच समझौता वार्ता विफल हो गई है। जिसके बाद रात 10 बजे से प्रदेश के हजारों बिजली कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश सरकार ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने काम पर नं लौटने वाले संविदाकर्मियों को बर्खास्त करने और बिजली की सुचारू व्यवस्था में व्यवधान डालने व प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ होने पर एसेंसियल सर्विसेज मेन्टीनेन्स एक्ट (एस्मा) और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रदेश के विकास में रुकावट पैदा करने वाले तथा लोगों को उपलब्ध सुविधाओं में अड़चने पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कोविड-19: केंद्र ने छह राज्यों को किया सतर्क

**भाषा।** नई दिल्ली

● महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को दिया परामर्श

**केंद्र** सरकार ने कोविड-19 के संभावित स्थानीय प्रसार का हवाला देते हुए संक्रमण के मामलों को बढ़ने से रोकने के वास्ते बृहस्पतिवार को छह राज्यों- महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक से जोखिम आकलन-आधारित रुख अपनाने को कहा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने इन राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा, कुछ राज्य हैं, जहां बड़ी संख्या में मामले आ रहे हैं जिससे यह संकेत मिलता है कि संक्रमण का संभावित स्थानीय प्रसार हो रहा है।

भूषण ने इन राज्यों को छोटे स्तर पर कोविड-19 की स्थिति का निरीक्षण करने और बीमारी के तत्काल और प्रभावी प्रबंधन के लिए आवश्यक उपायों के क्रियान्वयन, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी विभिन्न परामर्श का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। उन्होंने राज्यों को संक्रमण पर करीबी नजर रखने की सलाह देते हुए कहा कि भारत में पिछले कुछ महीनों में कोरोना वायरस के मामलों में काफी कमी आई है।

बहरहाल, पिछले कुछ हफ्तों में देश के कुछ हिस्सों में कोविड-19 के मामले बढ़े हैं और आठ मार्च तक एक सप्ताह में कुल 2,082 मामले दर्ज किए गए और 15 मार्च तक ए मामले बढ़कर 3,264 हो गए।भूषण ने कहा, संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए जोखिम ( शेष पेज 9 )

## तेजस्वी 25 को होंगे सीबीआई के समक्ष पेश, नहीं होगी गिरफ्तारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह इस महीने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को गिरफ्तार नहीं करेगा, जिसके बाद नेता ने जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ के लिए 25 मार्च को एजेंसी के समक्ष पेश होने को लेकर सहमति जताई। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सीबीआई के वकील का बयान दर्ज किया कि एजेंसी की इस महीने तेजस्वी यादव को गिरफ्तार करने की कोई योजना नहीं है। इस आश्वासन के बाद तेजस्वी यादव की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल 25 मार्च को सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय में जांच अधिकारी के समक्ष पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे पेश होंगे। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उस याचिका का निपटारा किया, ( शेष पेज 9 )

## रिकॉर्ड 68 दिनों में बीआरओ ने खोल दिया जोजिला दर्रा

● कश्मीर घाटी और लद्दाख क्षेत्र के बीच की है जीवन रेखा, उत्तरी सीमा पर रक्षा तैयारियों को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**सीमा** सड़क संगठन (बीआरओ) ने बृहस्पतिवार को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जोजिला दर्रे के आपूर्ति मार्ग को रिकॉर्ड 68 दिनों में बहाल कर दिया है। कश्मीर घाटी और लद्दाख क्षेत्र के बीच जीवन रेखा के रूप में चिह्नित 11,650 फीट की ऊंचाई पर श्रीनगर-कारगिल लेह राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-1) पर स्थित जोजिला दर्रा एक बार फिर से खोल दिया गया है।

इससे सीमा पर भारत और चीन के बीच जारी गतिरोध के बीच देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ावा मिलेगा।



जोजिला दर्रे की सफाई करतीं मशीनें

ठीक इसी तरह कश्मीर घाटी और गुरेज सेक्टर के बीच एकमात्र सड़क संपर्क वाले राजदान दर्रे को भी 16 मार्च को 58 दिनों के अंतराल के बाद खोल दिया गया। इसी तरह प्रमुख दर्रों साधना, फरकियान गली और जमींदार गली को इस पूरे सर्दी के मौसम में चालू रखा गया। सीमा सड़क महानिदेशक (डीजीबीआर) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने एक अवसर पर कहा कि जोजिला और राजदान दर्रों को जल्दी खोल देने से लद्दाख और गुरेज घाटी के लोगों को आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं की आपूर्ति बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने राष्ट्र निर्माण और लोगों की सेवा के बीआरओ की प्रतिबद्धता को दोहराया। बातचीत के दौरान डीजीबीआर ने कहा कि आज वाहनों के संचालन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। जहां तक आम जनता के लिए सड़क खोलने की बात है उसके ( शेष पेज 9 )

### जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर टी-5 सुरंग वाहनों के लिए खुली

**रामबन/जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन की जोखिम वाले पंथ्याल खंड से गुजरने वाली टी-5 सुरंग बृहस्पतिवार को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि 880 मीटर लंबी सुरंग पर काम फरवरी 2020 में शुरू हुआ था। इस सुरंग का निर्माण पूरा होने से पत्थरों के गिरने का खतरा खत्म हो गया है जिससे कई लोगों की जान चली जाती थी। रामबन के उपायुक्त मुस्सरत इस्लाम ने कहा कि पंथ्याल में टी-5 ( शेष पेज 9 )

# 3 करोड़ उधार लेने के बाद दोस्त के साथ दो लोगों की थी हत्या, तीन को उम्र कैद

**● कोर्ट ने तीनों पर दो लाख, बीस हजार का अर्थदंड लगाया गया, पांच आरोपी सबूतों के अभाव में बरी**




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मेरठ जिला न्यायालय ने ग्रेटर नोएडा के आक्सफोर्ड स्कूल के प्रबंधक राजेश भाटी व उनके दोस्त रामकिशोर की हत्या के मामले में तीन लोगों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। तीनों पर दो लाख बीस हजार का अर्थदंड लगाया गया है। साक्ष्यों के अभाव में पांच अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया है।

केस की सुनवाई मेरठ जिला न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश प्रहलाद सिंह द्वितीय ने की। अधिवक्ता विनोद चौधरी ने बताया कि सिरसा स्थित आक्सफोर्ड स्कूल के प्रबंधक राजेश भाटी व उनके दोस्त रामकिशोर की सितंबर 2011 में सूरजपुर से बुलाकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप टीकम भाटी, जितेंद्र, सुभाष, कृष्ण, कविंद्र, प्रवीण, मनोज व सतेंद्र उर्फ सेठी पर लगा था। सभी के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। सूरजपुर में रिपोर्ट इस वजह से दर्ज हुई, क्योंकि राजेश व रामकिशोर को सूरजपुर से ही बुलाया गया था।

हत्या करने के बाद शव को घोड़ी बछेड़ा के समीप फेंक दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सभी को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि राजेश ने टीकम को तीन करोड़ रुपये उधार दिए थे। टीकम की नीयत खराब हो गई और उसने उधार की रकम वापस करने के बजाय अपने साथियों के साथ मिलकर राजेश व उसके दोस्त की हत्या कर दी। सुरक्षा कारणों से केस मेरठ जिला न्यायालय ट्रांसफर हुआ। सुनवाई के दौरान कुल 12 गवाह पेश हुए। गवाह एंव साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने टीकम भाटी, जितेंद्र व सुभाष को दोषी मानते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अधिवक्ता विनोद ने बताया कि वह फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट जाएंगे। जिन लोगों को बरी किया गया है, उनकी भी घटना में भूमिका रही है। घटना में शामिल एक आरोपित की मौत हो चुकी है। नाबालिग होने की वजह से एक का बाल सुधार गृह में ट्रायल चल रहा है।

# शादी के फर्जी दस्तावेज बनवाकर युवती ने मांगे 10 लाख रुपये

**● रकम नहीं दी तो झूठे केस में फंसाने की दी धमकी**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर के एक व्यक्ति ने कौशांबी थाना क्षेत्र की एक युवती और उसके माता व पिता पर धोखाधड़ी व ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है युवती ने शादी के फर्जी दस्तावेज बनवा लिए और उन्हें ब्लैकमेल कर दस लाख रुपये मांग रही है। रुपये नहीं देने पर फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने कोर्ट की मदद से कौशांबी थाने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोदीनगर के एक व्यक्ति ने बताया उनका बेटा विदेश में नौकरी करता है। शादीशुदा है और उनके बच्चे भी हैं। उनका आरोप है कि कौशांबी थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी की युवती ने ऑनलाइन उनके बेटे से बातचीत शुरू की। कुछ दिन बाद उनका बेटा घर लौटा। 17 मार्च 2022 को युवती ने बेटे को कॉल कर मिलने के लिए अपने घर बुलाया। बेटा घर लौटा तो वह काफी सहमा हुआ था। कुछ दिन बाद युवती ने उनके मोबाइल नंबर पर उनके बेटे से शादी का प्रमाण पत्र भेजा। उसपर बेटे के हस्ताक्षर नहीं थे। उन्होंने बेटे से जानकारी कि तो उसने बताया कि युवती उनसे पहले ही तीन लाख रुपये ठग चुकी है। होली पर उसने माता और पिता की मौजूदगी में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया था। इससे उनकी हालत खराब हो गई थी। अब युवती उन्हें ब्लैकमेल कर दस लाख रुपये मांग रही है। रुपये नहीं देने पर झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिरफ्त में जुआ खेलने वाले।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 5 लोगो महेंद्र, सुरेंद्र, श्रीपत, भूपेंद्र और श्याम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उनके पास से 1510 रूपए नगद और ताश की गड्डी बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दीपक शर्मा नामक युवक को पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### अंधाधुंध हवाई फायरिंग करने वाला युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-3 पुलिस ने बुधवार की देर रात को बसई गांव के पास अंधाधुंध फायरिंग कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके पास से उसकी लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस आदि बरामद हुआ है। बताया जाता है कि वह नोएडा मे सेक्टर 61 में रहता है, तथा मूल रूप से जनपद बुलंदशहर का रहने वाला है। थाना फेस.3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की देर रात को थाना पुलिस को सूचना मिली कि बसई गांव के शराब के ठेके के पास कोई व्यक्ति अंधाधुंध फायरिंग कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यशो सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में वह सेक्टर 61 मे रहता है। इसके पास से पुलिस ने उसकी लाइसेंसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इससे गहनता से पूछताछ कर रही है।

### बहू से दहेज के लिए मारपीट का आरोप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक महिला को बुरी तरह से टॉर्चर करने का मामला सामने आया है। ससुराल में उसको बुरी तरह पीटा गया। दांतों से पूरे शरीर पर जगह.जगह काटा गया। नाखून और ब्लेड से पूरे शरीर को नोचा गया। इतना पीटा गया कि आंखें बुरी तरह से सूज गईं। बुरी तरह से परेशान महिला जैसे.तैसे अपनी ससुराल से छत के रास्ते भाग निकली। इसके बाद वह सरकारी स्कूल की छत पर जा पहुंची। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस की मौजूदगी में पीड़िता को छत से नीचे उतारा गया। इस घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया, जो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति अपने भाई के साथ संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।

# जन्म लेते ही बच्चे को फेंका, मौत

**नोएडा।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के कयामपुर गांव के पास सुबह को एक नवजात बच्चे का शव पुलिस को मिला है। पुलिस को शक है कि अवैध संबंधों के चलते बच्चे को पैदा करके मां ने उसे फेंक दिया है। थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आज सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि कयामपुर गांव के पास एक नवजात शिशु का शव पड़ा है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि शव को देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मां ने बच्चे को जन्म देते ही यहां पर फेंक दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगर आयुक्त कार्यालय में तैनात बड़े बाबू पर गिरी तबादले की गाज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




नगर आयुक्त ऑफिस में तैनात बड़े बाबू प्रदीप कुमार का नगर आयुक्त नितिन गौड़ ने तबादला कर दिया। उन्हें बड़े बाबू के पद पर विजयनगर जोन में भेजा गया है। जबकि विजयनगर जोन में बड़े बाबू के पद पर तैनात ब्रहमपाल को संपत्ति विभाग में भेजा गया है।

प्रदीप कुमार लंबे समय से नगर आयुक्त ऑफिस में बड़े बाबू के पद पर तैनात थे। उनकी यह तैनाती दिनेशचंद्र सिंह के कार्यकाल के दौरान हुई थी। दरअसल उस समय प्रदीप शर्मा नगर आयुक्त ऑफिस में बड़े बाबू के पद पर तैनात थे। उनके रिटायर होने के बाद उस समय संपत्ति विभाग में तैनात प्रदीप कुमार को नगर आयुक्त ऑफिस का बड़ा बाबू बनाया गया था। तब से प्रदीप कुमार यहां तैनात हुए, नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर और अब नितिन गौड़ के साथ कार्य कर रहे थे।

अचानक से अंजान प्रकरण को लेकर नगर आयुक्त ने प्रदीप कुमार का तबादला कर दिया। अचानक से हुए इस तबादले को लेकर नगर निगम में चर्चा का विषय बना हुआ है।

तबादला क्यों किया गया यह राज केवल नगर आयुक्त ही जानते हैं। दूसरी और प्रदीप कुमार के अचानक से तबादले को लेकर नगर निगम के कई कर्मचारी लामबंद हो रहे है।

कई कर्मचारियों का तो यह भी कहना है कि जब नगर निगम में तबादला नीति बनी हुई।

# 15 कारों पर फेंका तेजाब

**● सीसीटीवी की जांच में पता चला, सफाईकर्मी ने किया यह काम**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर. 113 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि सेक्टर.75 स्थित मक्बलीस वाइट हाउस नामक सोसायटी में रहने वाले रोशन राय, रिप्सी, संदीप शर्मा, प्रदीप सिंह नेगी, यश शर्मा, आकाश सेगर, शुभम शर्मा, वंश झा, शिवी वर्मा, शशांक द्विवेदी, रमेश चंद्र पांडे, मदन गौतम, आलोक कुमार आदि ने थाना सेक्टर.113 पुलिस से शिकायत की है।

उनका आरोप है कि 15 मार्च की सुबह जब वे ऑफिस जाने के लिए बेसमेंट मे खड़ी गाड़ियों निकालने के लिए गए तो उन्होंने देखा कि उनकी कारों पर तेजाब फेंका हुआ है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि कारों पर तेजाब फेकने की वारदात सोसाइटी मे कार की सफाई करने वाले युवक ने की है। उनके अनुसार सिक्योरिटी अफसर कासिम खान ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की है, तथा यह पाया गया है कि राम राज नाम के व्यक्ति ने यह अपराध कारित किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**परिशिष्ट**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय :– आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201–बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर–बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थान (वेस्ट) 400064

यह परिशिष्ट आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड में आपके उपरिवर्णित होम लोन खाता सं. एलबीएमयूएम00004796983 एवं एलबीएमयूएम00004796988 तथा कर्जदार नाम शीला देवी गुप्ता के संबंध में शीर्षांकित सरफासी 13 (2) सूचना दिनांकित 26 अगस्त, 2020 (इसमें आगे "उक्त सूचना" कही गई है) के संदर्भ में है। हम यह वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना किसी इरादे के, उपरिवर्णित सूचना में सम्पत्ति पता फ्लैट नंबर जी 04, भू तल, बिल्डिंग नंबर 02, सेक्टर 05, ड्रीम मीट, सर्वे नंबर 74/2, 75, 76, 85, बोइसार, तालुका पालघर, थाने–401501 के स्थान पर फ्लैट नंबर जी 04, भू तल, बिल्डिंग नंबर 02, सर्वे नंबर 74/2, 75, 76, 85, बोइसार, तालुका पालघर, थाने–401501 वर्णित किया गया है। अतएव आपसे इसको कृपया फ्लैट नंबर जी 04, भू तल, बिल्डिंग नंबर 02, सेक्टर 05, ड्रीम मीट, सर्वे नंबर 74/2, 75, 76, 85, बोइसार, तालुका पालघर, थाने–401501 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

उक्त सरफासी 13 (2) सूचना में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा।

हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित :– 17–03–2023
स्थान :– साउथ दिल्ली

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# निजी वाहनों को कैब में चलाने पर परिवहन विभाग सख्त

**● शिकायत मिलने पर कई कंपनियों को नोटिस जारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



निजी वाहनों के व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल करने पर परिवहन विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने एप आधारित कैब बुकिंग करने वाली तीन कंपनियों के दिल्ली व नोएडा स्थित कार्यालय को नोटिस भी भेज दिया है। निजी वाहन से सवारी ढ़ोने पर वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ संबंधित कंपनी पर भी कानूनी कार्रवाई करने का नोटिस दिया गया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डा सियाराम वर्मा ने बताया कि एप आधारित बुकिंग सेवा वाली कंपनियां ओला, ऊबर व रैपिडो ने निजी मोटरसाइकिलों का उपयोग व्यावसायिक के तौर कर रह रही हैंए जो नियमों के अनुरूप नहीं है। ऐसे में कंपनियों के प्रतिनिधियों को नोटिस देकर ऐसी चीजों को तत्काल बंद करने की मांग की गई है।

विभाग अभियान के तहत ऐसे वाहनों के खिलाफकार्रवाई भी कर रहा है। निजी कार को भी एप आधारित कैब बुकिंग में इस्तेमाल करने की जानकारी हुई है। इस पर भी विभाग की तरफ से कंपनियों को नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही लोगों से भी अपील की जा रही है कि व्यावसायिक वाहन होंने पर ही इसे एप आधारिक कैब सेवा में शामिल करें। नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।

इस वर्ष परिवहन विभाग द्वारा जिले में 40 से अधिक ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की गई है। एआरटीओ प्रशासन प्रशांत तिवारी ने बताया कि कार्रवाई होने वाले वाहनों में अधिकतर निजी बाइक हैं। इसमें कार की संख्या काफी कम है।

निजी वाहनों को व्यावसायिक वाहन के तौर पर इस्तेमाल करने के दौरान सड़क पर इनकी पहचान करना चुनौती होती है। वाहन चेकिंग दौरान वाहन चालकों को रोकने व पूछताछ करने पर ही इसकी जानकारी मिल पाती है।

**SRF LIMITED**

SRF

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B 0002757 | BHARAT MANSUKHLAL SHAH | 90003257 | 2691226 | 2691250 | 25 |
| | | | 90003257 | 2852175 | 2852185 | 11 |
| | | | 90003257 | 4165131 | 4165144 | 14 |
| | | | 90003258 | 4165145 | 4165148 | 4 |
| 2 | G 0001423 | Madan Lal Moondhra (CLAIMANT) | 41553 | 2475801 | 2475825 | 25 |
| | | GOPA DEVI MOONDHRA (DECEASED SHAREHOLDER) | 61290 | 3293358 | 3293368 | 11 |
| | | | 118840 | 5074731 | 5074748 | 18 |
| 3 | S 0006196 | Madan Lal Moondhra (CLAIMANT) | 41550 | 2475726 | 2475750 | 25 |
| | | SHIVDAS MOONDHRA (DECEASED SHAREHOLDER) | 80204 | 3619448 | 3619458 | 11 |
| | | | 145852 | 5834741 | 5834758 | 18 |
| 4 | SRF0032851 | SHAMMI KAPOOR (CLAIMANT) | 1133540 | 295541574 | 295541973 | 400 |
| | | HAR NARAIN KAPOOR (DECEASED SHAREHOLDER) | | | | |
| | | BELA KAPOOR (DECEASED SHAREHOLDER) | | | | |
| 5 | SRF0036797 | NIRAJ BACHKHETI (CLAIMANT) | 373961 | 17108045 | 17108064 | 20 |
| | | NARAIN DATT BACHKHETI (DECEASED SHAREHOLDER) | 522961 | 25127837 | 25127856 | 20 |
| | | SHAILJA BACHKHETI (DECEASED SHAREHOLDER) | 90077284 | 9271490 | 9271529 | 40 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 16-03-2023

# जब्त किए गए वाहनों की जाए नीलामी: परिवहन आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त सीबी सिंह ने मेरठ परिक्षेत्र के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि बकाए में निरूद्ध वाहनों की नीलामी कराकर राजस्व वसूला जाए।



सेक्टर-39 स्थित विद्युत विभाग के गेस्ट हाउस के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में महज 15 दिन शेष रह गए हैं इसलिए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी जी जान से जुट जाए। बकाये में निरुद्ध वाहनों को नीलामी करा कर राजस्व वसूली की जाए। परिवहन आयुक्त ने ओवरलोडिंग वाहनों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के संचालन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इन पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाए और डग्गामार बसों के खिलाफव्यापक कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारियों को प्रेषित वसूली प्रमाण पत्र आरसी को तहसीलों से संपर्क कर अधिक से अधिक वसूली की जाए। परिवहन आयुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देश दिया कि वे सड़कों पर सजग चेकिंग करते हुए मार्ग दुर्घटनाओं को कम कराएं और रोड सेफ्टी को बढ़ावा दें। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में मेरठ परीक्षेत्र के परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# जीडीए वीसी की पॉलिसी से चमकने लगी है मधुबन-बापूधाम कॉलोनी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मधुबन-बापूधाम कॉलोनी में अब जीडीए वीसी आरके सिंह की सख्ती का असर दिखाई देने लगा है। इस कॉलोनी में किसानों के विरोध के चलते लोग अपने मकान नहीं बना रहे थे। अब जीडीए की सख्ती के बाद इस कॉलोनी में मकान बनाने वाले आवंटियों का विरोध कम हो गया है। इसी के चलते ही अब कॉलोनी में तेजी के साथ मकान बन रहे है। वहीं जीडीए भी आवंटियों को तेजी के साथ कब्जा दे रहा है। जीडीए की कोशिश है कि मधुबन.बापूधाम कॉलोनी में तेजी के साथ आवंटी मकान बनाए। दरअसल मधुबन-बापूधाम कॉलोनी पर लंबे समय से जीडीए ही ध्यान नहीं दे रहा था। यह तब है जबकि इस कॉलोनी को जीडीए करीब 18 वर्ष पहले ही विकसित करने के लिए नोटिफिकेशन कर चुका है।

कई जीडीए वीसी ने इस कॉलोनी को फोकस तो किया मगर इससे अधिक ध्यान उनका राजनगर एक्सटेंशन कॉलोनी को स्मार्ट बनाने पर रहा।



यातायात पुलिस वाहनों चालाकों की जांच करतीं हुई।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स रंगरीति अपारेल्स/ श्री सुमित कुमार/ श्री सतीश कुमार/ 033205006203 | एच. नंबर 123, दूसरी मंज़िल (हमारी छत के अधिकार के साथ), एच–ब्लॉक, विकास पुरी, नई दिल्ली– 110018/ मार्च 13, 2023 | नवंबर 10, 2023 रु. 2,97,37,808.00/– | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मार्च 17, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# महिला के खाते से ठगों ने निकाले 99 हजार रुपए

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 34 में रहने वाली एक महिला के खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने 99 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया।

थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में कविता शर्मा पुत्री मदन पाल शर्मा निवासी धवलगिरी अपार्टमेंट ने थाना सेक्टर 24 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने उनके खाते से ऑनलाइन 99 हजार का ट्रांजैक्शन कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएनडी फ्लाई-वे से जमीन वापस लेगा प्राधिकरण

**● पुल के निर्माण के बाद बची 330.91 एकड़ जमीन का चिन्हित किया गया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट डीएनडी फ्लाईवे निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड एनटीबीसीएल को सौंपी गई जमीन में से 330.91 एकड़ जमीन वापस लेने की तैयारी शुरू हो गई है।

अवस्थापना विभाग ने पत्र जारी कर वर्क सर्किल एक को निर्देशित किया है कि जमीन वापस लेने के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए, जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके। हालांकि इस प्रकरण की संबंधित फाइल ही नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से गायब हो गई है, जिससे वर्क सर्किल एक अधिकारी को इसका जवाब देने और आगे की कार्रवाई को पूरा करने में दिक्कत आ रही है।

वर्क सर्किल एक के वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा का कहना है कि फाइल की तलाश जारी है, फाइल कहां पर है, यह पता करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में जानकारी सर्किल में तैनात किसी कर्मचारी के पास नहीं है। कंपनी को डीएनडी फ्लाईवे निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से जमीन उपलब्ध कराई गई थी। निर्माण के बाद अवशेष जमीन को वापस लेने के लिए प्राधिकरण की ओर से हवाई सर्वे कराया गया। अवशेष भूमि चिह्नित कर प्राधिकरण को वापस करना सुनिश्चित करने के लिए समिति का गठन हुआ।

तत्कालीन मुख्य अभियंता सिविल नोएडा की ओर से 5 अगस्त 2016 और 16 अगस्त 2016 को सर्वे रिपोर्ट तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। सर्वे रिपोर्ट में गठित टीम के सदस्य अधिशासी अभियंता, हेड वर्क्स खंड आगरा नहर, ओखला, नई दिल्ली द्वारा नामित अधिकारी के अलावा नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड, दिल्ली विकास प्राधिकरण, लैंड एंड बिल्डिंग विभाग, दिल्ली द्वारा नामित प्रतिनिधि, मुख्य वास्तुविद नियोजक, नोएडा के हस्ताक्षर नहीं थे। सर्वे रिपोर्ट में निर्माण के पश्चात अवशेष भूमि को ग्रामवार चिह्नित नहीं किया गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विधानसभा बजट सत्र आज से, एलजी के अभिभाषण से होगा शुरू

## अगले वित्तवर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, परिवहन के साथ ढांचागत विकास और सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने पर विशेष जोर



वित्तमंत्री कैलाश गहलोत

संजय राय। नई दिल्ली

विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के साथ इसकी शुरुआत होगी। वित्तमंत्री कैलाश गहलोत अगले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार का बजट 21 मार्च को पेश करेंगे। वर्ष 2015 के बाद यह पहली बार होगा जब पूर्व उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया बजट पेश नहीं करेंगे। हाल ही उन्हें नई शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आप सरकार राजधानी को और भी खूबसूरत बनाने की तैयारी में है। मेट्रो ट्रैक के साथ डबल डेकर फ्लाईओवर का भी निर्माण होगा। इसमें नीचे के तल पर वाहन दौड़ेंगे और ऊपर मेट्रो रफ्तार भरेगी। बजट में सरकार इन योजनाओं के लिए प्रस्ताव पेश करने करेगी।

सूत्रों के अनुसार, इस साल दिल्ली सरकार का बुनियादी ढांचे के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण की योजना पर फोकस रहेगा। सरकार पीडब्ल्यूडी की सभी 1400 किलोमीटर लंबी सड़कों का सौंदर्यीकरण करेगी। पूरे प्रोजेक्ट के लिए 10 साल की अवधि में लगभग 20,000 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। आठ साल में 28 फ्लाईओवर और अंडरपास के काम को पूरा किया जाएगा। बजट में 30 फ्लाईओवर, अंडरपास और पुल बनाने का प्रस्ताव सरकार पेश करेगी, ताकि शहर में जाम की समस्या से निजात मिल सके। तीन डबल डेकर फ्लाईओवर बनेंगे।

### ● खर्च होंगे 20 हजार करोड़, बनेंगे तीन डबल डेकर फ्लाईओवर, नीचे चलेंगे वाहन, ऊपर दौड़ेगी मेट्रो

राष्ट्रीय राजधानी के बजट में इस बार 5 से 10 फीसदी की बजटीय राशि में बढ़ोतरी किए जाने की संभावना है। दिल्ली का बजट वर्ष 2015 में 34,790 करोड़ का पेश किया था जोकि पिछले साल 2022-23 में 75,800 करोड़ हो गया था लेकिन इस बार इसके 80 हजार करोड़ किए जाने का अनुमान है। आम आदमी पार्टी की सरकार आगामी वित्त वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन के साथ ढांचागत विकास और सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने पर विशेष जोर देगी।



इसके अलावा सरकार अपनी पुरानी योजनाओं बिजल हाफ, पानी माफ, महिलाओं को बसों में निःशुल्क यात्रा, बुजुर्गों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने का ऐलान भी कर सकती है। सरकार की योजना है दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाए। इसको लेकर कई खास योजनाओं का ऐलान भी बजट में किए जाने की संभावनाए है। इस बजट सत्र में पहली बार ऐसा होगा जब दिल्ली सरकार के दो मंत्री नहीं होंगे। खासकर मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य व बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन सदन में नहीं होंगे। दोनों ही इन दिनों भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी जगह पर इस बार नए मंत्रियों की मौजूदगी सदन में दिखाई देगी।

# केजरीवाल सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी भाजपा

### ● विधायकों ने दस विषयों पर चर्चा के लिए दिया नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार होने के पूरे आसार है। सत्तापक्ष जहां पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के मुद्दे पर भाजपा और केंद्र सरकार को घेरेगी। इसके अलावा सत्ता धारी पार्टी के सदस्य उपराज्यपाल पर भी हमला बोलेंगे। आम आदमी पार्टी के नेताओं का मानना है कि केंद्र सरकार एलजी के जरिए दिल्ली के विकास के कामों को रोकने का प्रयास करती है। वहीं भाजपा केजरीवाल सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया है। विपक्षी पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को बजट सत्र को 10 दिन बढ़ाने और दस विषयों पर चर्चा का नोटिस भी दिया है।

भाजपा विधायक दल की बैठक बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। बैठके बाद संवाददाता सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार के दो मंत्री जेल में हैं। सरकार पर शराब घोटाला, हवाला घोटाला, जासूसी घोटाला समेत कई घोटालों के आरोप हैं। अस्थाई अस्पताल घोटाला शामिल हैं। ऐसी स्थिति में इस सरकार को काम करने का कोई नैतिक या संवैधानिक अधिकार नहीं है। इसलिए सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। बिधूड़ी ने बजट सत्र को बहुत कम अवधि के लिये बुलाने पर असंतोष व्यक्त किया। बिधूड़ी ने कहा कि विधानसभा का बजट अधिवेशन सिर्फ 5 दिन के लिए ही बुलाया गया है जिनमें से केवल दो दिन ही प्रश्नकाल का प्रावधान रखा गया है।



नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी।

यह विधायकों के अधिकारों का हनन है और यह सरकार लगातार विधायकों के अधिकारों का हनन करती है। उन्होंने याद दिलाया कि पहली विधानसभा का वर्ष 1994 में जो पहला बजट अधिवेशन हुआ था वह एक महीना 4 दिन तक चला था और उसमें 19 बैठकें हुई थीं।

एक तरफ लोकतंत्र का वह ऐतिहासिक दौर था और एक आज तानाशाही का दौर है जिसमें प्रश्नकाल तक नहीं रखे जा रहे हैं। भाजपा विधायकों ने मांग की है कि बजट अधिवेशन कम से कम 15 दिन का तो अवश्य ही होना चाहिए और प्रतिदिन प्रश्नकाल का प्रावधान किया जाए।


# अगले साल तक कचरा मुक्त होगा भलस्वा लैंडफिल

### ● मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 50 लाख मीट्रिक टन कचरा हटाने का रखा लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को भलस्वा लैंडफिल स्थल का दौरा किया और कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य यहां से अगले साल मार्च तक 50 लाख मीट्रिक टन कचरा हटाने का है। केजरीवाल ने दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय के साथ लैंडफिल से कचरा हटाने के काम की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने कहा, अगले साल मार्च तक यहां से 50 लाख टन कचरा हटाने का लक्ष्य है। दोगुनी रफ्तार से काम चल रहा है। दिल्ली को जल्द कचरा मुक्त बनाया जाएगा।



केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में रोजाना 11,000 मीट्रिक टन कचरा पैदा होता है और 8,100 मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण की व्यवस्था है।

उन्होंने कहा, इसका मतलब हुआ कि 2,900 मीट्रिक टन कचरा रह जाता है। ओखला में 1,000 मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण के लिए विस्तार कार्य चल रहा है, वहीं बवाना में कचरे से बिजली बनाने वाला संयंत्र 2026 तक तैयार हो जाएगा जिसमें 2,000 टन कचरे का निस्तारण हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लैंडफिल से 2019 से 30 लाख मीट्रिक टन कचरा हटाया गया है, वहीं 50 लाख मीट्रिक टन कचरा अब भी वहां है जिसमें से 30 लाख मीट्रिक टन को इस साल दिसंबर तक हटा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह काम चलता रहा तो अगले साल अप्रैल तक यहां कोई कचरा नहीं रहेगा।

### केजरीवाल का ग्रीन कार्पेट बिछाकर किया गया स्वागत : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि यह देखकर हैरान है कि जब सीएम अरविंद केजरीवाल समेत अन्य लोग बृहस्पतिवार को भलस्वा लैंडफिल साइट पर गए तो उनका ग्रीन कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया। खुद के आम आदमी होने का दावा करने वाले लैंडफिल साइट पर कालीन बिछाकर स्वागत चाहते हैं। सीएम का भलस्वा लैंडफिल साइट की सफाई के लिए मार्च 2024 की समय सीमा को दोहराते हुए देखना और भी आश्चर्यजनक था, जो कि निवर्तमान नॉर्थ एमसीडी मेयर राजा इकबाल सिंह द्वारा मार्च 2022 में ही घोषित कर दिया गया था और सितंबर 2022 में एकीकरण के बाद निगम आयुक्त ने फिर से पुष्टि की गई थी। ताज्जुब की बात है कि केजरीवाल जो कुछ समय पहले तक भाजपा नेताओं का उपहास उड़ाया।

### निर्माणाधीन इमारत की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मैदान गढ़ी इलाके में बृहस्पतिवार को एक निर्माणाधीन इमारत की तीसरी मंजिल से गिरकर 32 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उसने वहां गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) निवासी अली उस्मान को मृत पाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक का छोटा भाई रफी उस्मान (28) भी वहां मौजूद था।

पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि अली उस्मान कच्चे माल को निचले तल से तीसरे तल पर ले जा रहा था और इस दौरान वह गिर गया। डीसीपी ने बताया कि इमारत की सीढ़ियों पर रेलिंग या वैकल्पिक सुरक्षा के उपाय नहीं थे। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस ने बताया कि संपत्ति के मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 288 और 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# जासूसी कांड : सिसोदिया को लंबे समय तक हिरासत में रखने की योजना : सीएम

### ● सीबीआई द्वारा केस दर्ज करने का भाजपा ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जासूसी मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किया है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और भाजपा आमने-सामने हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया को लंबे समय तक जेल में रखने के लिए उनके खिलाफ कई झूठे मामले चलाने की योजना बना रहे हैं। सीमए ने ट्वीट कर यह बात कही। वहीं प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने जासूसी कांड में सिसोदिया पर हुए एफआईआर का स्वागत किया है। साथ ही इसे जनता की जीत बताया है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा शुरु से कहती रही है कि फीडबैक यूनिट का इस्तेमाल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सिर्फ अपने विरोधियों को समाप्त करने, बड़े उद्यौगिक घरानों और मीडिया हाऊसेज सहित न्यायपालिका को ब्लैकमेल करने के लिए किया गया था इसलिए



जांच एजेंसी को इस यूनिट के सरगना केजरीवाल के खिलाफ भी देशद्रोह का मुकादमा दर्ज कर जांच करनी चाहिए। केजरीवाल पर फीडबैक यूनिट के माध्यम से विदेशी ताकतों को सूचना देने का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि यह बेहद ही संवेदनशील विषय है और यह देशद्रोह का मामला है। यह भी जांच का विषय है कि फीडबैक यूनिट को विदेशी चंदा तो नहीं मिल रहा था। केजरीवाल जवाब दें की आखिर इस फीडबैक यूनिट को लाने की जरुरत क्या थी और सबसे हैरान करने वाली बात इसमें केजरीवाल ने सिर्फ अपनी पसंद के लोगों को ही शामिल क्यों किया। फीडबैक यूनिट बनाने से पहले ना ही सीएम ने एलजी से मंजूरी ली और ना ही इस यूनिट को बनाने का कोई कारण आज तक लोगों को बताया।

# निजी एयरलाइंस में नौकरी का झांसा, नौ धरे

### ● बेरोजगार युवाओं को शिकार बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने निजी एयरलाइंस में नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार युवकों से कथित तौर पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मानवेंद्र सिंह राजावत (23), विनीत सिंह भदौरिया (28), अजीत सिंह राजावत (22), दीपक सिंह चौहान (28), सुरेंद्र प्रताप सिंह (32), रजत सेंगर (25), अभय यादव (22), सत्यम सिंह (23) और शिवम सिंह राजावत (22) के रूप में की गई है।

पुलिस ने कहा कि सह-आरोपी आमिर और शिवम को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्होंने मिलकर यह साजिश रची और अन्य लोगों को आसानी से पैसा कमाने के लिए गिरोह में शामिल होने का लालच दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी खुद को निजी एयरलाइंस के मानव संसाधन अधिकारी के रूप में पेश कर युवाओं को ठगने के लिए टेलीफोन के जरिए साक्षात्कार आयोजित करते थे। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह नोएडा, उत्तम नगर, द्वारका और नवादा सहित विभिन्न स्थानों से काम कर रहा था। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने ऑनलाइन नौकरी प्रदान करने वाली वेबसाइटों के माध्यम से युवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनका विश्वास हासिल करने के लिए उन्हें फर्जी नौकरी प्रस्ताव पत्र, पहचान-पत्र और अन्य दस्तावेज भी ऑनलाइन भेजे।

गिरोह के सदस्य आठ महीने से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। वे बार-बार अपना ठिकाना बदलते रहे और पुलिस की छापेमारी से ठीक पहले अपने ठिकाने से दो बार भागने में सफल भी रहे। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा कि यह मामला तब सामने आया जब बुराड़ी में रहने वाले एक युवक ने ठगे जाने की शिकायत की।

# मरम्मत और निर्माण के चलते दक्षिण दिल्ली में ट्रैफिक जाम, यात्री परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के दक्षिणी हिस्सों में मरम्मत और निर्माण कार्यों के कारण प्रमुख मार्ग बंद रहने के चलते बृहस्पतिवार को भी यातायात जाम रहा। इस दौरान यात्रियों ने अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना किया।

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर रविवार से 50 दिन के लिए बंद किया जा चुका है, जबकि रंगपुरी और रजोकरी के बीच दिल्ली-जयपुर राजमार्ग (एनएच-48) का एक हिस्सा मंगलवार से 90 दिन के लिए बंद कर दिया गया। दिल्ली पुलिस ने ट्विटर पर यात्रियों को सूचना दी कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मार्ग परिवर्तन के कारण नेहरू प्लेस से आईआईटी फ्लाईओवर की ओर जाने वाले रास्ते पर यातायात धीमा है।

### ● चिराग दिल्ली फ्लाईओवर 50 दिनों के लिए बंद

नोएडा के रहने वाले सुनील कुमार सक्सेना ने कहा, चिराग दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क पर भारी यातायात था जो आजकल आम बात है। हालांकि, व्यस्त समय के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। इस रास्ते से न जाना हमारे लिए बेहतर विकल्प होगा। पुलिस ने यह भी कहा कि रानी झांसी रोड पर एक बस के खराब हो जाने के कारण ईदगाह से राम कुमार मार्ग तिराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है और लोग इस मार्ग से यात्रा करने से बचें। लोक कल्याण मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के रखरखाव का काम 50 दिन के बजाय एक महीने में पूरा करने का निर्देश दिया था। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फैक्टरी में लगी आग, दमकल कर्मी घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीरपुर इलाके में प्लास्टिक उत्पादों की एक फैक्टरी में बुधवार देर रात आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना बुधवार रात 10 बजकर 40 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की 12 गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया।अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने की कोशिश के दौरान दमकल विभाग का एक कर्मी घायल हो गया।



### दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनकी उस टिप्पणी के लिए नोटिस जारी किया है जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि महिलाओं का अभी भी यौन उत्पीड़न किया जा रहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट का संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस ने प्रश्नावली भेजी है और राहुल गांधी से कहा कि वह उन महिलाओं के बारे में विवरण दें जिन्होंने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के बारे में जानकारी देने के लिए उनसे संपर्क किया था। पुलिस के अनुसार, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान श्रीनगर में कहा था, मैंने सुना है कि महिलाओं पर यौन हमला किया जा रहा है। पुलिस ने कांग्रेस नेता से कहा है कि वह इन महिलाओं के बारे में जानकारी दें ताकि उन्हें सुरक्षा दी जा सके।

### एमसीडी ने फरवरी में 9827 किग्रा एसयूपी जब्त की

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। दिल्ली नगर निगम ने 100 डेज टू बीट द प्लास्टिक मुहिम के तहत विशेष अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में निगम वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक की और प्लास्टिक प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए और भी गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया। निगम ने दावा कि फरवरी में 9827 किलोग्राम एसयूपी जब्त किया है। जी-20 कार्यक्रमों के मद्देनजर, निगम एसयूपी के बारे में जागरूकता कार्यक्र म आयोजित करने के लिए स्मारकों पर ध्यान केंद्रित करेगा और अधिक कचरा पलटने वाले क्षेत्रों में शाम के समय सघन सफाई की जाएगी।

### मोबाइल लूट मामले में किशोर समेत दो पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर दिल्ली के गुलाबी नगर इलाके में प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन के पास 55 साल के व्यक्ति से कथित रूप से मोबाइल फोन लूटने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और एक किशोर को पकड़ा गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान अंकुर के रूप में हुई है जो गुलाबी बाग, सराय रोहिल्ला, मोती नगर और करोल बाग में लूटपाट और झपटमारी सहित 10 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल था।

# राजधानी को 'सिटी ऑफ फ्लॉवर' बनाने की तैयारी

## ट्यूलिप, डेफोडिल्स फूल और पौधों से से गुलजार होंगी राजधानी की सभी सड़कें और पार्क

### ● उपराज्यपाल ने एमसीडी, डीडीए, एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बृहस्पतिवार को दिल्ली को सिटी ऑफ फ्लावर बनाने की दिशा में बागवानी प्रभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भविष्य की तैयारियों के सिलसिले में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव, एनडीएमसी के चेयरमैन, वीसी (डीडीए), एमसीडी के कमिश्नर और इंजीनियर-इन-चीफ (पीडब्ल्यूडी) और उनके बागवानी प्रमुख मौजूद थे।



राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा, राजधानी की सड़कों और पार्कों फूल और पौधों से सजाने व फूलों के शहर में तब्दील करने के अपने घोषित लक्ष्य के अनुरूप और शहर में प्रचलित तथा वसंत के मौसम में असाधारण रूप से फूलों के खिलने के मद्देनजर दिल्ली के लोगों की उत्साही प्रतिक्रिया का संज्ञान लेकर, उपराज्यपाल सक्सेना ने अधिकारियों को अगले 15 दिनों के भीतर एक विस्तृत योजना के साथ आने का निर्देश दिया है।

इस बैठक में मुख्य सचिव, एनडीएमसी के अध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ एवं उनके बागवानी प्रमुखों ने भाग लिया।

इस साल, एनडीएमसी क्षेत्र में लगभग 1.5 लाख ट्यूलिप लगाए गए थे। उपराज्यपाल ने अगले सीजन के दौरान पांच लाख ट्यूलिप मंगाने और लगाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

### हुमायूं मकबरे में इत्र एवं सुगंधी महोत्सव आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली पर्यटन द्वारा प्रदेश सरकार के सहयोग से मनमोहक सुगंधित फूलों से तैयार किए गए खुशबूदार इत्र की सुगंध को फैलाने के लिए हुमांयू के मकबरे स्थित सुंदर नर्सरी निजामुद्दीन में 17 से 19 मार्च तक तीन दिवसीय इत्र एवं सुगंधी मेले का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन मंत्री आतिशी इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। महोत्सव सुगंध एवं सुरस विकास केन्द्र, कन्नौज और रोहित सेठ, अध्यक्ष सुगंध व्यापार संघ के सहयोग से किया जा रहा है।

### कारोबारी पिल्लई की ईडी हिरासत चार दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की प्रवर्तन निदेशालय को दी गई हिरासत की अवधि दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को चार और दिनों के लिए बढ़ा दी। पिल्लई आबकारी नीति घोटाले में शामिल शराब गिरोह साऊथ ग्रुप का कथित अगुआ था।

ईडी ने दावा किया कि पिल्लई भारत राष्ट्र समिति की विधान पार्षद और तेलंगाना की मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के.कविता का करीबी है। गिरोह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के तहत राष्ट्रीय राजधानी के शराब बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा करने के एवज में आप को 100 करोड़ रुपए दिए थे। विशेष न्यायाधीश एम.के.नागपाल ने ईडी के अनुरोध पर पिल्लई की हिरासत अवधि 20 मार्च तक के लिए बढ़ा दी।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 मार्च, 2023



# पांच निकायों में सौंदर्यीकरण पर खर्च करें राशि : गुप्ता

### सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए 31 मई तक का दिया समय

### स्थानीय निकाय मंत्री ने गुरुग्राम में अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्थानीय** निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि जिला के 5 स्थानीय निकायों के पास 1512 करोड़ रुपये का फंड है। जिसका उपयोग बेहतर सुविधाएं विकसित करने में किया जाए। इसके तहत अधिकारी अच्छी योजनाएं तैयार करें। उन्होंने सुझाव दिया कि बेहतर एवं सुंदर सड़कों का विकास, पार्कों का सौंदर्यीकरण, शमशान घाटों का विकास, चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण आदि कार्य किए जाएं। यह बात उन्होंने यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक में कही।

उन्होंने पांचों निकायों से कहा कि वे सड़कों का सौंदर्यीकरण करवाएं। इसमें सड़कों पर तिरंगा लाईटें, डिवाइडर व ग्रील का सुधार एवं पेंट, पौधे लगाने, ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने तथा चौक-चौराहों पर फव्वारे आदि कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही पार्कों में घास, पौधे, रंगीन लाईटें, ट्रैक, चारदीवारी, जिम आदि की बेहतर सुविधाएं विकसित करें। उन्होंने इन कार्यों के लिए 31 मई तक का समय अधिकारियों को देते हुए कहा कि इस समय तक वे रिजल्ट देखना चाहते हैं। ये कार्य साफसिटी-सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत करने के निर्देश स्थानीय निकाय मंत्री ने दिए।


गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेते स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता।

नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर, नगर परिषद सोहना, पटौदी-मंडी तथा नगर पालिका फरूखनगर के अधिकारियों के साथ बैठक में डा. गुप्ता ने प्रॉपर्टी आईडी, प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी, वित्तीय स्थिति, स्वामित्व योजना, कॉलोनी रैगुलराईजेशन, नगर दर्शन पोर्टल तथा साफ सिटी-सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**प्रदेश में 42.70 लाख प्रॉपर्टी आईडी तैयार :** प्रॉपर्टी आईडी की समीक्षा के दौरान निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में 42 लाख 70 हजार प्रॉपर्टी आईडी तैयार की गई हैं, जिन्हें इंटीग्रेट करने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने पांचों निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र की प्रॉपर्टी आईडी को जल्द से जल्द इंटीग्रेट करें। निकाय मंत्री ने कहा कि यह पायलेट प्रोजेक्ट है। इसे अधिक से अधिक स्टाफ लगाकर पूरा करवाएं।

प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी के बारे में उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक रिकवरी करने की दिशा में कार्य करें। यहां नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने बताया कि एक लाख व इससे ऊपर के प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों को नोटिस देकर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए कह रहे हैं तथा नोटिस में दी गई समयावधि तक अदायगी नहीं करने वालों पर अन्य कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम जिला के पांचों निकायों में योजना के तहत 1049 प्रॉपर्टी हैं, जिनमें 849 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 473 आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, 166 रिजेक्ट हुई हैं तथा 210 आवेदन लंबित हैं। जिनकी प्रक्रिया चल रही है। निकाय मंत्री ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री मनोहर लाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। लंबित आवेदनों का समाधान भी जल्द से जल्द करवाएं।

**निवर्तमान पार्षदों ने रखे हैं कई मुद्दे :** निकाय मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के कुछ निवर्तमान पार्षदों ने उनके साथ मुलाकात करके शहर से संबंधित मुद्दे रखे हैं। इनमें सीवर समस्या, सार्वजनिक शौचालय, वेस्ट डंपिंग स्टेशन से कचरा उठान, प्रॉपर्टी आईडी, सफाई व्यवस्था, टेकओवर की गई कॉलोनियों में कार्य जल्द शुरू करवाने, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, स्ट्रीट लाइट, विकास शुल्क, बागवानी कचरा समाधान, रोड पैच वर्क आदि से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने इनका समाधान करवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## मंत्री ने अफसरों से मांगा जवाब, सेक्टर में लाभार्थी को क्यों नहीं दिया प्लॉट का कब्जा


कष्ट निवारण समिति की बैठक लेते कृषि एवं कल्याण मंत्री जेपी दलाल।

### एक लाभार्थी को सेक्टर-51 में नहीं दिया गया प्लॉट पर कब्जा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के एजेंडे में शामिल 17 परिवादों की सुनवाई करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने 14 मामलों का निपटारा किया, जबकि 3 मामलों में अगली बैठक तक अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने बैठक में कहा कि आमजन की शिकायतों का निवारण ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-47 में प्लाट आवंटियों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसी तरह गांव भौंडसी में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में नए निर्माण को रोकने व पुराने निर्माण को चिह्नित कर उन्हें गिराने के निर्देश दिए। वहीं पिछली बैठक में एक लाभार्थी को सेक्टर-51 में प्लॉट का कब्जा ना देने पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से जवाब तलबी की। उन्होंने कहा कि अगली बैठक से पहले आवेदक को प्लॉट का कब्जा नहीं दिया गया तो संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के साथ ही सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**नगर निगम से जुड़ी शिकायतों पर अलग से बैठक:** बैठक के दौरान कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में अधिकांश शिकायतें नगर निगम गुरुग्राम से संबंधित हैं। ऐसे में आमजन की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए वे अगले माह निगम से जुड़ी शिकायतों को सुनवाई के लिए अलग से जनता दरबार लगाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे दिन चलने वाले इस जनता दरबार में केवल नगर निगम गुरुग्राम से संबंधित शिकायतों की सुनवाई होगी।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता निगम चुनावों को लेकर जोश में

### मानेसर नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर मानेसर में हुई भाजपा की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी** नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक मानेसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने की। बैठक में मानेसर मंडल के अध्यक्ष, प्रभारी, पालक, महामंत्री शामिल हुए।

बैठक में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, चुनाव मनीष मित्तल, पटौदी से विधायक सत्य प्रकाश जरावता, गुरुग्राम प्रभारी व विधायक दीपक मंगला ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की तथा नए बनाए गए पन्ना प्रमुखों की रिपोर्ट भी ली। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हरेक कार्यकर्ता आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर जोश से भरा हुआ है। उन्होंने पदाधिकारियों को कहा कि सरकार की योजनाओं के लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को दिलवाने के लिए कार्यकर्ताओं को और मेहनत करनी है, ताकि हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिल सके। संगठन मंत्री रविन्द्र राजू ने पदाधिकारियों से चुनाव से संबंधी कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए और चुनाव जीतने के टिप्स भी दिए। राजू ने कहा कि कार्यकर्ता सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं को लेकर लोगों से संपर्क करें। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। चुनाव छोटा हो या बड़ा भाजपा उसे मिशन के रूप में लेकर चलती है। गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम में भाजपा का परचम लहरएगा।


मानेसर निगम चुनाव को लेकर बैठक में मौजूद चुनाव के लिए बनाए गए प्रभारी व अन्य पदाधिकारी।

विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने कहा कि मानेसर नगर निगम चुनाव की सभी तैयारियां हो चुकी है और कार्यकर्ता चुनाव की तारीख का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा मनोहर सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि मानेसर नगर निगम में भाजपा के प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीतकर आएंगे। बैठक में प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, प्रदेश सचिव मनीष यादव, मानेसर मंडल के पालक महेश चौहान, मानेसर मंडल के प्रभारी मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र, मंडल अध्यक्ष दौलतराम, मंडल अध्यक्ष रामनिवास, मंडल अध्यक्ष सुनील यादव सभी मंडलों के महामंत्री समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वेल्डिंग कारोबारी दुकान से संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम के सामने वेल्डिंग की दुकान चलाने वाला संदिग्ध हालात में लापता हो गया। कारोबारी की मां की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड-6 की न्यू फ्रें ड्स कॉलोनी में रहने वाली सरस्वती देवी ने पुलिस को बताया कि उनका वेल्डिंग का कारोबार वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में है। उसका बेटा अनिल मोंगिया मंगलवार को घर से दुकान गया था, लेकिन अनिल दुकान से सुबह 11 बजे संदिग्ध हालात में लापता हो गया। जिसको 12 घंटे अपने स्तर पर तलाश किया, लेकिन कारोबारी के बेटे का कुछ भी सुराग नहीं लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार पर जीएल शर्मा ने मंत्री का जताया आभार


जीएल शर्मा

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल का नगर निगम की शिकायतों के निराकरण के लिए हर महीने विशेष जनता दरबार लगाने पर आभार जताया है। जीएल शर्मा ने कहा कि नई व्यवस्था से नगर निगम दायरे के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। छोटी-छोटी समस्याओं के लिए नागरिकों को निगम के अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने होंगे। शर्मा ने कहा कि इस व्यवस्था से निगम के लापरवाह अधिकारियों पर नकेल कसी जा सकेगी और सरकार के पारदर्शी शासन की अवधारणा अधिक मजबूत होगी। जीएल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सशक्त और कुशल नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने नौ वषोर्ं में कुशल और कारगर सुशासन की नींव रखी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदशर्न में सरकार अपनी नीतियों और जनहितैषी फैसलों से सुशासन की नींव को अधिक मजबूत कर रही है। प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल की ओर से नगर निगम की शिकायतों के लिए अलग से हर महीने विशेष जनता दरबार लगाने का निर्णय भी सुशासन को मजबूत करने की कड़ी का हिस्सा है। जीएल शर्मा ने कहा कि आए दिन लोग नगर निगम में शिकायतें लेकर जाते हैं। अधिकारी उनकी शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लेते। जिस कारण लोगों को परेशानी होती है।

### दुकान का शटर तोड़ कॉपर की तार चोरी

**सोहना।** रायसीना क्रेसर जोन में इलेक्ट्रीशियन की दुकान में रात के समय में चोरी हो गई। अज्ञात चोर 30 से 35 किलोग्राम कॉपर का तार चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। जिला नूह का गांव सलम्बा निवासी इकबाल ने बताया कि उसने रायसीना क्रेसर जोन में अपनी मोटर मैकेनिक की दुकान की हुई है। जिसमें कॉपर की तारें रखी हैं। 5 मार्च की रात करीब 2 बजे उसकी दुकान पर लगा शटर का ताला तोड़ कर दुकान में से कॉपर का तार चोरी हो गया। उसके घर में शादी होने के कारण वह 10 दिन बाद वापस दुकान पर मंगलवार को आया था। उसे दुकान के शटर पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। दुकान में सामान की जांच करने पर 30 से 35 किलोग्राम कॉपर की तार गायब मिली। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

# Indeed.co.in दिल्ली एनसीआर में कॉल सेंटर और ग्राहक सहायता के लिए नौकरी के अवसर बढ़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** की नं. 1 जॉब साइट (https://in.indeed.com/) के आंकड़ों ने इस बात का खुलासा किया है कि पिछले 4 सालों में कॉलसेंटर और रिमोट कस्टमर सर्विस की नौकरियों के लिए रोजगार तलाशने वालों की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इस सेगमेंट में दिल्ली-एनसीआर में कुल नौकरियों में 9.33 फीसदी योगदान के साथ दूसरी सबसे बड़ी जॉब पोस्टिंग है। इससे यह साफ पता चलता है कि इन क्षेत्रों में नौकरियों की भारी मांग है।

आंकड़ों से पता चलता है कि नौकरी की पोस्टिंग 498.40 प्रतिशत बढ़ने तथा नौकरी ढूंढ़ने वालों की इस क्षेत्र में बढ़ती रुचि के कारण (प्रति मिलियन क्लिक में 1405 फीसदी वृद्धि) जनवरी 2020 से जनवरी 2021 तक कॉल सेंटर और रिमोट कस्टमर सर्विस में नौकरी की बहुत मांग थी।

*__नीचे__ दी गई तालिका में इस क्षेत्र में नौकरी करने वालों का औसत वेतन बताया गया है। औसतन, वार्षिक औसत वेतन रुपये-2,50,000 से रुपये-5,00,000 तक होता है।*

| पद | वार्षिक माध्य वेतन |
|---|---|
| ग्राहक सफलता प्रबंधक | रु. 5,17,467 |
| ग्राहक सेवा प्रबंधक | रु. 4,26,318 |
| तकनीकी सहायता प्रतिनिधि | रु. 3,89,919 |
| प्रोडक्ट सहायता | रु. 3,92,410 |
| आईटी सहायता | रु. 3,47,158 |
| तकनीकी सहायता | रु. 3,24,144 |
| कॉल सेंटर प्रतिनिधि | रु. 2,89,005 |
| ग्राहक सेवा प्रतिनिधि | रु. 2,65,759 |
| बीपीओ एग्जीक्यूटिव | रु. 2,43,777 |
| डेस्कटॉप सपोर्ट टेक्नीशियन | रु. 2,57,054 |

यह स्पष्ट है कि महामारी के दौरान रिमोट वर्क तथा रिमोट कस्टमर सहायता बढ़ने के कारण नौकरी ढूंढ़ने वालों को अपने घरों से काम करने के ज्यादा अवसर मिले। इनडीड इंडिया के सेल्स हेड, शशि कुमार ने कहा, पिछले पांच वर्षों में भारत के कॉल सेंटर और कस्टमर सहायता नौकरी की संख्या में होने वाली बढ़ोत्तरी यह बताती है कि व्यवसाय अब समझ चुके हैं कि ग्राहकों के अनुभव में सुधार का महत्व बढ़ रहा है।

यह देख कर भी अच्छा लगता है कि दिल्ली के पास कॉल सेंटर्स और कस्टमर सपोर्ट नौकरी के काफी अवसर हैं, जिसके कारण कुशल काम करने वाले तथा अंग्रेजी में माहिर लोग बड़े पैमाने पर शहरों की ओर पलायन कर रहें हैं। Indeed.co.in पर जाकर अब कोई भी व्यक्ति अपने सपनों की नौकरी ढूंढ सकता है। इंडीड इंडिया पर नौकरी कैसे खोजें= https://in.indeed.com/ इंडीड को इस्तेमाल करना बहुत आसान है। Indeed.co.in पर जाएं, या Indeed job ऐप डाउनलोड करें।

# कृषि-बीज शोध एवं विकास को प्रोत्साहन खाद्य सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक** शक्तिशाली राष्ट्र के लिए कृषि क्षेत्र में एक मजबूत बीज प्रणाली का होना बहुत जरूरी है। भारत में लगभग 1.4 बिलियन की बढ़ती आबादी को भोजन देने के लिए खाद्य एवं पोषण की सुरक्षा पर ध्यान दिए जाने की जरूरत लगातार बनी हुई है। हमारी फसलों और जैविक संसाधनों पर अनेक जैविक और अजैविक दबाव जलवायु परिवर्तन जैसे अनेक कारणों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। दक्षिण एशिया में खाद्य सुरक्षा की स्थिति पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए जोखिम उत्पन्न कर रही है। हाल ही में श्रीलंका, बांग्लादेश में खड़ा हुआ नया संकट, और पाकिस्तान में चल रहा संकट इस क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए शोध एवं विकास में निवेश बढ़ाने की जरूरत के ठोस उदाहरण हैं।

विभिन्न संगठन राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संभावित खतरों पर ध्यान आकर्षित करते आए हैं और सहयोगपूर्ण प्रणालियों द्वारा इन्हें हल करना चाहते हैं। फि र भी, इससे खाद्य और कृषि में राष्ट्रीय और वैज्ञानिक संप्रभुता की धारणा, खासकर बीजों और रोपण की सामग्री पर सवाल खड़ा होता है, जो वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत के सिद्धांत का केंद्रीय ढांचा है। इसके अलावा, मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करने और आत्म-निर्भर बनने पर प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के केंद्रण के साथ भारत में हितधारक ऐसे समाधानों के विकास की मांग कर रहे हैं, जो इन जोखिमों को कम कर देश में बीज निर्माण के अवसर बढ़ाएं, और भारत की कृषि मूल्य श्रृंखला मजबूत बन सके। पॉलिसी एडवोकेसी रिसर्च सेंटर (पीएआरसी) द्वारा इस संदर्भ में अनेक संलग्नताओं के बाद यह निष्कर्ष निकला कि उच्च गुणवत्ता के बीजों का निर्माण करने पर केंद्रित शोध और विकास के साथ काम को आगे बढ़ाए जाने की जरूरत है। सरकारी शोध संस्थानों द्वारा कुछ फसलों के सुधार के लिए अनुसंधान किया गया है, लेकिन बीज की शोध में निजी क्षेत्र का महत्व पिछले दो दशकों में कई गुना बढ़ चुका है। इसलिए इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत पहले से काफी ज्यादा हो चुकी है। विश्व में निजी क्षेत्र की बीज कंपनियों द्वारा शोध एवं विकास (आरएंडडी) पर होने वाला औसत खर्च उनके राजस्व का 10 से 12 प्रतिशत होता है, जबकि भारत में यह लगभग 3 प्रतिशत है।

विक्रम शंकर नारायनन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, पीएआरसी के अनुसार, 'हमारे अध्ययन में सामने आया है कि हम जब तक शोध एवं विकास को मजबूत वित्तीय प्रोत्साहन नहीं देंगे, तब तक भारत की निजी बीज कंपनियां पिछड़ती जाएंगी, जिनमें से कुछ विश्व में मजबूत स्थिति में संचालन करती हैं। यदि इन्हें बीज की बेहतर किस्मों का विकास करने के लिए शोध में किए गए निवेश पर प्रोत्साहन मिलेगा, तो वो इसमें और ज्यादा संसाधन लगाएंगी। पीएआरसी अध्ययन की मुख्य अर्थशास्त्री, बनिशा बेगम शेख ने कहा कि आरएंडडी के लिए वित्तीय प्रोत्साहन से निजी क्षेत्र की बीज कंपनियों को अपनी प्रयोगशालाओं का आधुनिककीकरण कर उन्हें अपने विकसित आर्थिक समकक्षों के समान बनाने में मदद मिलेगी।'

# CFA इंस्टीट्यूट नोएडा में नए केंद्र के साथ छात्रों के नजदीक पहुंचा

### देश के अलग-अलग हिस्सों में छात्रों के नजदीक पहुंचने के लिए CFA इंस्टीट्यूट नवंबर, 2023 के CFA परीक्षा के लिए कोयम्बटूर, नागपुर, नोएडा, रायपुर, रांची, सूरत, और विशाखा पट्नम में नए परीक्षा केंद्र खोलेगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**फाईनेंस** के क्षेत्र में उत्कृष्टता और विचार नेतृत्व के लिए पेशेवर संस्थान, CFA इंस्टीट्यूट ने नवंबर 2023 के CFA परीक्षा के लिए पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। CFA प्रोग्राम की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट ने छात्रों की सुविधा बढ़ाने के लिए कोयम्बटूर, नागपुर, नोएडा, रायपुर, रांची, सूरत और विशाखापट्नम में सात नए परीक्षा केंद्र शुरू किए हैं। इसके अलावा, फरवरी 2023 की परीक्षा के बाद चार नए परीक्षा केंद्र पहले ही शुरु हो चुके हैं । इसके बाद इंस्टीट्यूट के परीक्षा केंद्र भारत के 23 शहरों और विश्व के 400 शहरों में उपलब्ध होंगे।

जनवरी, 2023 में CFA इंस्टीट्यूट द्वारा जारी CFA प्रोग्राम स्टडी के अनुसार, 78 प्रतिशत नए CFA छात्रों ने बताया कि CFA प्रोग्राम का उनके करियर पर गहरा प्रभाव पड़ा। इस अध्ययन में यह भी सामने आया कि CFA प्रोग्राम करने वालों को रोजगार देने में विश्व की मल्टीनेशनल कंपनियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं और भारत में CFA चार्टरहोल्डर बनने के बाद मिलने वाला औसत पैकेज लगभग 28.6 लाख रु. प्रतिवर्ष है। आरती पोरवाल, कंट्री हेड, इंडिया CFA इंस्टीट्यूट ने कहा,CFA फाईनेंस एवं इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट में करियर के लिए पसंदीदा प्रोफेशनल योग्यता है।

CFA इंस्टीट्यूट का उद्देश्य पूरे देश में छात्रों को आगे बढ़ने और अपने जीवन एवं करियर के लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करना है। हमारे परीक्षा केंद्र नेटवर्क का विस्तार इसी दिशा में एक कदम है। इससे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए सफर करने में लगने वाला खर्च कम होगा और यह प्रोग्राम इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट पेशेवर बनने के इच्छुक लोगों के नजदीक पहुंच सकेगा। इसके अलावा छात्रवृत्ति एवं अन्य टूल्स की मांग भी बढ़ी है, जो छात्रों को परीक्षा शुल्क देते हुए फाईनेंशल लिक्विडिटी प्राप्त करने में मदद कर सकें। इस बात को ध्यान में रखते हुए CFA इंस्टीट्यूट आसान भुगतान की सुविधा प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत भारतीय विद्यार्थी CFA प्रोग्राम की फीस किफायती एवं सुविधाजनक ईएमआई के रूप में दे सकते हैं। फाईनेंस एवं इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट उद्योग भारत के सबसे गतिशील, प्रोफेशनल और मजबूत उद्योगों में से एक है।

ये एक विविध वित्तीय क्षेत्र है, जिसमें तेजी से परिवर्तन आ रहा है। यह सेक्टर मौजूदा फाईनेंशल सेवा प्रदाताओं और बाजार, खासकर फिनटेक स्पेस में प्रवेश करने वाली नई इकाईयों की वृद्धि के मामले में तेजी से विस्तार कर रहा है। उद्योग में इतनी तेज वृद्धि के साथ, इस क्षेत्र में योग्य एवं उच्च नैतिकता वाले प्रोफेशनल्स की काफी ज्यादा मांग है। CFA इंस्टीट्यूट भारत में समावेशी, सुरक्षित, और नैतिक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट उद्योग का सहयोग करने के लिए उद्योग एवं रैगुलेटर्स के साथ मिलकर काम करता है।

# विश्व पाई दिवस के अवसर पर ''स्माइल फाउंडेशन और शेल'' ने STEM प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इंटरनेशनल** पाई डे के अवसर पर स्माइल फाउंडेशन और शेल ने NXplorers Junior प्रोग्राम लॉन्च किया, इसे भारत के तीन राज्यों में लॉन्च किया गया। NXplorers प्रोग्राम शेल का वैश्विक प्रमुख सोशल इन्वेस्टमेंट STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शैक्षिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य पहले साल के दौरान 25,000 से अधिक बच्चों को कई प्रकार की स्थानीय और वैश्विक चुनौतियों को समझने और उनको सुलझाने के लिए सक्षम बनाना है। इस लक्ष्य (SDGs) के तहत NXplorers प्रोग्राम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ जोड़ा गया है जिससे लोगों को सामाजिक स्तर पर लाभ मिले। इस पहल से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों के ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले सरकारी स्कूल और निजी स्कूलों के छात्रों को लाभ मिलेगा। इस प्रोग्राम के तहत विशेष रूप से बालिकाओं के लिए STEM एजुकेशन के महत्व पर उन बच्चों के माता-पिता के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास भी किया जाएगा।

शेल की हेड ऑफ कॉरपोरेट रिलेशंस-इंडिया, सुश्री लतिका तनेजा ने बताया कि, शेल का दृढ़ विश्वास है कि युवा वर्ग इस समय वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरक शक्ति बन सकते हैं। 2018 में लॉन्च किए गए, शेल के वैश्विक प्रमुख STEM प्रोग्राम NXplorers को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ जोड़ा गया है, जिसका उद्देश्य भारत को एक तार्किक और ज्ञान के समाज में बदलना है। स्माइल फाउंडेशन की साझेदारी के साथ, हमारा उद्देश्य इस कार्यक्रम को आंध्र प्रदेश, केरल और तेलंगाना के कोने-कोने तक पहुंचाना है।

# मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने भारत में ट्रूकॉलर के सबसे बड़े कार्यालय का उद्घाटन किया

### ट्रूकॉलर इंडिया की यात्रा में बड़ी उपलब्धि, कंपनी डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध




पायनियर समाचार सेवा। बैंगलुरू

**ग्लोबल** कम्युनिकेशन एवं कॉलर आईडी प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने आज स्वीडन के बाहर अपने पहले विशेष ऑफिस की ओपनिंग की घोषणा की। कंपनी का यह नया कार्यालय भारत के दक्षिणी शहर बैंगलुरू में खोला गया है। इस कार्यालय का उद्घाटन भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने वर्चुअल रूप से किया।

बैंगलुरू में नया कार्यालय खोला जाना भारत में ट्रूकॉलर की यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। ट्रूकॉलर ने एक दशक पहले भारत में अपनी शुरूआत की और आज इसके 338 मिलियन मासिक एक्टिव यूजर हैं, जिसमें से तकरीबन 246 मिलियन यूजर भारत से हैं। भारत की बात करें तो यहां विकास एवं इनोवेशन की अपार संभावनाओं को देखते हुए ट्रूकॉलर प्लेटफॉर्म पर नए प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज को लॉन्च करने के ढेरों विकल्प हैं, जहां उपभोक्ताओं से प्रतिक्रिया लेकर सेवाओं को लगातार बेहतर बनाया जा सकता है।

सभी आधुनिक सुविधाओं और टेक्नोलॉजी से युक्त बैंगलुरू में स्थित कंपनी का नया कार्यालय 30,443 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैला है, जहां 250 कर्मचारी तक काम कर सकते हैं। ट्रूकॉलर का यह कार्यालय इंडिया फर्स्ट फीचर्स के साथ प्राथमिक केन्द्र की तरह काम करेगा और दुनिया भर के उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उल्लेखनीय है कि यह स्टॉकहोम, स्वीडन के बाहर ट्रूकॉलर का सबसे बड़ा ऑफिस है।

कार्यालय का उद्घाटन करते हुए भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा, ''मैं ट्रूकॉलर की लीडरशिप टीम को बधाई देना चाहता हूं, भारत में नए कार्यालय को खोलने का फैसला इस बात की पुष्टि करता है कि भारत सही मायनों में दुनिया का भरोसेमंद टेक्नोलॉजी पार्टनर बन चुका है। आज 2023 में हम दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं, और यह हमारे प्रधानमंत्री के द्वारा पिछले सालों के दौरान की गई कड़ी मेहनत का ही परिणाम है, जो भारत को टेक्नोलॉजी की दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए तत्पर हैं।

भारत में ट्रूकॉलर के पहले कार्यालय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एलन मामेदी, सीईओ एवं सह-संस्थापक, ट्रूकॉलर ने कहा, ''मुझे गर्व है कि हम भारत में अपना विस्तार करते हुए इस नए कार्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं। हमारा यह कदम भारत में निवेश को जारी रखने के हमारे प्रयासों की पुष्टि करता है। हम सुरक्षा एवं गोपनीयता के सिद्धान्तों को बरकरार रखते हुए भारत के डिजिटल समाज एवं अर्थव्यवस्था को निरंतर सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करना चाहते हैं।


संदिग्ध मृत क्षयरोगी महिला के शव के निकट बैठी मां और बहन।

# परिजनों की लापरवाही : इलाज में देरी से जच्चा की मौत

**कविता।** फरीदाबाद

**24 मार्च** को विश्व क्षयरोग दिवस से दस दिन पहले से ही जागरूकता के कार्यक्रम किए जा रहे हैं, लेकिन लोग आज भी गंभीर नहीं है। ऐसा ही एक मामला बीके अस्पताल में सामने आया। जहां साढ़े छह माह की गर्भवती की हालत देखकर इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी अचानक नार्मल डिलीवरी हो गई। बच्चे की कमजोर हालत को देख नर्सरी में भर्ती करवाया गया। वहीं महिला की क्षयरोग की जांच शुरू कराई गई। एक्स-रे रिपोर्ट में क्षयरोग सम्भावित होने पर महिला के बलगम की जांच का सैम्पल दिया गया। बुधवार को सैम्पल देने के बृहस्पतिवार को सांस की दिक्कत होने पर महिला ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों का कहना है कि परिजन पहले ही ध्यान देते तो महिला की जान बच जाती। परिजनों द्वारा समय पर इलाज न करवाने पर महिला की मौत हुई है। क्षयरोग का सैम्पल तक परिजन विभाग तक नहीं पहुंचाया।

**तीसरा बच्चा :** गायनोलॉजिस्ट डॉ. प्रोनिता अहलावत ने बताया कि राजीव कालोनी निवासी अमीनाबानो को गंभीर हालत में अस्पताल में लाया गया था। महिला को काफी कमजोर देख उसका अल्ट्रासाउंड और अन्य जांचों के लिए लिखा गया। लेकिन उसी दौरान साढ़े छह माह की गर्भवती अमीनाबानो की नार्मल डिलीवरी हो गई। बच्चें को नर्सरी में भर्ती करवा दिया। लेकिन महिला की गंभीर हालत को देख फिजिशियन को दिखाया तो उन्होंने एक्स-रे करवाया, जिसमें अमीनाबानो में क्षयरोग लक्षण पाया गया। जिस पर बलगम की जांच करवाई गई। लेकिन रिपोर्ट आने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

**लापरवाह परिजन :** गायनोलॉजिस्ट डॉ. अर्पणा ने बताया कि अमीनाबानो के परिजन कभी उसके साथ नहीं होते थे। अमीनाबानो में खून भी काफी कम था। उसमें क्षयरोग के लक्षण थे। यदि उसका इलाज समय पर शुरू हो जाती तो उसकी जान बच सकती थी।

**बच्चे की हालत :** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संध्या ने बताया कि बच्चा साढ़े छह माह का है, जिसका वजन मात्र 920 ग्राम है। जबकि स्वस्थ्य बच्चे का वजन ढ़ाई से तीन किलो होता है। फिलहाल बच्चे का उपचार चल रहा है। बच्चे की सीआरपी जांच पॉजिटिव आई है। उसके खून में इंफेक्शन है। इसलिए बच्चे को ट्यूब के माध्यम से दूध पिलाया जा रहा है।

**नहीं दिया सैम्पल :** क्षयरोग विभाग तैनात कार्डिनेटर सुभाष गहलौत ने बताया कि महिला के परिजन सैम्पल देने आए थे। लेकिन नाम लिखवाने के बाद सैम्पल ही नहीं दिया। पति असलम ने स्टाफ को बताया था कि प्रसुति वार्ड से दिया सैम्पल कहीं गिर गया है। वह दूसरा सैम्पल लेकर नहीं आया।

# जब भी चुनाव होंगे हरियाणा प्रदेश में परिवर्तन तो जरूर आएगा : चौटाला

## 19वें दिन पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने जिले में शुरू की परिवर्तन यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


यात्रा से पहले सम्बोधित करते इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला।

**जब** भी चुनाव होंगे इस प्रदेश में परिवर्तन जरूर आएगा। लोग परेशान हैं। समस्याएं सुनने को मिल रही हैं, लेकिन समाधान नहीं है। लोगों को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है। जिसे देखते हुए परेशान लोगों ने इनेलो से जुड़ने का निर्णय लिया है। लुटेरों से सवाल जरूर पूछे कि कर्जा किस बात का है। यह बात इनेलो पार्टी के सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने सेक्टर-तीन स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस में हो रही सभा में कहीं।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने मौजूदा भाजपा-जजपा गठबंधन शासन पर जनता के हितों की अनदेखी व तानाशाही तरीके से काम करने के आरोप लगाए। प्रदेशवासियों से सरकार के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मों के लोग आपसी प्रेम-सद्भाव से रहते हैं पर देश का यह दुर्भाग्य रहा है कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश को लूटने के लिए आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सोच चौधरी देवीलाल के दिखाए रास्ते पर चलने की है। चौधरी देवीलाल ने लोगों के लिए संघर्ष किया, ताकि उनकी मूलभूत जरूरतों रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधा का बंदोबस्त सरकार करें। सभा में राजा राहर सिंह सोसायटी के महासचिव राजकुमार तेवतिया, इनैलो के प्रदेश अध्यक्ष नफेसिंह राठी, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, जिला प्रधान महासचिव बच्चू सिंह तेवतिया, महिला सैल की अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, जीतसिंह गिल, सतबीर चाहर, गजेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

जानकारी के मुताबिक इनेलो सुप्रीमो चौटाला ने इनेलो की परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार को 19 वें दिन सेक्टर-3 राजा नाहर सिंह पैलेस से शुरू करवाया। यह यात्रा सेक्टर-तीन से सीही, सेक्टर 8, हनुमान मंदिर, मिलन स्वीट्स, सेक्टर-9,10,12,15,16,17 मैट्रो होस्पिटल, ओल्ड फरीदाबाद सब्जी मंडी, शास्त्री कॉलोनी, सेक्टर- 29, 30 बड़खल चौक से होते हुए बड़खल पहुंची। इससे पहले उन्होंने सभा कि जहां इनेलो सुप्रीमो चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पर चुटकी लेते हुए कहा कि जब वह मुख्यमंत्री की कोठी के सामने से गुजरते हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री निवास सूना दिखाई देता है। चौटाला ने कहा कि इनेलो की सरकार बनेगी तो लोगों को सरकार के द्वार पर नहीं आना पड़ेगा बल्कि सरकार लोगों के घर द्वार पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर सबसे पहले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन यात्रा के जरिए लोगों का झुकाव इनेलो की तरफ बढ़ता जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम निकलेंगे। आने वाले दिनों में इनेलो की सरकार बनेगी और प्रदेश में भरपूर विकास कार्य करवाए जाएंगे। सभा के आयोजक सुनील तेवतिया ने अपने संबोधन में इनैलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वह पार्टी को मजबूत करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडंगे। उन्होंने दावा किया कि जिला फरीदाबाद में पदयात्रा सफल रहेगी और पूर्व की भांति यहां भी काफी संख्या में लोग इनैलो से जुड़ेंगे। उन्होंने सभा में पहुंचे सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया। जनसभा में पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि जिस दिन लोगों के सहयोग समर्थन से इनेलो की सरकार बनेगी, तो लोगों को सरकार के द्वार पर नहीं आना पड़ेगा। बल्कि सरकार लोगों के घर द्वार पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर योग्य लोगों को रोजगार दिया जाएगा, चाहे उसके लिए उन्हें फांसी पर क्यों न चढ़ना पड़े। जिन लोगों की वृद्धावस्था पेंशन काटी गई है, उन्हें ब्याज सहित पेंशन दी जाएगी।

# व्यापारी से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले तीन गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में बैठे आरोपी विशाल, हिमांशु और नवीन।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले तीन आरोपियों को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल, हिमांशु तथा नवीन का नाम शामिल है। आरोपी विशाल झज्जर और हिमांशु व नवीन रोहतक के रहने वाले हैं। तीनों दिल्ली की कैपिटल ग्रीन सोसायटी में किराए के मकान पर रहते हैं और फाइनेंस का काम करते हैं। 15 मार्च को मुजेसर थाने में रंगदारी व षड्यंत्र की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पीड़ित राहुल ने बताया कि आरोपी हिमांशु तथा नवीन गोछी के जीवन नगर में उससे मिलने आए तथा उससे 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और 20 हजार रुपये प्रतिमाह देने के लिए कहा। अन्यथा उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को मात्र 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों का व्यापारी के साथ काफी साल पहले पैसों का लेनदेन चलता था। परंतु वर्ष 2020 में उनका लेन-देन खत्म हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के हैं, जो फोन पर कोई धमकी नहीं देते बल्कि आमने-सामने मिलकर सामने वाली पार्टी पर दबाव बनाते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## ननि चुनाव को लेकर जजपा के पदाधिकारियों की हुई बैठक



**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी ने फरीदाबाद नगर निगम चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। चुनावों को लेकर चुनाव कमेटी प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इस कमेटी में प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, मंत्री अनूप धानक, पूर्व मंत्री चौ. हर्ष कुमार, वर्तमान जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, राष्ट्रीय सचिव कार्ष्णि जाखड़, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल डागर, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद भारद्वाज, पृथला हल्का अध्यक्ष जग्गी मेंबर, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम, अमन अहमद, जावेद खान, पलवल जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरोत, भूपेंद्र मलिक, देवेन्द्र कादियान, रामकुमार कटवाल पूर्व विधायक, ललित बंसल, एसएस राठी, सुरेश मित्तल, सुखराम डागर, प्रवीन ऐलावादी चैयरमैन हांसी शामिल है। विभिन्न वार्डों से पार्टी ने मेहनती व कर्मठ उम्मीदवारों को तलाशना भी तेज कर दिया है। इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया द्वारा आज बाटा चौक स्थित मंगलम गार्डन में जजपा की जिलास्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में जजपा के प्रदेशाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी सरदार निशान, पूर्वमंत्री चौ. हर्ष कुमार, जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया, राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल डागर, पलवल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सौरोत, भूपेंद्र मलिक, सुरेश मित्तल, सुखराम डागर आदि मौजूद थे। खादी ग्राम उद्योग के चेयरमैन राजेंद्र लितानी ने कहा कि, पार्टी के 1-1 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को आगामी चुनावों के लिए अपनी कमर कस पार्टी की नीतियों का तेजी से प्रचार-प्रसार करना शुरू कर देना चाहिए।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अमित फरीदाबाद का रहने वाला है। दो मार्च को एनआईटी थाने में दुष्कर्म, मारपीट व धमकी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने एक महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और मारपीट की। महिला ने पुलिस को बताया था कि उसका पांच वर्ष का बेटा है और वह काफी सालों से पति से अलग रहती है। आरोपी के साथ उसकी दोस्ती दो साल पहले फेसबुक पर हुई थी। आरोपी ने उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। जुलाई 2022 में आरोपी ने उसे खाने पीने के बहाने से होटल में बुला लिया और नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से कहा कि वह उससे शादी करेगा। आरोपी ने 28 फरवरी को फिर से दुष्कर्म किया और उसके साथ मारपीट की। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## किसानों को दिया जाएगा 72 हजार क्विंटल ढैंचा बीज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों को खरीफ सीजन में 72 हजार क्विंटल ढैंचा बीज दिया जायेगा। बीज लेने के इच्छुक किसान 04 अप्रैल तक https://agri-haryana.gov.in/Dhaincha पर जाकर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने आगे बताया कि किसान यह बीज हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केन्द्रों से ले सकते हैं। एक एकड़ के लिए किसान को 12 किलोग्राम बीज मिलेगा। एक किसान 10 एकड़ का बीज अनुदान पर ले सकता है। हरियाणा बीज विकास निगम से बीज खरीदने से पहले किसान के पास मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण रसीद सहित आधार कार्ड, वोटर कार्ड या किसान क्रेडिट कार्ड होना अनिवार्य है।

## कल होगी ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी बैठक

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 18 मार्च, शनिवार को सुबह 10 बजे से जिला कार्यालय अटल कमल फरीदाबाद में होगी। जिसका उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ करेंगें। यह जानकारी देते हुए ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवम् पूर्व मंत्री करण देव कांबोज ने बताया कि 9 बजे प्रदेश भर से पधार रहे कार्यकारिणी सदस्यों का पंजीकरण शुरू होगा और 10 बजे प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा दीप प्रज्वलन से बैठक का प्रारंभ होगा। कांबोज ने बताया कि बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश आईटी एवम् सोशल मीडिया सदस्य,सभी जिलों के अध्यक्ष एवम् महामंत्री बैठक में अपेक्षित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है और पार्टी के संविधान अनुसार राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के बाद सभी प्रदेशों की कार्यसमिति की बैठकें आयोजित होती हैं। उसी क्रम में फरीदाबाद में यह बैठक आयोजित की जा रही है। कांबोज ने बताया कि बैठक का समापन सांय 4 बजे होगा। दिन भर में अलग अलग सत्रों में भाजपा प्रदेश प्रभारी त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवम् सांसद विप्लव देव, संसदीय बोर्ड की सदस्या सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री रविंद्र राजू, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम् संसद नायब सैनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवम् हरियाणा प्रभारी गजेंद्र यादव बैठक को संबोधित करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 मनाया



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के वाईआरसी, आरआरसी और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में मास्टरिंग द माइंडफुल मील पर एक विशेषज्ञ वार्ता आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 मनाया गया। डॉ. प्रेरणा सिंह (पोषण विशेषज्ञ, एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) मुख्य वक्ता रहीं। डॉ. जयपाल सिंह (विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग और कार्यक्रम के संयोजक) ने वक्ता का स्वागत किया और उन्होंने छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के महत्व के बारे में भी बताया। डॉ. प्रेरणा सिंह ने बताया कि छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए स्वस्थ और अनुकूल खाने के तरीके अपनाने चाहिए। विकास और स्वास्थ्य के लिए उचित पोषण की आवश्यकता होती है, इसलिए हमें पर्याप्त प्रोटीन और विटामिन खाना चाहिए। सत्र के दौरान, उन्होंने स्वस्थ जीवन जीने में व्यायाम के महत्व पर भी चर्चा की। व्याख्यान के बाद छात्रों ने प्रश्न पूछकर मुख्य वक्ता के सामने अपनी जिज्ञासा रखी और उपस्थित लोगों ने बड़ी प्रसन्नता से उनका उत्तर दिया। उसके बाद, श्रीमती पूजा (सदस्य सेंट जॉन ऐम्ब्युलन्स ब्रिगेड और काउंसलर वाई.आर.सी) ने डॉ. प्रेरणा को पौष्टिक भोजन के बारे में इस तरह के जानकारी और रोचक व्याख्यान देने के लिए धन्यवाद किया। इस व्याख्यान से कुल 110 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में पूजा, प्रिया अरोड़ा, सुभाष एवं नेहा गोयल सहित वाईआरसी, आरआरसी और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## वाहन चोर के कब्जे से बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रिंस उर्फ कालू है जो फरीदाबाद के एसजीएम नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई, जो उसने दो सप्ताह पहले कोतवाली एरिया से चोरी की थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मकैनिक का काम करता है और बुरी संगत में पड़कर शराब व गांजे का नशा करने लगा और नशे की आपूर्ति करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगा। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चोरी के पांच तथा अवैध हथियार के दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# बिजली कर्मियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**फरीदाबाद।** एचवीपीएन पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एचपीटीआई) के निदेशक इंजीनियर वीएस मान ने कहा कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति विकास के दौर में सबसे ज्यादा जरूरत की सुविधा है। प्रत्येक घर और उद्योग को हमेशा निर्बाध बिजली आपूर्ति चाहिए। ऐसे में बिजली निगम के कर्मचारियों की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है।

ऐसे में हमें बिजली आपूर्ति बेहतर करने के साथ-साथ खुद की व प्राईवेट व्यक्तियों की सुरक्षा भी बहुत ज्यादा जरूरी होती है। वह बुधवार को सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में बिजली निगम के सभी एएलएम, लाइनमैन, एसए, जेई व एएफएम सहित सभी कर्मचारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संबोधित कर रहे थे।

इंजीनियर वीएस मान ने कहा कि सभी लाइनों की समय पर मरम्मत करें ताकि गर्मियों के दौरान आम जनता को कोई दिक्कत न आए। लोगों को पूरी बिजली आपूर्ति मिले। उन्होंने कहा कि सभी कार्य सावधानी से करें।

# थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की जांच कर बांटी नि:शुल्क दी दवाईयां

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


बच्चों को दवा देते हुए इनरव्हील और संस्था के प्रधान तथा महासचिव।

**खान** दौलत राम धर्मशाला में एक विशाल स्वास्थ निरिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिसमें इनरव्हील क्लब फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन व इनरव्हील क्लब दिल्ली साउथ का विशेष सहयोग रहा। थैलेसिमिया संस्था के महासचिव रविन्द्र डुडेजा ने बताया कि इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 301 की चेयरमैन माला ऋषि व इंटरनेशनल इनरव्हील क्लब्स की सदस्य अनीता जैन की हमेशा ही प्रेरणा रहती है।

संस्था के प्रधान हरीश रतरा ने बताया की एक विशेष अभियान भी संस्था चलाऐंगी। जिसमें शहर के कालेजों जाकर छात्रों का थैलासीमिया कैरियर के टेस्ट नि:शुल्क किये जायेंगे, ताकि उनको अपने बारे में जानकारी हो। थैलसीमिया की जानकारी से ही थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों का पैदा होना रोका जा सकता है। संस्था के महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बताया की संस्था द्वारा अग्रवाल कॉलेज में 21 मार्च को निशुल्क थैलासीमिया चेकअप कैंप लगाया जायेगा, साथ ही जोधपुर में रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर गरिमा के साथ मिल कर एक अभियान चलायेगी। ताकि अधिक से अधिक लोगो को थैलासीमिया के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रधान संदीप घटवाल, महासचिव सुभाष शर्मा व् कोषाध्यक्ष नरेश नरूला ने उपस्थित होकर आश्वस्त किया की वो संस्था के साथ मिल कर थैलासीमिया मुक्त भारत मिशन में संस्था का साथ देंगे। इस शिविर में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा, जे. के. भाटिया, नीरज कुकरेजा, केयर फॉर थैलासीमिया की प्रधान अंजलि अरोरा, महासचिव सिम्मी कुमार, कोषाध्यक्ष कृतिका डुडेजा, संजय अरोरा, विनोद मिगलानी, समाज सेविका नीलिमा भसीन आदि की उपस्थिति रही।

## नशीली दवाओं की तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम तसव्वर खान है। आरोपी फरीदाबाद के बडकल गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना एसजीएम नगर के एरिया से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से नशे के 80 कैप्सूल व 14 सिरप शीशी बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मेडिकल स्टोर चलाता है।

# पोर्टल पर आई शिकायतों का जल्द करें निपटारा : एसडीएम

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम पंकज सेतिया।

**डीसी** विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करें।

डीसी विक्रम ने कहा कि सभी विभागों के उनके विभाग से सम्बंधित अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम सहित अन्य प्राप्त हुई शिकायतों का गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल और एसएमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा। उन्होंने सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी के बारे नियमित रूप से डेली बेसिस पर निपटाया जाए। समय पर ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान न करने वाले विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिसमें उन्होंने सीएम विंडो पर लम्बे समय से पड़ी शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में दिशानिर्देश भी विभाग वार सम्बंधित अधिकारी को दिए। एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों को ऑनलाइन लंबित सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी आवेदन पर आई शिकायतों का विवरण देने के लिए कहा। नगर निगम, स्मार्ट सिटी, राजस्व, टाऊन प्लानिंग, जिला विकास एवं पंचायत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण, जिला समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, डीएफएसो, यूएलबी डिपार्टमेंट सहित एक एक करके विभागवार सभी विभागों की ऑनलाइन आई शिकायतों की समीक्षा की।


## वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गौरव और अमन कुमार का नाम शामिल हैं। आरोपी गौरव मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के छाता का तथा वर्तमान में पलवल का व आरोपी अमन उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले का तथा वर्तमान में बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है जिसमें आरोपी गौरव को चोरी की इको गाड़ी सहित थाना सेक्टर 7 के एरिया से काबू किया है। आरोपी ने इको गाड़ी को मथुरा जिले के गोवर्धन चौक से 22 फरवरी 2023 को चोरी किया था।

# देर रात तक जागना स्वास्थ्य पर डालता है बुरा असर : डॉ. मनचंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


डॉ. मानव मनचंदा।

**नींद** हमारे दैनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, फिर भी यह अक्सर उन पहली चीजों में से एक है जिसे हम अधिक काम करने के लिए त्याग देते हैं या अपने पसंदीदा टीवी शो देखते हुए देर तक जागते रहते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि पर्याप्त नींद लेना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और पर्याप्त नींद न लेने के स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम डालता है। ये बातें एशियन अस्पताल के श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ मानव मनचंदा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि बताया कि एक व्यक्ति को जितनी नींद की जरूरत होती है, वह उम्र, जीवनशैली और अन्य कारकों के आधार पर अलग-अलग होती है, लेकिन आम तौर पर वयस्कों को प्रति रात लगभग 7-9 घंटे की नींद की जरूरत होती है, जबकि बच्चों को उनकी उम्र के आधार पर अधिक नींद की जरूरत होती है। शिशुओं को सबसे ज्यादा नींद की जरूरत होती है और उम्र के साथ सोने के घंटों की संख्या कम होती जाती है। डॉ मानव मनचंदा ने कहा कि वहीं नींद में खर्राटे आने को लोग एक आम समस्या मानते हैं लेकिन यह नींद से जुड़ी एक बीमारी है। जिसे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया कहा जाता है, जोकि जानलेवा भी हो सकती है। यह नींद से जुड़ा एक गंभीर विकार है। जिसमें खून में ऑक्सीजन की कमी से सांस लेने में परेशानी होती है। इसमें अचानक से सांस रुक जाती है और फिर एकाएक आने लगती है। इससे मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों में ऑक्सीजन का प्रवाह प्रभावित होता है, जिससे अच्छी नींद लेने में समस्या आती है। खर्राटे लेना, घरघराहट और उठने पर मुंह का सूखा होना इसके सामान्य लक्षण हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 मार्च, 2023



# तोमर का बयान

## नई आर्थिक सोच

**कृषि** एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि कृषि एवं उद्योग एक दूसरे के पूरक हैं। उनके इस बयान से स्पष्ट है कि देश में आर्थिक मामलों पर सोच लंबी यात्रा तय कर इस स्तर पर पहुंची है। एक समय था जब अर्थव्यवस्था के इन दो बड़े क्षेत्रों को एक दूसरे के विपरीत रखा जाता था, जैसे कि उनके बीच एक दूसरे के खिलाफ 'गलाकाट प्रतियोगिता' चल रही हो। यह फर्जी विरोधाभास एक 'निरर्थक' सोच का नतीजा था जो समाजवाद तथा उससे जुड़ी विचारधाराओं से मिली थी। इसके अनुसार अमीर लोग गरीबों की कीमत पर फलते-फूलते हैं तथा उद्योगपति कामगारों का शोषण कर अमीर बनते हैं। यह सोच बुद्धिजीवियों द्वारा पैदा किए गए विभिन्न प्रकार के ध्रुवीकरणों पर आधारित थी जिसमें अमीर-गरीब संघर्ष, पूंजीपति-सर्वहारा विरोधाभास, शहरी-ग्रामीण विभाजन तथा 'डिजिटल विभाजन', आदि शामिल थे। समाजवाद व साम्यवाद आदि के पक्षधर लोग ऐसी दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते थे जिसमें लोग एक दूसरे के साथ सहयोग कर संपदा का सृजन करते हैं और इसका बाद में साझा करते हैं, भले ही यह असमान रूप से हो। सभी जानते हैं कि संपदा का सृजन होता है और इस सृजन प्रक्रिया से समाज के सभी वर्गों को लाभ होता है। हालांकि, मार्क्स, लेनिन व माओ के अनयाई इस विचार से सहमत नहीं हैं। समाज में सभी एक साथ बढ़ते व समृद्ध होते हैं और यह दूसरे की कीमत पर नहीं होता है। नरेंद्र सिंह तोमर के कहने का



भी यही अर्थ है कि उद्योग बिना किसानों के और किसान बिना उद्योगों के काम नहीं कर सकते हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ-सीआईआई की 'पार्टनरशिप समिट-2023' के 28वें आयोजन के विशेष सत्र में बोलते हुए उन्होंने उद्योग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के बीच संवाद कार्यक्रम की आवश्यकता बताई।


हमारे देश में मंत्रियों द्वारा अपने प्रधानमंत्रियों व मुख्यमंत्रियों की प्रशंसा सामान्य रही है। लेकिन देश के संतुलित विकास के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण पर तोमर की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। तोमर ने कहा, मोदी लगातार विभागों के विभाजनों के ऊपर उठ कर देखने का प्रयास करते हैं क्योंकि सरकार के सभी कार्यक्रम भारत और इस देश की जनता के लिए हैं। उन्होंने 'पीएम गति शक्ति' का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे ढांचागत परियोजनाओं के क्षेत्र में संकुचित 'विभाजन' तोड़े गए हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि हम सबके लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है जिसे तकनीक, शोध व उद्योग के समर्थन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इससे किसान समृद्ध तथा कृषि अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस कथन की भी प्रशंसा की जानी चाहिए क्योंकि यह उस परंपरागत विवेक के विरोध में है जो कृषि क्षेत्र को किसी भी चीज से दूर रखता है, फिर चाहे वह विज्ञान, तकनीक व सार्थक नीतिगत हस्तक्षेप ही क्यों न हों। कुछ लोगों का मानना है कि विज्ञान और तकनीक हम सबके लिए अच्छी है, लेकिन जेनेटिक रूप से परिवर्तित फसलें विनाश का कारण बन सकती हैं। इसी प्रकार उनकी समझ है कि आर्थिक सुधारों से देश को सहायता मिलेगी और इनको सभी क्षेत्रों में लागू करना चाहिए, लेकिन कृषि में कोई सुधार नहीं होने चाहिए। इस उल्टे व विकृत सार्वजनिक विमर्श ने ही उस आंदोलन को जन्म दिया जिसने 2020 में किसानों को समृद्ध करने वाले तीन नए कृषि कानूनों का विरोध किया। इस परिदृश्य में यह जान कर खुशी होती है कि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ऐसी निरर्थक सोच को खारिज कर रहे हैं। कृषि एवं उद्योग को एक-दूसरे का पूरक बताने का उनका विचार देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने का माध्यम बनेगा।

# चीनी विस्तारवाद का विकल्प

**चीन व अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज हो रहा है। इसके कारण हाई-टेक कंपनियों को चीन पर अपनी निर्भरता घटाने को मजबूर होना पड़ा है।**



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, अरुण जेटली इंस्टीट्यूट में प्रोफेसर हैं)



सबसे पहले अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में हवा दी थी। उन्होंने चीन पर अनेक टैरिफ व अन्य व्यापार नियंत्रण लगाए जिससे चीन को मजबूर होकर अपने अनुचित व्यापार व्यवहार व बौद्धिक संपदा की चोरी रोकनी पड़ी। इसके बाद कोविड वैश्विक महामारी आ गई जिसने वैश्विक सप्लाई श्रृंखला को अस्तव्यस्त कर दिया जिसमें चीन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान था। पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने पहले से चीन में विशान विनिर्माण आधार बनाए थे और वे उसकी ढांचागत संरचना तथा सस्ती श्रमशक्ति का लाभ उठा रहे थे। लेकिन अब वे अपनी फैक्ट्रियों को चीन से बाहर ले जा रहे हैं जिससे एशिया की अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं को लाभ हो रहा है। चीन वैश्विक बहुराष्ट्रीय विनिर्माण कंपनियों, खासकर कंज्यूमर एलेक्ट्रानिक्स कंपनियों का विनिर्माण केन्द्र रहा है। उसने कुल 3.3 ट्रिलियन डालर के वैश्विक निर्यात में 2021 में 1 ट्रिलियन डालर का योगदान किया था। लेकिन अब विदेशी कंपनियां चीन के बाहर देखने लगी हैं। अमेरिका व चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध ने सेमीकंडक्टर प्रयोग पर निर्भर हाईटेक कंपनियों को भी चीन पर अपनी निर्भरता पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया है। 2020 व 2022 के बीच चीन में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या 13,600 से घट कर 12,700 रह गई। सोनी अपने कैमरों का निर्माण चीन से थाइलैंड ले जा रही है। इसी प्रकार एपल के लिए गैजेट्स असेंबल करने वाली ताइवान की फाक्सकान, पेगाट्रान व विस्ट्रान अपनी फैक्ट्रियां भारत लाने पर विचार कर रही हैं।

सैमसंग ने अपने चीनी कार्यबल की संख्या में दो तिहाई से अधिक कटौती की है जो 2013 में शिखर पर थे। बताया जाता है कि डेलिस भी 2024 से चीन निर्मित चिपों का प्रयोग बंद कर देगी। गूगल अपने नवीनतम पिक्सेल स्मार्टफोन का उत्पादन चीन के बजाय वियतनाम को आउटसोर्स कर रहा है। एशियन अर्थव्यवस्थाओं को इन परिवर्तनों से भारी लाभ हो रहा है। उदाहरणार्थ, भारत में निर्मित आईफोन का हिस्सा 2021 में केवल 5 प्रतिशत था जो 2025 में बढ़ कर लगभग 25 प्रतिशत हो जाएगा।

लेकिन इन सारे परिवर्तनों के बावजूद चीनी अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत और विशाल बनी हुई है कि एक या कुछ एशियाई अर्थव्यवस्थायें उसका स्थान नहीं ले सकती हैं। इसी कारण 'द इकोनोमिस्ट' पत्रिका ने 'आल्टेशिया' शब्द ईजाद किया है जिसका अर्थ 14 अर्थव्यवस्थायें हैं। इनमें उत्तरी जापान में होकाइडो से लेकर दक्षिण कोरिया, ताइवान, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया, सिंगापुर, ब्रूनेई, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड, लाओस, वियतनाम व बांग्लादेश तथा गुजरात शामिल हैं जो मिल कर चीनी अर्थिक व विनिर्माण क्षमता का मुकाबला कर इससे आगे निकल सकती हैं। आल्टेशियन अर्थव्यवस्थाओं की अपनी खास क्षमतायें हैं जिनमें जापान का उच्च कौशल व पूंजी की बहुलता के साथ भारत के कम वेतन तक शामिल हैं। यदि वे एकसाथ काम करें तथा स्वयं को बहुत सक्षम व विश्वसनीय विकल्प के रूप में पेश करें तो तुलनात्मक लाभ की स्थितियों के कारण चीन का विकल्प बन सकती हैं। इनमें से कुछ देश संवेदनशील उपकरणों का विनिर्माण कर सकते हैं, जबकि अन्य उनको तैयार गैजेटों में असेंबल कर सकते हैं। इनमें वे भू-राजनीतिक तथा भू-आर्थिक समीकरण बदलने की क्षमता है जिन पर वर्तमान विश्व व्यवस्था में चीन और अमेरिका का वर्चस्व है। चीनी सरकारी मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने इसे 'दूर का विचार' बता कर खारिज कर दिया है जिसका कोई आर्थिक आधार नहीं है। उसके अनुसार, 'चीन के विनिर्माण क्षेत्र को बदलने का विचार राजनीतिक लफ्फाजी है।'

लेकिन इस प्रकार की प्रतिक्रिया कर उसने स्वीकार कर लिया है कि आंकड़े उसको प्रभावित करने वाले हैं और वैकल्पिक एशियाई सप्लाई श्रृंखला संभव है। इस विकल्प को चीन की तुलना में अनेक लाभ प्राप्त है। आल्टेशिया की सामूहिक श्रम शक्ति 1.4 बिलियन है जिसमें से 155 मिलियन कालेज शिक्षित हैं। इससे चीन की 950 मिलियन श्रमशक्ति व 145 मिलियन कालेज शिक्षित पीछे छूट जाते हैं। इसके साथ ही जहां चीन तेजी से बुढ़ा रहा है, वहीं आल्टेशियन जनसंख्या अभी कुछ समय तक बढ़ती रहेगी। चीन की तुलना में उनको वेतन का लाभ भी प्राप्त है। भारत, मलेशिया व फिलीपीन्स, थाईलैंड तथा वियतनाम में प्रति घंटा विनिर्माण वेतन 3 डालर से कम है, जबकि चीन में यह 8.31 डालर है। यह क्षेत्र पहले से ही निर्यात का केन्द्र है। उसके सदस्यों ने सितंबर, 2022 तक अमेरिका को 12 महीने में 634 बिलियन डालर की व्यापारिक चीजें बेची हैं, जबकि चीन का आंकडा 614 बिलियन डालर है। आल्टेशियन अर्थव्यवस्था का माडल पहले से मौजूद है। जापानी कंपनियां दशकों से दक्षिण पूर्व एशिया में सप्लाई श्रृंखलायें बना रही हैं और उसका पड़ोसी दक्षिण कोरिया भी यही कर रहा है। 2020 में दक्षिण कोरियाई फर्मों ने बांग्लादेश समेत एशियान में 96 बिलियन डालर का निवेश किया है जिनमें ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपीन्स, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम व राजनीतिक रूप से अस्थिर म्यांमार शामिल हैं। यह स्थिति एक दशक पहले के उलट है जब आल्टेशिया में चीन का निवेश इससे दूना था।

आल्टेशियन देशों ने समुचित आर्थिक एकजुटता भी प्राप्त की है। भारत अपनी सीमाओं के कारण क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझेदारी-आरसीईपी में शामिल नहीं हो सका, पर बांग्लादेश व ताइवान को छोड़ कर चीन की तरह बाकी सभी आल्टेशियन देश इसके सदस्य हैं। आरसीईपी ने इंटरमीडिएट उत्पादों के लिए एक बाजार बनाई है जिससे अनेक देशों में मौजूद जटिल सप्लाई श्रृंखलाओं में नियामक बाधायें आसान हुई हैं। अधिकांश आल्टेशियन देश इंडो-पैसिफिक इकोनोमिक फ्रेमवर्क के भी सदस्य है जो अमेरिकी पहल पर बना है। इनमें से पांच- ब्रूनेई, जापान, मलेशिया, सिंगापुर व वियतनाम पहले सीपीटीपीपी का भी हिस्सा थे जो टीटीपी का पुनर्अवतार है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में इससे 2017 में अलग हो गया था। आशियान का भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता-आफ्टा तथा जापान के साथ समग्र आर्थिक साझेदारी है। आल्टेशियन देश सेमीकंडक्टरों के व्यापार में भी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं जिसके वैश्विक उत्पादन पर बहुत जोर दिया जा रहा है और वह भू-राजनीतिक संघर्ष का कारण बना है। मूल्य के अनुसार मलेशिया दुनिया में 10 प्रतिशत चिपों का निर्यात कर रहा है जो अमेरिका से अधिक है। आशियान देश इंटीग्रेटेड सरकिटों के वैश्विक निर्यात में एक चौथाई के हिस्सेदार हैं जो चीन के 18 प्रतिशत से काफी अधिक है। क्वालकाम ने वियतनाम में अपना पहला शोध व विकास केन्द्र खोला था। वियतनामी चिप फैक्ट्रियों से इसका राजस्व 2020 से 2022 के बीच बढ़ कर तीन गुना हो गया है।

लेकिन इन सारी चीजों के बावजूद बहुत अधिक बाधायें भी हैं। सभी आल्टेशियाई देश ढांचागत संरचना और विनिर्माण क्षमता में एक समान नहीं हैं और वे रातोंरात चीन का स्थान नहीं ले सकते हैं। कस्टम, परिवहन ढांचे तथा लाजिस्टिक्स नियमन जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शन का आंकलन करने वाले विश्व बैंक के नवीनतम लाजिस्टिक्स-परफामेंस इंडेक्स-2018 के अनुसार व्यापक भिन्नतायें हैं। इसमें बांग्लादेश व कंबोडिया को 5, जापान को 4.03 तथा सिंगापुर को 4 अंक मिले हैं, जबकि 3.61 अंक के साथ चीन 27वें स्थान पर तथा 3.18 अंक के साथ भारत 44वें स्थान पर है। इन विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्थाओं का चीन की तरह एक उद्यम की तरह काम करना कठिन है। आल्टेशिया का भविष्य विशाल बाजार वाले भारत पर निर्भर है, लेकिन भारत को भी अनेक बड़ी बाधाओं का सामना करते हुए बेहतर समन्वय की जरूरत है।

मुक्त व्यापार क्षेत्र से कस्टम यूनियन, कामन मार्केट व आर्थिक व राजकोषीय यूनियन तक लंबा रास्ता है। यूरोप को 1950 से एक मुद्रा वाली एक आर्थिक व मुद्रा इकाई तक पहुंचने में लगभग 50 साल लगे। लेकिन वर्तमान भू-राजनीतिक यथार्थ तथा दुनिया के सामने मौजूद तात्कालिक समस्याओं को देखते हुए आज इतना समय लगना जरूरी नहीं है। यदि देश अपनी क्षमताओं को मजबूत कर कमजोरियों पर लगाम लगाएं तथा कमजोर देशों को शामिल करने की प्रतिबद्धता, उद्देश्य व इच्छाशक्ति प्रदर्शित करें तो आल्टेशिया चीनी विस्तारवाद का विकल्प बन सकता है।

# भारत में ग्लूकोमा का बढ़ता खतरा

> ग्लूकोमा भारत में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है क्योंकि लाखों की संख्या में लोग इससे प्रभावित हैं।

**निखिल के मासूरकर**
(लेखक चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं)



ग्लूकोमा भारत सहित दुनिया भर में अपरिवर्तनीय अंधापन का एक प्रमुख कारण है। यह भारत में लगभग 12 मिलियन लोगों को प्रभावित करता है, जिनमें से लगभग 10 प्रतिशत पहले ही इस बीमारी के कारण अपनी दृष्टि खो चुके हैं। दुर्भाग्य से, स्थिति की पहचान और प्रबंधन की जटिलताओं के कारण देश में ग्लूकोमा के 90त्न से अधिक मामलों का पता नहीं चल पाता है। नतीजतन, भारत में हर साल ग्लूकोमा से कई मरीज अनावश्यक रूप से अंधे हो जाते हैं। 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए जोखिम विशेष रूप से अधिक है, इस आयु वर्ग में 20 में से एक भारतीय या तो वर्तमान में ग्लूकोमा से प्रभावित है या भविष्य में इसके विकसित होने का जोखिम है। ग्लूकोमा एक विनाशकारी स्थिति है, इसकी एक बड़ी चुनौती यह है कि प्रभावित होने वाले अधिकांश व्यक्ति अक्सर इसके बारे में तब तक अनजान होते हैं जब तक कि बहुत देर नहीं हो जाती, जिससे अपरिवर्तनीय दृष्टि हानि होती है। ग्लूकोमा अंधापन का आर्थिक बोझ न केवल प्रभावित व्यक्तियों के लिए बल्कि स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, सरकार और पूरे समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह स्वास्थ्य देखभाल की लागत को बढ़ाता है, जीवन की गुणवत्ता को खराब करता है, और नेत्रहीनों के लिए महंगे पुनर्वास की आवश्यकता होती है, जो सभी देश के आर्थिक विकास को प्रभावित करते हैं। इस मूक दृष्टि चोर के परिणामों को रोकने के लिए प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार महत्वपूर्ण हैं। चूंकि ग्लूकोमा के अधिकांश मामले उत्पादक आयु वर्ग के बीच होते हैं, प्रारंभिक अंधापन को रोकना न केवल व्यक्तियों की दृष्टि को बचाने का मामला है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को संरक्षित करने का भी मामला है।



नियमित आंखों की जांच के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य चाहने वाले व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए ग्लूकोमा के बारे में सार्वजनिक जागरूकता और ज्ञान बढ़ाना महत्वपूर्ण है, जिससे अनिर्धारित मामलों की पहचान की संभावना बढ़ जाती है। यह दृश्य क्षेत्र में गिरावट में देरी करने और उपचार अनुपालन में सुधार करने के लिए चिकित्सकीय रूप से लाभकारी और लागत प्रभावी भी है। इसके विपरीत, जागरूकता की कमी देर से पता लगाने की ओर ले जाती है और ग्लूकोमा से अंधेपन को रोकने में एक प्रबंधन समस्या पैदा करती है। दुर्भाग्य से, ग्लूकोमा के बारे में कम जन जागरूकता और ज्ञान एक महत्वपूर्ण अंतर का प्रतिनिधित्व करते हैं। विकसित देशों में ग्लूकोमा से पीड़ित 50त्न से भी कम लोगों को इसकी जानकारी होती है। यह विकासशील देशों में और भी बदतर है, जहां बहुत कम लोग ग्लूकोमा के बारे में जानते हैं। ग्लूकोमा के बारे में जन जागरूकता और ज्ञान बढ़ाना बीमारी के विनाशकारी परिणामों को संबोधित करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

ग्लूकोमा के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए, लोगों को स्थिति के बारे में शिक्षित करने के लिए अभियान और आंखों की जांच शुरू करना महत्वपूर्ण है। सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों का उपयोग ग्लूकोमा, इसके लक्षणों और नियमित आंखों की जांच के महत्व के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए भी किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, लोगों का ध्यान आकर्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टंट जैसी नई विधियों का उपयोग किया जा सकता है। ग्लूकोमा की समस्या का समाधान करने के लिए, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के भीतर नेत्र देखभाल सेवाओं के एकीकरण को सुनिश्चित करने के लिए देश में स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों का समर्थन करना और सरकारों और स्थानीय भागीदारों के साथ काम करना महत्वपूर्ण है। इसका मतलब यह सुनिश्चित करना है कि लोगों की आंखों की देखभाल सेवाओं तक पहुंच हो, विशेष रूप से कम सेवा वाले क्षेत्रों में ताकि वे ग्लूकोमा के लिए शुरुआती पहचान, रेफरल और फॉलो-अप देखभाल प्राप्त कर सकें। व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना ग्लूकोमा के प्रबंधन का एक अनिवार्य पहलू है। ऐसा करने का एक तरीका नियमित आंखों की जांच को बढ़ावा देना है, जिसे डब्ल्यूएचओ ग्लूकोमा के खिलाफ सबसे अच्छे हस्तक्षेपों में से एक के रूप में सुझाता है। नियमित आंखों की जांच के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम लोगों को शुरुआती देखभाल के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और प्रारंभिक अवस्था में ग्लूकोमा का पता लगाने की संभावनाओं में सुधार कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्लूकोमा प्रबंधन की दीर्घकालिक प्रकृति के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। ग्लूकोमा प्रबंधन की दीर्घकालिक प्रकृति और आई ड्रॉप के निरंतर उपयोग के लाभों के बारे में रोगियों को शिक्षित करके, हम रोगी छोड़ने की दर को कम कर सकते हैं और उपचार की प्रभावशीलता में सुधार कर सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को देखने का अधिकार है, चाहे वह कहीं भी रहता हो।

जैसा कि हम विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाते हैं, हम सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से ग्लूकोमा को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में संबोधित करने में सहयोग करने का आग्रह करते हैं। एक साथ काम करके, हम दृष्टि के इस मूक चोर से निपट सकते हैं और इसकी रोकथाम व उपचार सुनिश्चित कर सकते हैं।

## आप की बात

### खिलौनों में जहर

**एक रिपोर्ट** के अनुसार बच्चों के खिलौने बेहद खूबसूरत और मन लुभाने वाले होते हैं। लेकिन इन्हीं खिलौनों में जहर भी मिला हो सकता है। इसकी भनक बच्चों को तो क्या उनके लिए खिलौने खरीदने वाले मां बाप को भी नहीं लगती। रोमांच और कल्पना से भरी दुनिया में रहने वाले बच्चों के खिलौने अक्सर प्लास्टिक के होते हैं। प्लास्टिक के खिलौनों में जिन रंगों का इस्तेमाल किया जाता है वे बच्चों के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। खिलौनों में आर्सेनिक और सीसे का भी इस्तेमाल होता है जो जहरीले तत्व हैं। इन्हें मुंह में डालने पर बच्चों की कई बीमारियां होती हैं। खुशबू के लिए डाले जाने वाले पदार्थों और जस्ते से एलर्जी होती है। रंगों में कई ऐसे रसायन भी मौजूद होते हैं जिनसे कैंसर का खतरा हो सकता है, साथ ही भविष्य में प्रजनन में भी परेशानी आ सकती है। यूरोपीय संघ के नए नियमों के बाद तो जहरीली चीजों की मात्रा की सीमा और बढ़ सकती है। जर्मन संस्थान इसके लिए गंभीरता से आवाज उठा रहे हैं। भारत आजकल स्थानीय खिलौनों के प्रयोग पर जोर दे रहा है जिससे स्थानीय कारीगरों को रोजगार मिले। सरकार को इस दिशा में सतर्क रहने की जरूरत है कि हमारे कारीगर खिलौने बनाने में जहरीली चीजों का प्रयोग न करें।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### आर्थिक प्रगति

**अमेरिका** में बैंकों के संकट का काफी असर दिखाई दिया है। अमरीकी सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने से वहां एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई जिसका असर पूरी दुनिया को देखने को मिला। अमेरिकी बैंकों के डूबने से वहां के घरेलू शेयर बाजार में काफी दबाव बढ़ गया इन दोनों ही नामी-गिरामी बैंकों के धराशाई होने पर अमेरिका में आर्थिक मंदी भी काफी बढ़ गई। इस विषय में भारत सरकार की आर्थिक नीतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की जानी चाहिए जिसकी वजह से हमारा देश आज आर्थिक तौर पर काफी सुरक्षित है व लगातार आर्थिक प्रगति की ओर जा रहा है। कोरोना काल में उद्योग धंधों सहित हर तरह के कामकाज रुक जाने के कारण हर देश आर्थिक संकट में घिर गया था परंतु हमारे देश में इन आर्थिक संकटों का सामना मोदी सरकार ने बेहद होशियारी के साथ करके यहां किसी तरह की मुसीबत एवं परेशानी नहीं आने दी है। विदेशों से भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ जहर उगलने वालों को इससे सबक लेना चाहिए। उनके तमाम प्रयासों तथा विदेशी निहित स्वार्थी तत्वों की मिलीभगत के बावजूद मोदी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### ग्रामीण स्वास्थ्य

**भारत** की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर 80 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों की कमी का आंकड़ा विक्षुब्ध कर देने वाला है। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि स्वास्थ्य के मामले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। एम्स जैसे बड़े-बड़े हॉस्पिटल सिर्फ बड़े शहरों में ही खुलते हैं और इनमें ग्रामीण आदमी तो घुसने का साहस भी नहीं कर सकता है। निजी अस्पताल बेहतर कमाई का जरिया सिद्ध हो रहे हैं, वहां भी गरीब आदमी नहीं घुस सकता। अब उसके लिए बचा सिर्फ झोलाछाप डॉक्टर। वैसे देशभर में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में नियुक्ति के बाद इन्हें प्राथमिक इलाज की दवाइयां दी जा रही है। उनको एक साल का प्रशिक्षण दे कर ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है। ग्रामीण दाइयों को भी आशा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल कर प्रशिक्षण दिया जा सकता है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए और इसमें स्वयंसेवी भावना से काम करने वाले युवाओं-युवतियों को मौका मिलना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**ब्रिटेन** में मेरी टिप्पणी के इर्द-गिर्द पूरा तमाशा सरकार द्वारा अडानी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए रचा गया है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**राहुल** गांधी द्वारा की गई टिप्पणियां भारत में लोकतंत्र की सफलता या विफलता का बैरोमीटर नहीं बन सकतीं।

– **रवि शंकर प्रसाद**
भाजपा नेता





**करीब** 18 पार्टियों के सांसद विरोध मार्च में शामिल थे लेकिन पुलिस ने उन्हें अनुमति नहीं दी।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष

## 15वीं पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप

# सीएम योगी ने प्रदान किए पदक विजेताओं को उपहार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

15वीं ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक हासिल करने वाले यूपी पुलिस की टीम के चार पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस दौरान डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार और एडीजी पीएसी केएस प्रताप कुमार भी उपस्थित थे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन 20 फरवरी से 26 फरवरी तक चंडीगढ़ में हुआ था। इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों और संगठनों की कुल 37 टीमों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस के 19 सदस्यीय दल द्वारा प्रतिभाग करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 3 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक प्राप्त किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि स्वर्ण पदक महिला एकल में कांस्टेबल नन्दिनी, महिला युगल में कांस्टेबल नन्दिनी व कांस्टेबल आरती सिंह, कांस्य पदक महिला एकल में कांस्टेबल आरती सिंह, मिश्रित युगल में कांस्टेबल विनय कुमार पांडेय व कांस्टेबल आरती सिंह को हासिल हुआ। उपरोक्त खिलाड़ियों के अतिरिक्त मैनेजर/खिलाड़ी अरुण कुमार सिंह (सीएफओ), कोच धीरेंद्र पांडेय (प्लाटून कमांडर) और सहायक आलोक मिश्रा (कांस्टेबल) ने भी अपने कौशल व चातुर्य से उत्तर प्रदेश पुलिस व प्रदेश को गौरवान्वित किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्साहवर्धन के लिए सभी चार पदक विजेताओं कांस्टेबल निकेन्दर मलिक, नन्दिनी यादव, विनय पाण्डेय व आरती सिंह एवं मैनेजर अरुण कुमार सिंह, कोच धीरेंद्र पाण्डेय व सहायक कोच आलोक मिश्रा को प्रोत्साहित किया और उपहार देते हुए सभी को संबोधित कर आशीर्वचन भी दिया।



सीएम योगी आदित्यनाथ से महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल रश्मि शुक्ला अवस्थी ने की शिष्टाचार भेंट

# उतना ही वादा कीजिए जितना पूरा किया जा सकता होः महाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में चुनाव एक बार तो जीत सकते हैं लेकिन कई बार सकारात्मक कार्यशैली और प्रतिभा दिखाकर ही चुनाव जीता जा सकता है। श्री महाना ने कहा कि बदलते समय में अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पर उस क्षेत्र की जनता की पैनी निगाह रहती है। लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी ताकत होती है और विधायिका की उसके प्रति सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एक होटल में कृषि क्षेत्र से जुड़े विधायकों के साथ संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री महाना ने कहा कि जनता से बढ़चढ़कर वादे न कीजिए, काम कराने का उतना ही वादा कीजिए जितना पूरा किया जा सकता हो। साथ ही यह भी कहा कि काम पूरा कराने की नहीं बल्कि काम को पूरा कराने के प्रयास की गारंटी दीजिए क्योंकि यदि जनता का काम पूरा नहीं करा पाए तो फिर उसका आपसे विश्वास उठ जाएगा। उन्होंने विधायकों को जनता का ज्यादा से ज्यादा काम कराने की प्रवृत्ति डालने का सुझाव दिया। श्री महाना ने कहा कि संवाद कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पहले यूपी विधानसभा की चर्चा नहीं होती थी लेकिन यहां हो रहे बदलावों की चर्चा अब देश की दूसरी विधानसभाओं में भी हो रही है। हम सबको मिलकर यूपी विधानसभा के प्रति पुरानी धारणा को बदलने का प्रयास करना है। उन्होंने विधायकों को आश्वस्त किया कि यूपी विधानसभा में अभी और भी बदलाव देखने को मिलेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ दशकों से विधानसभा के प्रति उदासीनता का भाव था जिसे अब खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरे प्रदेशों में जहां भी दौरे पर जाता हूं अपने विधायकों की प्रतिभा की चर्चा अवश्य करता हूं। यही कारण है कि अब यूपी विधानसभा की छवि में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरतों को एक विधायक से अधिक कोई नहीं जान सकता है। इसलिए कृषि क्षेत्र से जुड़े विधायकों के अनुभव का लाभ जनता को दिलाने के लिए छोटे-छोटे समूहों का गठन करके उन्हें फूड प्रोसेसिंग कम्पनियों में भेजने पर विचार किया जाएगा। जिसका लाभ ऐसी कम्पनियों को भी मिलेगा। जल्द ही विधायकों के समूह बनाकर सम्बन्धित मंत्रियों और अधिकारियों के साथ भी समन्वय बैठकें का आयोजन किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि किसानों को जितनी सुविधा मिलेगी प्रदेश उतनी ही उन्नति करेगा। यहां किसानों के आवश्यक संसाधनों की कमी को पूरा करने की आवश्यकता है। कई बार अधिकारियों की तरफ से विधायकों को सम्मान नहीं मिलता है जिससे जन समस्याओं को हल करने में असुविधा होती है।

विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि किसानों को विभागों के चक्कर लगाने पड़ते है। कुछ ऐसी व्यवस्था हो कि उन्हें परेशानी न हो। विधानसभा अध्यक्ष की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि इस बार विधायिका की गरिमा तथा महत्व बढ़ा है। जिससे हम विधायकों में आत्मविश्वास का भाव पैदा हुआ है। विधायक राकेश सिंह ने कहा कि स्थानीय बिजली अधिकारी.कर्मचारी किसानों को परेशान कर रहे हैं। ये किसानों के लिए एक बड़ी समस्या है जिसका समाधान आवश्यक है। सुझाव दिया कि किसानों को विधानसभा की कार्यवाही को भी दिखाया जाना चाहिए। विधायक फहीम अंसारी ने कहा कि पहले भी विधायक रहा हूं पर इस बार विधानसभा में जो सम्मान मिला है। उसके लिए विधान सभा अध्यक्ष का बहुत आभारी हूं। उन्होंने प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। विधायक प्रवक्तानंद ने कहा कि बजट सत्र में जो कुछ हुआ उससे विधायिका का सम्मान बढ़ा है। यह भी कहा कि बिजली के स्थानीय अधिकारियों को किसानों को परेशान करने से रोका जाए। साथ ही नए विधायकों के लिए एक ऐसा सेल बनाया जाए जिससे वह अपने सुझाव दे सकें।

# बिना उचित कारण पासपोर्ट आवेदन पत्र को निरस्त करने की न की जाए संस्तुतिः डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने सभी पुलिस कमिश्नर व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि पासपोर्ट निर्गत किए जाने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करते हुए अपने अधीनस्थों को भी अवगत कराएं। पुलिस द्वारा पासपोर्ट आवेदन पत्रों का सत्यापन करते समय इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि पासपोर्ट आवेदन पत्रों के सत्यापन में पूर्ण सतर्कता बरती जाए, तथा आवेदक के सम्बन्ध में थाने के रिकार्ड में उपलब्ध समस्त सूचनाओं के आधार पर ही संस्तुति अंकित की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बिना उचित एवं पर्याप्त कारण के किसी आवेदक के पासपोर्ट आवेदन पत्र को निरस्त करने की संस्तुति न की जाए। पासपोर्ट आवेदन पत्रों के संदर्भ में आवेदन पत्रों का सत्यापन संबंधित थाने की पुलिस द्वारा किया जाता है। पुलिस द्वारा सत्यापन की रिपोर्ट लगाने में मनमानी

की जाती है। अक्सर इस संबंध में पुलिस के ऊपर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं। इसी प्रकार के एक मामले में पीड़ित पक्ष बासु यादव पुलिस के खिलाफ उच्च न्यायालय चले गए थे। उनके पासपोर्ट आवेदन पत्र पर पुलिस ने खिलाफ रिपोर्ट लगा दी थी। जिसके पीछे उनके खिलाफ दर्ज गैर संज्ञेय रिपोर्ट को आधार बनाया गया था। बासु यादव निवासी आजमगढ़ ने पासपोर्ट आवेदन पत्र पर स्थानीय पुलिस द्वारा पासपोर्ट न प्रदान किए जाने की संस्तुति के विरुद्ध रिट दाखिल की। जिस पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने डीजीपी को विस्तृत निर्देश जारी किए थे। जिनके बाद डीजीपी की ओर से सभी पुलिस कप्तानों और पुलिस कमिश्नर को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है।

# जनता से जुड़े मुद्दों पर जवाब नहीं देना चाहती भाजपाः अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में देश की दिशा तय करेगा। उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री बनते रहे है। भाजपा सरकार ने यूपी को हर मामले में पीछे छोड़ दिया है। भाजपा सरकार किसानों, नौजवानों से लगातार झूठ बोल रही है। सरकार रोजगार को लेकर झूठे आंकड़े देती है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किये वादों को पूरा नहीं किया। कोई विकास नहीं किया। विकास को लेकर सवाल पूछने पर सरकार जेल भिजवा देती है। यह कहां का लोकतंत्र है। भाजपा सरकार संविधान विरोधी है। बीजेपी सच नहीं सुनना चाहती है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी-माफिया खुलेआम घटनाएं कर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि हम लगातार मांग कर रहे है कि भाजपा सरकार प्रदेश के टॉप टेन और टॉप 100 माफियाओं की सूची जारी करें लेकिन भाजपा सरकार सूची नहीं जारी कर रही है।

## यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने की समीक्षा

# गंगा एक्सप्रेसवे का भूमि अधिग्रहण पूरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास व यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेन्द्र भूषण ने गंगा एक्सप्रेसवे एक्सेस कन्ट्रोल्ड परियोजना से संबंधित निर्माणकार्यों की जनपदवार समीक्षा बैठक की, उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि यूपीडा द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तीव्र गति से गुणवत्तापूर्वक कराया जा रहा है और तय समय सीमा से पहले ही प्रथम माइल स्टोन का कार्य पूरा किया जा चुका है।

गंगा एक्सप्रेसवे के लिए कुल आवश्यक भूमि का क्रय, अधिग्रहण किया जा चुका है। इसके साथ ही परियोजना के अन्तर्गत 87 प्रतिशत से अधिक सी एण्ड जी एवं 16 प्रतिशत से अधिक मिट्टी का कार्य किया जा चुका है। 10 व्हेकुलर अण्डरपास एसवीयूपी तथा 91 बॉक्स कलवर्ट का निर्माण भी पूर्ण किया जा चुका है। परियोजना हेतु निर्धारित प्रथम माइल स्टोन की प्राप्ति हेतु वांछित गति के सापेक्ष निर्माण कार्य की प्रगति आगे है।12 पैकेजों 4 ग्रुपों में प्रत्येक ग्रुप में 3 पैकेज में विभक्त कर गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस एक्सप्रेसवे के सरेखण में पड़ने वाले प्रदेश की दो महत्वपूर्ण नदियों गंगा एवं रामगंगा पर दीर्घ सेतु सहित आपातकालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लैण्डिंग, टेक ऑफ के लिये शाहजहाँपुर में 3.5 किमी लम्बी हवाईपट्टी भी विकसित की जानी है। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से शुरु होकर हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज पर समाप्त होगा। 594 किमी लम्बे प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के चारों ग्रुप के विकासकर्ता क्रमशः मेसर्स आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं अडानी इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पादित कराया जा रहा है। इस बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर एवं यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीश चन्द्र वर्मा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अपराधियों से लोहा लेने में सबसे आगे है मेरठ पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अब तक 63 अपराधियों को एनकाउंटर में किया ढेर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेरठ पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश के अपराधियों से लोहा लेने और उन्हें ठिकाने लगाने में सबसे आगे है। मेरठ पुलिस और अपराधियों के बीच वर्ष 2017 से अब तक सबसे ज्यादा 3152 एनकाउंटर हुए हैं जिसमें 63 अपराधियों को ढेर किया गया जबकि 5967 अपराधियों को एनकाउंटर के दौरान धर दबोचा गया। वहीं यूपी पुलिस की कार्रवाई के दौरान 1708 अपराधी घायल हुए हैं। इन मुठभेड़ों में पुलिस के 401 जवान घायल भी हुए हैं जबकि 1 बहादुर पुलिसकर्मी शहीद भी हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बागडोर संभालते ही सबसे पहले कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का बीड़ा उठाया। इसके लिए योगी सरकार ने माफिया और अपराधियों के खिलाफजीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया। जिसका नतीजा रहा कि यूपी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज की और पिछले छह वर्षों में दस हज़ार से अधिक एनकाउंटर किए जो यह दर्शाता है कि यूपी में योगी सरकार के आने के बाद प्रदेश में अपराधियों के लिये कोई जगह नहीं है। प्रदेश में सिर्फ उनकी जगह जेल है या फिर दूसरे लोक में है। पुलिस की इस कार्रवाई से जो प्रदेश कभी लचर कानून व्यवस्था और माफियाओं के अत्याचार के लिए जाना जाता थाे आज वह उत्तर प्रदेश अपराध और भय मुक्त प्रदेश के रूप में देश ही नहीं विदेशों में जाना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में 34.09 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आने का सबसे बड़ा श्रेय यूपी पुलिस को दिया है। यूपी पुलिस ने इस मुकाम को यूं ही नहीं हासिल किया बल्कि इसके पीछे अपराध पर लगाम लगाने और अपराधियों पर नकेल कसने की चरणबद्ध तरीके से अपनाई गई योजना का असर है। इसमें यूपी पुलिस की सबसे बड़ी रणनीति एनकाउंटर ने अपराधियों में भय पैदा कर दिया जिसके बाद वह प्रदेश से पलायन करने लगे। यूपी पुलिस ने वर्ष 2017 से अब तक 10713 एनकाउंटर किए जिसमें पहले नंबर पर मेरठ है। वहीं दूसरे नंबर पर आगरा पुलिस है जिसने कुल 1844 एनकाउंटर में 4654 अपराधियों को गिरफ्तार किया जबकि 14 दुर्दांत अपराधी मारे गये। आगरा पुलिस की इस कार्रवाई में 258 अपराधी पैरों में गोली खाकर जेल में अपने कुकर्मों की सजा भुगत रहे हैं। इस दौरान 55 जांबाज पुलिस कर्मी घायल हुए। यूपी पुलिस की इन कार्रवाई में तीसरे नंबर पर बरेली पुलिस का नाम आता है जहां बरेली पुलिस ने 1497 एनकाउंटर कियेए जिसमें 3410 अपराधियों को दबोचा गया जबकि 7 की मौत हो गई। इस दौरान पुलिस कार्रवाई में 437 अपराधी घायल हुए।

# भिखारी मुक्त काशी अभियान में जुटी सरकार

● भीख मांगने में लिप्त लोगों की पहचान, उनके संरक्षण काउन्सलिंग व पुनर्वास के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, वाराणसी

जी-20 सम्मेलन के पहले काशी भिखारियों से मुक्त दिखेगी। योगी सरकार इसके लिए अभियान चला रही है। जी 20 सम्मेलन के लिए दुनिया के 20 ताकतवर देशों के मेहमान काशी में जुटेंगे। विश्व में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक पहचान रखने वाली काशी अपने नाम के अनुरूप दिखे इसके लिए योगी सरकार काशी का कायाकल्प कर रही है। सरकार भिखारी मुक्त काशी अभियान चला रही है। जिससे जी 20 के मेहमानों के साथ ही दुनिया भर से आने वाले पर्यटक काशी की अच्छी छवि साथ लेकर जाए। भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों की पहचान एसंरक्षण काउंसलिंग व पुनर्वासए कर रही है। भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी काशी में पूरे विश्व से सदियों से पर्यटकों आते रहे है। काशी के कायाकल्प और नव्य भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद दुनिया भर के पर्यटकों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। जी .20 समेलन में काशी आने वाले विशिष्ट मेहमान व पर्यटक काशी की खराब छवि साथ न ले जाए इसके लिए योगी सरकार काशी को भिखारियों से मुक्त कर रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने बताया कि इस अभियान में थानेवार 6 टीम लगी है जिसमे अलग अलग विभागों के 8 से अधिक सदस्य हैं। खासतौर पर मंदिरों, घाटों और अन्य भिख मांगने वाले जगहों पर अभियान चलाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम 1975 के तहत भिक्षा मांगना अपराध है। इसके लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों को स्वाभिमान पढ़ाने के साथ ही उनकी काउन्सलिंग की जा रही।

# हरी खाद के लिए 50 फीसद अनुदान पर 30 हजार कुंतल ढैंचा बीज मुहैया कराएगी सरकार

● भूमि के लिए संजीवनी है हरी खाद, प्रयोग से भूमि में बढ़ जाती है कार्बनिक तत्वों की मात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हरी खाद भूमि के लिए संजीवनी साबित हो रही है। पिछले दो दशकों के दौरान किसान हरी खाद ढैंचा, सनई, उड़द एवं मूंग की उपयोगिता को लेकर जागरूक हुए हैं। लिहाजा इनके बीजों की मांग भी बढ़ी है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार भी भूमि में कार्बनिक तत्वों को बढ़ाने के लिए हरी खाद को प्रोत्साहित कर रही है। इन सबमें हरी खाद के लिहाज से सबसे उपयोगी ढैंचा ही है। यही वजह है कि सरकार खरीफ़के सीजन में प्रदेश के किसानों 50 फीसद अनुदान पर 30 हज़ार कुंतल ढैंचा बीज उपलब्ध कराएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी ढैंचे के बीज पर ही इतना ही अनुदान था। तब प्रति किग्रा दाम 54.65 पैसे निर्धारित किया गया था। उम्मीद है कि इस साल भी दाम लगभग पिछले साल के ही आसपास रहेंगे। जिन प्रगतिशील किसानों को यह डिमांस्ट्रेशन के बाबत दिये गये थे उनको 90 फीसद अनुदान देय था। उप निदेशक कृषि जयप्रकाश के अनुसार सनई एवं ढैंचा जैसी फसलों की जड़ों में ऐसे जीवाणु होते हैं जो हवा से नाइट्रोजन लेकर मिट्टी में स्थिर कर देते हैं। इसका लाभ अगली फसल को मिलता है। उनके मुताबिक कार्बनिक तत्व मिट्टी की आत्मा होते हैं। भूमि में ऑर्गेनिक रूप से इसे बढ़ाने का सबसे आसान एवं असरदार तरीका है हरी खाद। कार्बनिक तत्वों की उपलब्धता खुद में सभी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होती है। साथ ही यह रासायनिक खादों के लिए भी उत्प्रेरक का काम कर उसकी क्षमता को बढ़ाती है। अगली फसल में खर-पतवारों का प्रकोप भी कम हो जाता है। इससे उर्वरता के अलावा संबंधित भूमि में जलधारण, वायुसंचरण व लाभकारी जीवाणुओं में वृद्धि होती है। लगातार फसल चक्र में इसे स्थान देने से क्रमशः भूमि की भौतिक संरचना बदल जाती है। इफको के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक डा डीके सिंह के अनुसार अगर हरी खाद के लिए सनई, ढैंचा बोया गया है तो फसल की पलटाई बोआई के लगभग 6.8 हफ्ते बाद फूल आने से पहले कर दें। इसके बाद खेत में पानी में लगा दें। फसल का ठीक तरीके से और जल्दी डीकंपोजिशन सड़न हो, इसके लिए फसल पलटने के बाद और सिंचाई के पहले प्रति एकड़ 5 किलोग्राम यूरिया का बुरकाव भी कर सकते हैं। फसल के अवशेष करीब 3-4 हफ्ते में सड़ जाते हैं। इसके बाद अगली फसल की बोआई करें। अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए सनई उपयुक्त होती है। एक हेक्टेयर में 80-100 किग्रा बीज लगता है। ढैंचा की बोआई कम या अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में की जा सकती है। प्रति हेक्टेयर खेत में 60-80 किग्रा बीज लगता है।

**बोआई का समय और हरी खाद की फसलें:** सिंचाई की सुविधा होने पर खाली खेत में अप्रैल से जून के बीच कभी भी इसकी बोआई की जा सकती है। सनई, ढैंचा, मूंग, उड़द आदि हरी खाद के कारगर विकल्प हैं। उपलब्धता व जरूरत के अनुसार इनमें से किसी का भी चयन कर सकते हैं। इसमें से ढैंचा एवं सनई हरी खाद के लिहाज से सर्वाधिक उपयुक्त हैं। मूंग एवं उड़द की बोआई से हरी खाद के साथ प्रोटीन से भरपूर दलहन की अतिरिक्त फसल भी संबंधित किसान को मिल जाती है। अलबत्ता इनके लिए खुद का सिंचाई का संसाधन होना जरूरी है। प्रति हेक्टेयर 15-20 किग्रा बीज की जरूरत होती है।

# नदियों के जीर्णोद्धार व पुनर्जीवन योजनाओं का नियमित किया जाए परीक्षण

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य गंगा समिति की 10वीं बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में नदियों के पुनरुद्धार कार्य अभूतपूर्व हैं इस कार्य में आम जनमानस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पीलीभीत जनपद में गोमती नदी के पुनरुद्धार के लिए, सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नदियां आम जनमानस के लिए पूजनीय है। जनपद स्तर पर छोटी नदियों के जीर्णोद्धार और पुनर्जीवन कार्य की योजनाओं का नियमित परीक्षण किया जाए। इस कार्य के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित की गई कमेटी की नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को राज्य गंगा समिति उत्तर प्रदेश की 10वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ठोस कचरे को नदियों के किनारे फेंकने से नदियां प्रदूषित होती हैं, इसलिए, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। शहरी निकायों के पास वेस्ट टू कम्पोस्टिंग की व्यवस्था की जा सकती है। सभी एसटीपी पर डिसइंफेक्शन की सुविधा को सुचारु रूप से स्थापित करते हुए इस प्रणाली को नियमित सुचारु रूप से संचालित किया जाए। भारत सरकार के अर्थ गंगा कार्यक्रम के तहत गंगा के किनारे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।

बैठक में बताया गया कि 139.55 करोड़ रुपए की लागत से 75 नदियों (कुल लम्बाई 3149 किमी) का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया है। इन नदियों में गोमती (पीलीभीत), वरुणा, हिण्डन, काली (पूर्व), रामगंगा शामिल है। नदियों के किनारे 69.58 लाख पौधों का रोपण कराया गया तथा 1281 नालों का जीर्णोद्धार कराया गया। जैव विविधता संरक्षण एवं जलज परियोजना के लिये प्रथम चरण में 6 साइट्स खेड्की हेमराज बिजनौर, आजीविका (गांव भ्रमण-नदी भ्रमण), बिजनौर बैराजरू इकोटूरिज्म (नदी और जैव विविधता दर्शन), कटिया मुजफ्फरनगर (आजीविका केन्द्र सह उत्पादन इकाई-वेटलैंड वाक एंड बर्ड), गांधी घाट नरौरा-इको टूरिज्म (रिवर वॉक एंड बर्ड वाचिंग), जलालपुर-कौशांबी (इको टूरिज्म-रिवर वॉक और बर्ड वाचिंग), ढाका-वाराणसी (जागरूकता, आजीविका-हस्तशिल्प मेला, रिवर वॉक, डॉल्फिन वॉच प्वाइंट) भारतीय वन्यजीव संस्थान को स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में 113 सीवेज उपचार संयत्र (एसटीपी) क्रियाशील हैं तथा 1004.15 एमएलडी क्षमता के 52 एसटीपी का कार्य प्रगति पर है तथा 15 एसटीपी टेण्डर प्रक्रिया में है। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 56 सीवर शोधन परियोजना स्वीकृत हैं, जिसमें से 28 पूर्ण हो चुकी हैं, शेष 17 पर कार्य प्रगति पर है। 11 परियोजना टेंडर प्रक्रिया में हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 1852.10 एमएलडी जल अतिरिक्त शोधित हो सकेगा। इसके अतिरिक्त नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत 685.3 एमएलडी क्षमता के 24 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की डीपीआर विचाराधीन है।

गंगा के किनारे जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती के लिए गंगा के तटों पर स्थित 27 जनपदों के साथ बुंदेलखण्ड के समस्त सातों जनपदों को शामिल किया गया है। जैविक/प्राकृतिक खेती पर अभिनव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वर्ष 2015-16 जैविक कृषकों की संख्या 28750 तथा क्षेत्रफल 11500 हेक्टेयर था, वर्ष 2022-23 में कृषकों की संख्या बढ़कर 289687 तथा क्षेत्रफल 152080 हेक्टेयर हो गया है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रदूषित नदी खंडों में जल गुणवत्ता निगरानी 69 स्थानों पर की गई है, जिसमें बीओडी में 49.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, एमडी जल निगम (ग्रामीण) बलकार सिंह सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकार 80 हजार ग्राम पंचायतों में करा रही क्रॉप कटिंग एक्सपेरीमेंट

लखनऊ। प्रदेश में इस साल रबी की फसलों से न सिर्फ किसानों को बल्कि सरकार को भी अच्छी खासी उम्मीद बंधी है। इसे देखते हुए योगी सरकार तकरीबन 80 हजार ग्राम पंचायतों में 3 लाख से ज्यादा क्रॉप कटिंग प्रयोग करा रही है। क्रॉप कटिंग प्रयोग को केंद्र सरकार द्वारा निर्मित सीसीई एग्री ऐप से शत प्रतिशत कराया जाना है जिसे प्रदेश के राजस्व विभाग के कर्मचारी संपादित करेंगे। बता दें कि उत्तर प्रदेश में रबी की फसलों की कटाई का समय 25 फरवरी से शुरू हो चुका है जोकि 10 मई तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर हफ्ते फसलों की कटाई को लेकर समीक्षा बैठक करें।

उत्तर प्रदेश में 2022.23 के रबी सीजन की फसलों की कटाई का दौर शुरू हो चुका है। सरकार का आंकलन है कि इस बार सभी फसलों की स्थिति अच्छी है। वर्तमान में लाही-सरसों, आलू, मसूर, चना, अलसी, जौ एवं गेहूं की कटाई का सीजन चल रहा है। पैदावार के वास्तविक आंकड़े ज्ञात करने के लिए योगी सरकार क्रॉप कटिंग प्रयोग शुरू करा चुकी है। प्रयोग से उपलब्ध होने वाले आंकड़ों के हिसाब से सरकार उपज का ठीक ठीक आंकलन कर सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की 79622 ग्राम पंचायतों में कुल 3.18 लाख क्रॉप कटिंग प्रयोग कराये जा रहे हैं। इसके लिए राजस्व परिषद् की ओर से पहले ही निर्देश जारी किये जा चुके हैं। दो दिन पहले ही मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने भी क्रॉप कटिंग प्रयोगों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की है। इस दौरान उन्हें बताया गया कि 3.18 लाख प्रयोगों के सापेक्ष अबतक 3742 प्रयोगों का संपादन सीसीई एग्री ऐप के जरिये पूरा किया जा चुका है।

# डीएम ने की जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक



**लखीमपुर खीरी।** जनपद स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेण्ट कमेटी की कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022.23 हेतु ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य कराकर ओडीएफ प्लस माडल ग्राम बनाने हेतु चयनित राजस्व ग्रामों की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। डीएम ने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों में बनने वाले रिसोर्स रिकवरी सेण्टर (आरआरसी) का निर्माण शासन द्वारा निर्धारित मानक व माडल के अनुरूप कराया जाय। अध्यक्षता करते हुए डीएम ने व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय की प्रगति जानी। ओडीएफप्लस घोषित गांव की एस्पायरिंगए राइजिंग एवं मॉडल स्तर पर प्रगति जानी एवं जरूरी निर्देश दिए। फूलबेहड़ ब्लॉक की प्रगति खराब होने पर एडीओ पंचायत को फटकार लगाते हुए इसका कारण जानते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

वित्तीय वर्ष 2022.23 में मॉडल हेतु चयनित ग्राम पंचायतों की प्रगति की जानकारी देते हुए डीपीआरओ ने बताया कि 121 ग्राम पंचायत चयनित हैए जिसमें ब्लाक फूलबेहड़ लखीमपुर एवं बांकेगंज की प्रगति शिथिल हैए डीएम ने संबंधित को फटकार लगाई। बैठक में खाद एवं सोक्ता गड्ढा निर्मित किए जाने के लिए आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की ब्लॉकवार प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा हुई।

सीडीओ ने जनपद में पूर्व से निर्मित जर्जर शौचालय की तत्काल मरम्मत कराते हुए जियो टैग करवाने हेतु समस्त एडीओ को निर्देशित किया। उक्त के साथ यह भी निर्देश दिया कि 15वें वित्त की टाइड ग्रांट की धनराशि का प्रयोग ओडीएफ प्लस के कार्य हेतु ही किया जाए। जनपद में हर घर जल योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी की टंकियों का निर्माण हो रहा है। अब अनावश्यक रूप से हैंडपंप रिबोर इत्यादि पर धनराशि व्यय होने पर नियमानुसार जांच कराते हुए विधिक कार्यवाही हेतु सभी एडीओ को कठोर चेतावनी दी गई। शुरुआत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताईं। संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में एक प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जानी है। अभी पीडब्लूयू स्थापना हेतु 05 स्थलो यथा- बांकेगंज ब्लॉक की ग्रट नंबर 11, दौराला की देवी पुरवा कुंभी की गोला देहात मितौली की मितौली पसगवा की औरंगाबाद में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना के लिए 16 लाख की दर से कुल 80 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। डीपीआरओ सौम्यशीन सिंह ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार पांच हजार से कम आबादी वाली 10 ग्राम पंचायत (गोपालापुर, मिर्जापुर सुनौरा, मिर्जापुर, बैदाखेड़ा, मिदनियांगढ़ी, झाराखेमपुर, बौधिया कला, मुरारखेड़ा ग्राम, कुसमौरी, क़सावल) एवं पांच हजार से अधिक आबादी वाली 05 ग्राम पंचायत (जलालपुर, बिजुआ, साहबगंज ग्रन्ट, औरंगाबाद, सिसोरा नासिर) को मॉडल बनाए जाने हेतु चयनित किया जा चुका है, बैठक में उक्त 15 मॉडल ग्रामों की डीपीआर का अनुमोदन किया गया। इस दौरान पीडी केके पांडेय, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, स्टेट कंसलटेंट एसवीएम संतोष कुमार सिंह, एडीपीआरओ संजय मिश्र, सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक

**बरेली।** थाना किला के मोहल्ला लीची बाग में एक युवक की संदिग्ध हालत में फाँसी लगने से मौत हो गई। परिजनों ने युवक की पत्नी पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की है। परिजनों का कहना है मोहम्मदताहिर की शादी याशमीन से हुई थी। पत्नी और पति में विवाह के कुछ समय बाद से ही आपस में विवाद चल रहा था। पत्नी अपने पति को नामर्द बताकर रिश्तेदारी में बदनाम कर रही थी। इसकी जांच भी करवाई गई। जांच के दौरान मृतक में कोई भी शारीरिक कमी नहीं निकली। पिता शाहिद हुसैन ने बताया उनका 26 वर्षीय बेटा मोहम्मद ताहिर का विवाह एक वर्ष पूर्व बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र की याशमीन से हुआ था। विवाह के कुछ समय पश्चात ही दोनों में कलह होने लगी। रविवार की रात को पति-पत्नी घर में अकेले थे। घर के बाहर टीन शेड में लगे लोहे के एंगल से गले में दुपट्टा बांधकर युवक लटका मिला। यह देखकर पड़ोसियों ने पास में ही रह रहे परिवार वालों को सूचना दी। उस समय तक मृतक की सांसे चल रही थीं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न




**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विभागीय योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाये तथा उनका प्रचार-प्रसार भी किया जाये। जनपद में किये जा रहे सीवर लाइन कार्यो के उपरान्त सड़कों के मरम्मत कार्य की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यो को गुणवत्तापरक रूप से किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई शारदा सहायक नहर, श्री एस के भास्कर के अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने जवाब तलब करने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गयी स्मार्ट सड़क के कार्यो में विलम्ब एवं खराब गुणवत्ता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये पीडब्ल्यूडी को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने अमृत योजनान्तर्गत जलापूर्ति एवं सीवर के कार्यों की जांच कराये जाने हेतु निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों एवं गो संरक्षण केन्द्रो का नियमित रूप से निरीक्षण सुनिश्चित किया जाये। उन्होने आगामी ग्रीष्म ऋतु के अन्तर्गत हैण्ड पम्पों को सही कराये जाने हेतु भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि गोशालाओं में भी चारे एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। कौशल विकास मिशन की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्लेसमेन्ट कराये गये अभ्यर्थियों से नियमित रूप से फीडबैक भी प्राप्त किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि बिना किसी गड़बड़ी के पात्रों को योजना से लाभान्वित किया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित अधिकारी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण करते हुये निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि निरीक्षण आख्या में उल्लिखित कमियों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# पिछले पेराई सत्र का बाकी गन्ना भुगतान चुकता होने पर आंदोलन खत्म हुआ

**गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन ढाई माह से बकाया गन्ना भुगतान को लेकर गन्ना समिति में चल रहा था आज उप जिला अधिकारी रत्नाकर मिश्रा क्षेत्राधिकारी पुलिस गोला बजाज ग्रुप के यूनिट हेड जीएम केन ग्रुप के लीगल एडवाइजर धरना अस्थल गन्ना विकास समिति गोला पहुंचे संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित एवं कार्यकर्ताओं के समक्ष वार्ता की गई वार्ता में यूनिट हेड ने कहा आपकी भीष्म प्रतिज्ञा के अनुरूप मैंने पिछले सत्र का संपूर्ण भुगतान कर दिया है अब आप का वचन पूरा हो चुका है अंजनी दीक्षित ने कहा चीनी मिल प्रबंधन के द्वारा पिछले सत्र का संपूर्ण गन्ने का उत्पाद बेचकर अन्यत्र जगह पर खर्च कर दिया गया। वर्तमान सत्र की चीनी बेंच कर पिछले सत्र का भुगतान किया गया वर्तमान में किसान क्या करें किसानों की आर्थिक स्थिति खराब है कर्ज लेने का कोई भी रास्ता नहीं है उप जिलाधिकारी आपकी जिम्मेदारी बनती है गन्ने से बने उत्पाद चीनी एथनाल का चीनी मिल प्रबंधन अन्यत्र जगह पर खर्च करने ना पाए जितना पैसा उत्पाद बिक्री का आए वह सीधे किसानों के खाते में भेजा जाए हम भी साप्ताहिक रिपोर्ट लेते रहेंगे अगर हमें प्रतीत होता है चीनी मिल प्रबंधन गन्ने के उत्पाद के पैसे का अन्यत्र जगह पर खर्च करता है तो हमें मजबूर होकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा उप जिला अधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया हम पूरी नजर बनाए रखेंगे नए सत्र का भुगतान कराने का हर संभव प्रयास करेंगे उप जिला अधिकारी गोला के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया क्रमिक अनशन में बड़ी भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को अंजनी दीक्षित ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया कहा बिना किसानों के सहयोग से विजय नहीं मिल सकती थी आप लोगों ने अपने कार्य बंद कर अथक परिश्रम किया है मैं सदैव आपका आभारी बना रहूंगा इस मौके पर श्रवण कुमार यादव दुलीचंद वर्मा बाल गोविंद वर्मा धर्मेंद्र कुमार वर्मा रघुवीर प्रसाद वर्मा महेंद्र वर्मा डॉक्टर राजेश कुमार अतुल कुमार शुक्ला दुर्गा प्रसाद शुक्ला सालिकराम वर्मा रामसनेही वर्मा धर्मेंद्र यादव ओम प्रकाश सरदार मोहन सिंह दिनेश कुमार भूप राम वर्मा हनी प्रमोद कुमार गोधन लाल आशीष कुमार अवस्थी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## पीआरडी जवान दफ्तर में अपना ऑनलाइन डाटा फीडिंग

**लखीमपुर खीरी।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल अधिकारी अरविंद स्वरूप कुशवाहा ने जनपद खीरी के समस्त पीआरडी जवानों को सूचित करते हुए बताया कि वह यदि अपना डाटा ऑन लाइन फीड कराने के इच्छुक हैं तो प्रत्येक दशा में 31 मार्च के पहले अपने मूल प्रमाण.पत्रों यथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, अंक तालिका शिक्षा प्रमाण पत्र, टीसी, परिचय पत्र, आधार कार्ड आदि की स्कैनिंग करवा लें तथा एक सेट छायाप्रति के साथ बायोडाटा युक्त आवेदन पत्र कार्यालय में उपलब्ध करा दें। बार.बार समय सीमा बढ़ाये जाने तथा अन्तिम समय सीमा की नोटिस दिये जाने के बावजूद यदि उनके द्वारा डाटा फीड कराये जाने का तत्काल प्रयास नहीं किया जाता है तो यह मानते हुए कि उनको बायोडाटा ऑनलाइन फीड कराने में कोई रूचि नहीं है। डाटा फीडिंग की कार्यवाही बन्द कर दी जायेगी।

## दुग्ध वाहन की टक्कर से छात्र की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**बरेली।** परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को तेजी से आ रहे दुग्ध वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने परिजनों को समझा कर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना बिशारतगंज के गांव किशनपुर निवासी चंद्रपाल का 13 वर्षीय बेटा आयुष बिशारतगंज के आर ए जूनियर हाई स्कूल में कक्षा 5 का छात्र था वह आज सुबह स्कूल से परीक्षा देकर घर लौट रहा था रास्ते में ही परा गांव के पास अलीगंज रमपुरा रोड पर पर मधुसूदन डेयरी के दुग्ध वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे आयुष की मौके पर ही मौत हो गई, आयुष के परिजनो ने रोड जाम कर दी, पुलिस ने लगभग 2 घंटे तक जाम खुलवाने की कोशिश करती रही लेकिन परिजन सड़क से शव हटाने को तैयार नहीं हुए उसके बाद सीओ आंवला दीपशिखा मौके पर पहुंची और उन्होंने कार्रवाई करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

# सांसद खेल स्पर्धा में विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, मनवाया लोहा

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को खीरी व धौराहरा संसदीय क्षेत्र में तय शेड्यूल के अनुसार न्याय पंचायत स्तर पर ष्सांसद खेल स्पर्धाष् का आयोजन हुआ, जिसमें एथलेटिक्स 100 मी. 400 मी. 1500 मी. ऊँची कूद, गोला फेंक, कबड्डी, वॉलीबॉल (पुरुष) जैसी विभिन्न विधाओ में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। बुधवार को बेलवा बाजार में सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता की शुरुआत विधायक सदर योगेश वर्मा ने फीताकाट कर की। यूपीएस करनपुर निबहा एवं खेल मैदान निकट अन्देशनगर चौराहा बन्नी में शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने किया। खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जनप्रतिनिधि खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते नजर आए, सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। बेलवा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि आज के परिवेश में खेल व शिक्षा दोनो ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैए खेलो में प्रतिभाग करने से खेल भावना को बढ़ावा मिलता हैए साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत होती है। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओ ने अपनी चमक बिखेरी है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। यूपीएस करनपुर निबहा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि आज के समय में मोबाईल पर ज्यादा समय देने की वजह से बच्चों की शारीरिक क्षमता और विकास दोनों प्रभावित हुए है ऐसे में खेल प्रतियोगिताएं बच्चो के सर्वांगीण विकास में काफी सहायक साबित हो रही है। स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इससे खेल प्रतिभाओं में निखार आता है। उनका मनोबल मजबूत होता है। तय रोस्टर के अनुसार जिला युवा कल्याण अधिकारी अरविंद स्वरूप कुशवाहा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों की देखरेख में नहर गौशाला मैदान पसगवांए उच्च प्राथमिक वि0 मउदाउदपुरए उच्च प्राथमिक विद्यालय करनपुरए निबहाए खेल मैदान निकट अन्देशनगर चौराहा बन्नीए किसान इण्टर कालेजए नीमगांवए श्री रामपाल सिंह इ0कालेजए ककरहाए प्रा0वि0 बेदाए उवप्रा0वि0 सहिजनाए पब्लिक इण्टर कालेजए सम्पूर्णानगरए जिला पं0 बालिका इ0का0 टेहराए स्टेडियन वसलीपुरए स्व0श्री अरविन्द गिरि स्टेडियम जलालपुरए हाइवे किनारे बाग में रूद्रपुरए बेलवा बाजारए प्रा0वि0 खरवहियाए नं0 1ए रेंजरी पुरवा खेल मैदानए महाराजा अग्रसेन इ0का0 में आयोजित सांसद स्पर्धा प्रतियोगिता में युवाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में *हम में है दम* इवेंट का भव्य आयोजन

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना
- डीएम, आकांक्षा चीफ ने दिखाई हरी झंडी, किया शुभारंभ
- केजीबीवी की बेटियों ने दिखाया दमखम, खेलों में झटके पुरस्कार, आकांक्षा चीफने किया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाए महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में ष्हम में है दमष् इवेंट के तहत जिले के सभी 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताओं का जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में भव्य आयोजन हुआ। गुरुवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी एवं जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह के साथ दीप जलाकर बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। डीएम ने आकांक्षा चीफ के साथ हरी झंडी दिखाकर बालिकाओं की दौड़ के साथ खेल प्रतियोगिताओं का आगाज कराया। इस दौरान बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेयए डीपीओ संजय निगम, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील भारतीएआकांक्षा समिति की सदस्य रश्मि सिंह, शिखा सिंह, प्रतिमा, नैंसी, नमिता श्रीवास्तव मौजूद रही। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आप सभी आने वाले कल का भविष्य हैए आपमें जो स्फूर्ति और उत्साह है उसी से आपकों बहुत ऊंचाइयों तक ऊपर उठना है। छात्राएं अपने उद्देश्य को न भूले। मन लगाकर पढ़ाई करते हुए आगे बढ़े। लक्ष्य को प्राप्त करने में तमाम कठिनाईयां आती है उनसे भयभीत होने की आवश्यकता नही है। आशा का दामन थाम कर आगे बढ़े और अपना लक्ष्य हासिल करे।

आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक श्रेष्ठता के लिए जरूरी हैए बल्कि इसमें प्रतियोगी भावना के परिणामस्वरूप खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक महत्त्वपूर्ण मौका मिलता है। खेल एक ऐसी विधा है जिसके जरिए खिलाड़ी न सिर्फ अपना नाम रोशन करता हैए बल्कि वह पूरे देश प्रदेश का नाम रोशन करता है। प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो बालिकाएं प्रतियोगिता में विजई नहीं हुई हैं उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, वे और अच्छी तैयारी करें और आगे की प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। समस्त खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं संयोजन जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती ने किया। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में ष्हम में है दम इवेंट के तहत महिलाओं, आकांक्षा टीम, महिला कार्मिकों के बीच लेमन रेस सहित कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। लेमन रेस प्रतियोगिता में आकांक्षा समिति की चीफ अल्पना सिंह विजेता बनी। वही नैंसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओ ने मैदान पर उतरकर अपनी खेल प्रतिभा के हुनर दिखाया तो मौजूद लोग दंग रह गए।

**PUBLIC NOTICE**

I, SMT. SUNITA RAI W/O LATE PUNEET KUMAR RAI R/O FLAT NO. D-8/A, DDA FLATS, MUNIRKA, NEW DELHI-110067, is the owner of DDA HIG FLAT NO.374, ON SECOND FLOOR, POCKET-16, SECTOR-3, SITUATED AT DWARKA, NEW DELHI, VIDE DDA FILE NO.2/312(120)2003/SDHIG/DW, has applied for Certified Copies of documents of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original DEMAND LETTER, ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION and SITE POSSESSION SLIP of the above said property have been lost or misplaced by me and is not traceable inspite of my best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.241695/2023 dated 14.03.2023). Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 8744077268, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director HIG (Housing) or Director (Housing), D Block, Second Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.no. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

General public hereby informed that my Clients Sh. Bani Singh S/o Late Sohan Lal R/o Vill. Sikhaida, Pilkhua Dehat, Hapur, Pilkhuwa Post Office, Uttar Pradesh-245304 has instituted a case bearing no. 39/2023 titled as "Bani Singh Vs. Smt. Suranti" in the Hon' ble Court of Ms. Preeti Moga, Civil Judge (Civ. Div.)-2, Hapur Courts, Hapur, U.P. wherein the ownership rights involved in property bearing no. "Khasra No. 508 min Village Skhera Pargana Dasna tehsil & Distt. Hapur, Ghaziabad, U. P. measuring 2530 Sq. Mtr." are challenged and whereupon my Client has an exclusive right/title/Interest Dealing purchaser of the above said property with his own funds / earning and whereas the title of the above said property shall be resultant of the final outcome of the above said suit. It is thereby general public is informed that any person dealing with the above said Smt. Suranti Devi or the property as mentioned above in whatsoever manner, shall do so at one's own risk, cost and Consequences whereby my client shall not be responsible for the same in any manner whatsoever.

**Geeta Sharma**
**(Advocate)**
**Ch. No-30, Western Wing Tis Hazari**
**Delhi-110054**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public at large that Mr. Pramod Kumar S/o Mr. Daya Ram, R/o Badshapur Sirauli, Ghaziabad, UP is the owner of Residential Plot No. 150, area admeasuring 214 sq. yds., Part of Khasra No. 540, Situated in Govind Dham Colony within the limits of Village Matiala, Pargana Dasna, Tehsil & District Ghaziabad, U.P. "said property" by virtue of Sale Deed dated 27.09.2022 executed by Mrs. Usha W/o Mr. Bijender Singh in his favour duly registered as Doc no. 10799, Book no.1, Vol no. 19351, Pages 295-328, SRO-I Ghaziabad. That the following papers have been lost **1.** Photocopy of Partition Deed/ Settlement between (i) M/s Kailash Infrastructure (ii) Mr. Neeraj s/o Mr. Ompal (iii) Mr. Yogesh Chaudhary s/o Mr. Dinesh Sirohi & (iv) Mr. Subhash Kumar s/o Mr. Jugendra in respect of area admeasuring 17223.66 sq. mtrs., Khasra no. 540. **2.** Original Sale Deed dated 30.11.2011 executed by Mr. Yogesh Chaudhary s/o Mr. Dinesh Sirohi in favour of Mr. Nirdosh Chaudhary s/o Mr. Satyaveer Singh in respect of said property, duly registered as Doc No. 11979 Book no. 1 Vol no. 5315 Page nos. 225-240 in SRO II Ghaziabad. **3.** Original Sale Deed dated 24.06.2013 executed by Mr. Nirdosh Chaudhary s/o Mr. Satyaveer in favour of Mr. Arun Kumar Sharma s/o Mr. Mahesh Chand Sharma in respect of said property, duly registered as Doc No. 9572 Book No. 1 Vol no. 7280 Page nos. 313-340 in SRO II Ghaziabad. Same has been lodged vide LR No. 241985/2023 dated 15.03.2023. Further Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) is intending to create a registered/ equitable mortgage over the said property. In case if any person/Financial Institute/Bank/Authority/ Board or any other entity have any objection /contingent or vested interest over the said property, they may contact the undersigned within 7 days of this publication. It may be further noted that after lapse of aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and same will be considered as waived or abandoned.

**Suparna Sinha, Advocate**
**D/3825/2014**
**Office: Gadi & Associates, D-148, LGF, Saket, New Delhi-110017,+91-9873663181**

दिवंगत **श्री चोलाकथु कोशी जॉनीकुट्टी** (जिनका 7 जून 2021 को निधन हो गया था, और जो यूनिट 2111, एक्सप्रेस ट्रेड टावर्स 2, प्लॉट बी-36, सेक्टर 132, नोएडा, यूपी 201301 के मालिक थे) के बेटे बॉबी जॉन द्वारा उक्त इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए नोटिस दिया जाता है, क्योंकि वह कानूनी उत्तराधिकारी हैं और अतिरिक्त जिला न्यायालय, एर्नाकुलम, केरल के न्यायाधीश द्वारा निर्धारित वसीयत, और ओपी (प्रोबेट) संख्या 89/2921 के लिए दिनांक 3 नवंबर 2021 के आदेश के तहत लाभार्थी हैं।

उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग के विरुद्ध या उसके किसी भी भाग में कोई दावा या दावा करने वाले सभी व्यक्तियों को इस नोटिस के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर लिखित में Administrative Officer, Estates (Institutional), Administrative Complex Sector 6, Noida - 201301, District. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, India को कृपया सूचित करें। ऐसा करना आवश्यक है अन्यथा यूनिट को ऐसे किसी भी दावे या दावों के संदर्भ के बिना बॉबी जॉन के नाम पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा और इसे माफ या पित्यक्त माना जाएगा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No/Fax. 0135 2671940
Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 9864/ई-निविदा सूचना/2022-23 — दिनांक : 16/03/2023

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु ई-निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्र.सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कालसी | नराया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 73400.00 | 3000+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्च्तर |
| 2 | कालसी | छटोऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 60000.00 | 2500+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्च्तर |
| 3 | कालसी | खणी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 77100.00 | 3000+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्च्तर |
| 4 | रायपुर | धारकोट पेयजल योजना में सतही जलाशय निर्माण, राइजिंग मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाने, पम्पिंग प्लांट सामग्री की आपूर्ति अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 169000.00 | 4000+GST | 06 माह | सी0 एवं उच्च्तर |
| 5 | चकराता | कन्धार पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय मरम्मत, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य । | 103700.00 | 4000+GST | 06 माह | डी0 एवं उच्च्तर |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् है।**

| क्र.सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 18.03.2023 at 11:00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 18.03.2023 at 11:00 Hrs. |
| 3 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 23.03.2023 at 11:00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 29.03.2023 upto 17:00 Hrs. |
| 5 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 29.03.2023 upto 17:00 Hrs. |
| 6 | निविदा की बिड खोलने की तिथि। | 31.03.2023 at 11:00 Hrs. |

**ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती है।**

**अधिशासी अभियन्ता**

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई,**
**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, रानीखेत**
घिंघारीखाल, रानीखेत, जिला-अल्मोड़ा। दूरभाष/फैक्स: 05966-220690 email: pmranikhet@rediffmail.com

पत्रांक : 704/निविदा/135 — दिनांक : 15.03.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य की मुहरबन्द निविदा निम्नांकित चार्ट में उल्लिखित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दि० 29.03.2023 की सायं 3.00 बजे तक निर्माण इकाई रानीखेत में आमन्त्रित की जाती हैं, जो दि० 29.03.2023 को, इस कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दि० 14.03.2023 से 28.03.2023 तक, किसी भी कार्यदिवस एवं कार्यालय समय (प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) में उपरोल्लिखित कार्यालय से परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रानीखेत के पदनाम से बैंक ड्राफ्ट या परियोजना प्रबन्धक के पदनाम के खाता सं० 0938000100201949 पंजाब नैशनल बैंक रानीखेत में जमाकर, प्राप्ति रसीद प्रस्तुत करने के पश्चात् विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि केवल राष्ट्रीयकृत/शैड्यूल अथवा सरकारी बैंक की एफ०डी०आर० जो परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रानीखेत के पदनाम से बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 मात्र के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू० 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + वस्तु एवं सेवा कर 18% | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (फेस-III)। | 20700.00 (रू0 बीस हजार सात सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 2 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (गेलरी-II)। | 37100.00 (रू0 सैंतीस हजार एक सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 3 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (गेलरी-I,फेस-I)। | 36500.00 (रू0 छत्तीस हजार पाँच सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 4 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (गेलरी-I फेस-II)। | 37500.00 (रू0 सैंतीस हजार पाँच सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 5 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (गेलरी-III फेस-I)। | 36900.00 (रू0 छत्तीस हजार नौ सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 6 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (गेलरी-IV फेस-I)। | 37300.00 (रू0 सैंतीस हजार तीन सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 7 | मल्ला महल संग्रहालय, अल्मोड़ा में संग्रहालय डिजाइन कार्य। (गेलरी-IV,फेस-II)। | 36800.00 (रू0 छत्तीस हजार आठ सौ मात्र) | 1000.00 +180.00 कुल रू0 1180.00 | 30 दिन | 04 माह | निर्माण विंग उत्तराखण्ड पेयजल निगम में भवन निर्माण कार्यों हेतु "D" या उससे उच्च क्लास में पंजीकृत ठेकेदार। |

**नोटः- निविदा की अन्य शर्तें इस कार्यालय में उपलब्ध निविदा सूचना में देखी जा सकती है।** — **परियोजना प्रबन्धक**

# ध्वस्त किया गया अतीक के करीबी का मकान

## भारी पुलिस बल के साथ पूर्व प्रधान मोहम्मद अहमद के मकान पर चला बुलडोजर

संवाददाता। फतेहपुर



- पूर्व बसपा नेता स्व. अतहर खान का बेटा है मोहम्मद अहमद
- कार्रवाई के डर से अदालत में हुआ हाजिर
- आईजी द्वारा गांव में की गई छापेमारी में बरामद हुए थे असलहे
- अतहर की मौत पर गांव पहुंचा था अतीक का बेटा

**उमेश** पाल हत्याकांड के आरोपी विधायक अतीक अहमद के करीबियों की प्रशासन कुंडली खंगाल रहा है। जिले में अतीक के खास एक पूर्व प्रधान व हिस्ट्रीशीटर का घर जमींदोज करने की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू हो गई। कार्रवाई से पहले मार्ग पर वाहनों का आवागमन रोककर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया।

खखरेरू थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर व बसपा के कद्दावर नेता रहे स्व. अतहर खान के बेटे पूर्व प्रधान मोहम्मद अहमद से माफिया अतीक के कारखास के सबूत मिले थे। इस पर प्रशासन ने मोहम्मद अहमद की कुंडली खंगालना शुरू कर दिया। जांच में मोहम्मद अहमद का आवास तालाब की जमीन पर बना मिला। जिसके ध्वस्तीकरण के लिए तहसील प्रशासन ने कवायद शुरू की। गुरुवार सुबह एसडीएम खागा मनीष कुमार भारी पुलिस बल, मेडिकल टीम व फायर ब्रिगेड के साथ जेसीबी लेकर रहमतपुर गांव पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। इससे पहले गांव को जोड़ने वाली सड़कों पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। गांव को छावनी में तब्दील कर दिया। कुछ देर बाद देखते ही देखते मकान को जमीदोज कर दिया गया।

करीब महीने भर पहले बसपा नेता अतहर खान की मौत हो चुकी है। बताते हैं कि अतीक अहमद के अतहर से पारिवारिक संबंध थे। अतहर की मौत की खबर पर अतीक के बेटे रहमतपुर गांव उनकी मिट्टी में आए थे।

उमेश हत्याकांड के बाद जिले के लोगों के अतीक से तार जुड़े होने की प्रशासन को जानकारी मिली थी। इसके बाद कुंडली खंगालने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान अतीक के करीबियों की सूची में मोहम्मद अहमद का नाम प्रकाश में आया। इस पर आईजी प्रयागराज जोन ने करीब दस दिन पहले रहमतपुर गांव में छापा मारा था। मोहम्मद अहमद फरार हो गया था, वहीं घर से दो लाइसेंसी असलहे पुलिस ने बरामद किया था। उसके बाद से ही पुलिस मोहम्मद अहमद की तलाश में जुटी हुई थी।

प्रशासन के शिकंजा कसने की खबर जैसे ही मोहम्मद अहमद को हुई तो गांव छोड़कर फरार हो गया था। जब प्रशासन द्वारा घर ढहाने की जानकारी हुई तो कार्रवाई के डर से बुधवार को सात साल पुराने हत्या के एक मामले में फरार चल रहा आरोपी मोहम्मद अहमद कोर्ट में हाजिर हुआ।

एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के शातिर अपराधी और माफिया अतीक अहमद से संबंध रखने वाले हिस्ट्रीशीटर स्व. मोहम्मद अतहर खान की कुछ दिन पहले मौत हो गई है। इनके तीन बेटे है, तीनों आपराधिक किस्म के हैं। जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस पूरे परिवार का माफिया अतीक अहमद के यहां आना जाना था। दबंगई के बलबूते बीच गांव मे तालाबी नंबर पर अवैध रूप से करोड़ों की बेशकीमती हवेली बना कर कब्जा किये हुए थे।

# मुठभेड़ में गो तस्कर को लगी गोली



संवाददाता। फतेहपुर

- तस्कर का साथी भागने में रहा सफल
- गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**औंग** थाना पुलिस व स्वाट प्रथम की संयुक्त टीम की बुधवार देर रात छिवली नदी किनारे गोतस्करों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोतस्कर कबलु उर्फ इश्तियाक निवासी कोड़ा रजौड़ा थाना जहानाबाद के दाहिने पैर में गोली लगी जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर उसका दूसरा साथी भाग निकला। घटनास्थल से पुलिस ने तमंचा, ढेर सारे जिंदा व खोखा कारतूस, बाइक और गोवध के उपकरण बरामद किए। वहीं काटने के लिए एक गाय को पुलिस ने बचा लिया। घायल गोतस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंचे एसपी राजेश कुमार सिंह ने सराहनीय कार्य पर पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गोली से घायल गोतस्कर कब्लू के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में गोवध निवारण, विस्फोटक, मादक पदार्थ अधिनियम आदि की धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिसकी तलाश में पुलिस कांबिंग कर रही है। उन्होंने बताया कि मौके से फरार तस्कर भी शातिर किस्म का अपराधी है। इसके खिलाफ भी जनपद के कई थानों में मुकदमे दर्ज है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पकड़े गए गौतस्कर पर गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध कर संपत्ति भी कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

# भगवती बने सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री

**जालौन**, उरई। नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत देवनारायण दास जी महाराज ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन की राष्ट्रीय कोर कमेटी का विस्तार कर दिया है। नयी घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में क्षेत्र के 5 लोगों को स्थान दिया गया है तथा भगवती प्रसाद मिश्रा को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा का लगातार विस्तार किया जा रहा है। संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन की नयी राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की है। नयी घोषित कार्यकारिणी में तहसील क्षेत्र के 5 लोगों को स्थान दिया गया है। नयी कार्यकारिणी में भगवती प्रसाद मिश्रा को राष्ट्रीय महामंत्री, वाचस्पति मिश्रा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण चन्द्र त्रिपाठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, त्रिलोकी नाथ गुप्ता राष्ट्रीय मंत्री व सत्यनारायण मिश्रा उर्फ भूरे महाराज को राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी नयी टीम के साथियों से संगठन हित में काम करने तथा संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संगठन की प्रगति उससे जुड़े लोगों से होती है। इसके साथ ही संगठन को लोगों के जरूरत के समय साथ देने की अपेक्षा की गयी। नयी घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 5 लोगों को पदाधिकारी घोषित होने पर संगठन के लोगों ने खुशी व्यक्त की तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।

# रामलीला भवन को अवैध कब्जे से कराएं मुक्त : राकेश केशरवानी



**चित्रकूट।** केसरवानी समाज के लोगों ने पुरानी बाजार स्थित रामलीला भवन को लेकर जन सुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि रामलीला भवन हरबंस केसरवानी, महादेव केसरवानी ने 1953 में निर्मित कराया था। जिसमें रामलीला व शादी विवाह या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए नि:शुल्क दिया जाता है। यह नजूल की भूमि नगर पालिका में दर्ज है। पिछले 15 सालों से कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के रूप में वहां पर हैं शादी विवाह अन्य कार्यक्रम जो होते हैं उसका पैसा लेते हैं। पहले रामलीला भवन जो बनाया गया था उसको उन्होंने नष्ट करने का प्रयास किया। जिससे केसरवानी समाज आहत हुआ है। मांग किया कि रामलीला भवन को इनके संरक्षण से मुक्त कराकर केसरवानी समाज या सरकारी संरक्षण में सौंपा जाए। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का कराया मेडिकल

**मौदहा**, हमीरपुर। दुष्कर्म से पीड़ित पुत्री की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक छिमौली रोड काशीराम कॉलोनी निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को बताया कि इसी मोहाल का शाहिद ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपहरण किया और सुनियोजित तरीके से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अतर्रा भिजवाया। उसके पीछे लगा रहा अतर्रा चौराहा पहुंचते ही उसकी पुत्री जोर जोर से रोने लगी तभी मौके पर मौजूद पुलिस ने सुरक्षा की और फोन द्वारा अवगत कराया। पीड़ित का आरोप है कि मेरी नाबालिग पुत्री के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर बलात्कार किया है तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देता हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

# चित्रकूट के विकास को लेकर सरकार कटिबद्धः राजा बुंदेला

संवाददाता। चित्रकूट



**धर्मनगरी** आए बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने संतों, व्यापारियों, बुंदेली सेना, किसानों समेंत विभिन्न संगठनों से भेंट की। तीर्थक्षेत्र की समस्यायों के समाधान के लिए संतों को सीएम से मिलाने और किसानों को कृषि मंत्री से लखनऊ में भेंट कराने का उन्होंने वादा किया। व्यापारियों से भी उन्होंने उद्योगपतियों की समिट कराने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चित्रकूट के विकास को लेकर गंभीर हैं। फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में लगभग आधा सैकड़ा किसानों ने डाक बंगला में भेंट की। किसानों से एक घंटे की विस्तृत चर्चा हुई। कृषि और किसानी की तमाम समस्यायों के समाधान के लिए राजा बुंदेला नें किसानों को कृषि मंत्री और शासन के सचिव स्तरीय अधिकारियों से भेंट कराने का वायदा किया। इस दौरान किसानों नें ज्ञापन भी सौंपा। इसी तरह उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी,महामंत्री सुनील द्विवेदी,महामंत्री गुलाब गुप्ता के साथ व्यापारियों नें राजा बुंदेला से भेंट किया। व्यापारियों को उन्होंने सुझाव दिया कि समय पर तीर्थक्षेत्र में व्यापारिक समिट आयोजित की जानी चाहिए। नए उद्योगपति बुलाए जाएं। यहां का माहौल देखने के बाद कोई भी आकर्षित होगा। रामघाट स्थित भरत मंदिर में दिगंबर अखाडा के महंत दिव्यजीवन दास के नेतृत्व में संतों की बैठक हुई। संतों ने तीर्थक्षेत्र के विकास को लेकर तमाम सुझाव दिए। अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल भाई से उनके संस्थान पहुंचकर मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने वनवासियों के गोपाल भाई पुस्तक भेंट की।

## क्विक न्यूज

### 18 खम्भों के तार काट ले गये चोर, बिजली आपूर्ति बाधित

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के 132/33 उप केंद्र साढ़ से भीतरगांव क्षेत्र को गयी पसेंवा फीडर की लाइन के तार चोर दो बार में 18 खम्भों के तीनों तार काट ले गये। तार कटिंग से कस्बा भीतरगांव सहित दो दर्जन से अधिक गांवों की आपूर्ति बीते तीन दिनों से ठप्प है। बताया जाता है कि उप केंद्र से करीब एक किमी दूर बीते मंगलवार की रात चोर 7 खम्भों का तार काट ले गये थे जिसकी रिपोर्ट अवर अभियंन्ता ने बुद्यवार का दर्ज करायी थी, लेकिन 15/16 की रात चोर फिर उसके आगे 11 खम्भों के तार काट ले गये। तार कटिंग से पसेवा फीडर के अंर्न्तगत आने वाले करीब दो दर्जन गांवों की आपूर्ति ठप्प है। अवर अभियंन्ता ने बताया कि प्रभावित गांवों की आपूर्ति घाटमपुर क्षेत्र के गांव रामसारी के पास से तार जोड़कर आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर क्षेत्र के गौरीकरन गॉव में गुरूवार की शाम को हुयी बारिश से पूर्व आसमान में छाये बादलों की टकराहट से कौंधी बिजली ने एक व्यक्ति की जान ले ली वहीं पास ही में खडा एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया, सूचना पर भोगनीपुर एसडीएम ने पहॅुच कर घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार गुरूवार शाम को आसमान में छाये बादल अचानक गरजने लगे और तेज आवाज से जोरदार बिजली कौंधी भोगनीपुर क्षेत्र के गौरीकरन गॉव में खेतों में काम कर रहे हरिनारायण पुत्र भगवानदीन उम्र 53 वर्ष आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। पास ही खेतों में खडे आलोक नाथ कटियार पुत्र मौजीलाल उम्र 50 वर्ष भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये, सूचना पर भोगनीपुर एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा झुलस कर घायल आलोक नाथ कटियार को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा।

### निपुण बालक-बालिका खोज में गिरथान के हिमांशु टॉप 10 में



**उरई, जालौन।** परिषदीय विद्यालय गिरथान के कक्षा एक के छात्र ने जिस तरह से निपुण बालक-बालिका खोज प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर टॉप दस में चयनित हुआ है उसको देखते हुये उसके हौंसले बुलंद दिखे। हिमांशु ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया कि ग्रामीणांचल के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे ऐसी प्रतियोगिताओं में सफल नहीं हो सकते। मीडिया टीम से बातचीत के दौरान छात्र हिमांशु यादव प्राथमिक विद्यालय गिरथान कक्षा-1 का छात्र हूं। मैंने प्रतिदिन विद्यालय एवं घर पर पढ़ाई की। मैं अपने शिक्षकों से बहुत प्रभावित हूं। उनके मार्गदर्शन से ही मैं निपुण बालक, बालिका खोज प्रतियोगिता में जिला स्तर पर टॉप 10 में चयनित हुआ हूं।

### नासिरपीर बाबा के सालाना उर्स में उमड़े अकीदतमंद

**फतेहपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नासिरपीर बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक सम्पन्न हो गया। हिन्दू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों की भारी भीड़ रही। मजार पर फातिया पढ़ लोगों ने दुआयें मांगी। वहीं मजार के बाहर सजी विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की दुकानों से बच्चों ने अपने मनपसंद व्यजंन का स्वाद लिया। महिलाओं ने श्रृंगार सामग्री के साथ-साथ घरेलू सामान की खरीदारी की। दूसरे दिन आयोजित कव्वाली कार्यक्रम में रात भर कव्वालों ने ऐसी समा बांधी कि लोग अपने-अपने स्थान पर जमे रहे। शबेरात पर्व के बाद हर साल हजरत नासिरपीर बाबा का सालाना उर्स मुबारक मनाया जाता है। सालाना उर्स के मौके पर मजार शरीफको अन्दर से लेकर बाहर तक विद्युत झालरों एवं बल्बों से सजाया गया।

# चित्रकूट के चौमुखी विकास के लिए सीएम योगी का हुआ अभिनंदन



**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के नेतृत्व में भाजपाईयों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के चहुमुखी विकास के लिए आभार जताते हुए अभिनंदन किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि सीएम योगी ने चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किये हैं। गुरुवार को भाजपा के प्रांतीय नेता एवं चित्रकूट के जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, पहाड़ी के ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर चित्रकूट के चहमुखी विकास के लिए किये जा रहे कार्यो के लिए बधाई देते हुए अभिनंदन किया है। अशोक जाटव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से योगी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है तब से बुंदेलखंड और चित्रकूट का नई पहचान मिली है।

# बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से मचा हाहाकार

संवाददाता। कोंच, जालौन



- फर्स्ट फीडर से जुड़ा इलाका 24 घंटे से अधिक समय से अंधेरे में डूबा
- तमाम गांवों में भी बिजली आपूर्ति ठप्प

**प्रदेशीय** संगठन के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गत रोज मंगलवार से आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किये जाने से नगर सहित समूची तहसील क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह धड़ाम हो गई है जिससे आमजन के जीवन में बिजली बिन हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मंगलवार की देर शाम मशाल जुलूस निकाले जाने के बाद बिजली कर्मचारियों द्वारा हड़ताल पर चले जाने के चलते नगर में उरई रोड पर स्थित 33ध्11 केबी विधुत सब स्टेशन से संचालित फर्स्ट फीडर की बिजली आपूर्ति बुधवार शाम करीब 4 बजे से ही ठप्प है और 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति जारी नहीं हो सकी है। फर्स्ट फीडर में नगर के मुख्य बाजार, सागर चौकी, स्टेट बैंक, सुभाष नगर, जयप्रकाश नगर, गांधीनगर, गोखलेनगर, पटेल नगर, आंशिक जवाहर नगर आदि इलाका शामिल है। उक्त सभी इलाकों में लोकल फॉल्ट दुरुस्त न हो पाने की स्थिति में बिजली आपूर्ति ठप्प है जिससे इन इलाकों के बाशिंदों को बीते 24 घंटे से गर्मी में मच्छरों के बीच परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में लगे इन्वर्टर भी पीं पीं कर बंद हो गये हैं साथ ही पानी का संकट भी जबरजस्त रूप से गहरा गया है। गृहस्थी के काम में महिलाओं से लेकर बाजार के दुकानदारों व बिजली से चलने वाले छोटे मोटे संयत्रों के सहारे अपनी रोज की जीविका चलाने वाले कामगारों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इन दिनों अधिकांश स्कूली बच्चों की परीक्षाएं भी चल रहीं हैं जिसके चलते बच्चों की अंधेरे में पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। हड़ताल पर रहने के चलते बिजली कर्मचारी लोकल फॉल्ट दुरुस्त करने हेतु शट डाउन लेने को तैयार ही नहीं हैं। कोंच नगर का उक्त इलाका ही नहीं बल्कि तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों में भी पिछले 24 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। वहीं स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम कृष्णकुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी पुलिस बल के साथ गुरुवार की दोपहर में 33/11 केबी विद्युत सब स्टेशन पर पहुंचे जहां मौजूद एसएसओ से उन्होंने पूरी जानकारी ली।

# पेज एक का शेष

## संसद में...

की मांग की थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और अडाणी जी के रिश्ते के बारे में सवाल पूछे थे। उस भाषण को पूरी तरह कार्यवाही से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला (गतिरोध) ध्यान भटकाने का है। सरकार और प्रधानमंत्री, अडाणी जी के मुद्दे से डरे हुए हैं। इसलिए उन्होंने पूरा तमाशा खड़ा किया है। ऐसा लगता है कि वो मुझे संसद में नहीं बोलने देंगे। राहुल गांधी ने संसद में उठाए सवालों को फिर से सामने रखा और कहा, मुख्य मुद्दा है कि नरेंद्र मोदी जी और अडाणी जी के बीच का क्या रिश्ता है और शेल कंपनियों में किसका पैसा है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री उनके सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। हाल ही में लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे पर बर्बर हमला हो रहा है। उन्होंने अफसोस जताया था कि अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से इस पर ध्यान देने में नाकाम रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी के माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता है क्योंकि उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ नहीं, बल्कि इसे मजबूत बनाने वाले बयान दिए हैं।

## पहले सार्वजनिक...

की जननी के रूप में देखती है उसके लिए राहुल गांधी ने गंभीर अपमानजनक टिप्पणी की है, और इससे पूरे देश में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए क्योंकि सांसद और देश यही मांग कर रहे हैं। जोशी ने जोर देकर कहा कि भाजपा के अलावा अन्य दल भी गांधी से माफी की मांग कर रहे हैं। संसद भवन परिसर में ही पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि परदेशी घर आ गए हैं और अब विदेशी सरजमीं से भारत की छवि खराब करने के अपने कृत्यों पर वह माफी मांग लें। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने विदेशी सरजमीं से देश को अपमानित करने का काम किया है। ये टुकड़े-टुकड़े व देश का नामोनिशान मिटाने के सपने देखने वाले गैंग के साथ खड़े होते हैं। अपनी पार्टी में शामिल करते हैं। अब विदेश में जाकर भारत को बदनाम करने का काम, झूठ बोलने का काम, संसद का अपमान करने का काम किया है। उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर एक संसद सदस्य के भारत विरोधी कृत्य की निंदा सांसद नहीं करेंगे तो लोग उनसे सवाल पूछेंगे कि वे संसद में क्या कर रहे थे?

## अरुणाचल में...

साढ़े 12 बजे हेलीकॉप्टर को जलते देखा। उन्होंने कहा कि उस क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं है और इतना अधिक कोहरा फैला है कि कि दृश्यता घटकर महज पांच मीटर रह गई है।

## सीबीआई ने...

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) राकेश कुमार सिन्हा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिन्हा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विशेष सलाहकार और एफबीयू में संयुक्त निदेशक के रूप में काम कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि इनके अलावा खुफिया ब्यूरो के पूर्व संयुक्त उप निदेशक प्रदीप कुमार पुंज (जो फीडबैक इकाई के उप निदेशक के रूप में कार्यरत थे) सीआईएसएफ के सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट सतीश खेत्रपाल (जो फीडबैक अधिकारी के रूप में कार्यरत थे) और गोपाल मोहन (केजरीवाल के भ्रष्टाचार रोधी सलाहकार) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 403, 409, 468, 471, 477ए के अलावा भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई ने प्राथमिकी मंगलवार को दर्ज की और इसकी जानकारी बृहस्पतिवार को सामने आई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस कार्वाई पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, प्रधानमंत्री की योजना मनीष के खिलाफ कई झूठे मामले चलाने और उन्हें लंबे समय तक हिरासत में रखने की है। सीबीआई के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न विभागों, स्वायत्त निकायों, संस्थानों के कामकाज के बारे में प्रासंगिक जानकारी तथा कार्रवाई योग्य प्रतिक्रिया एकत्र करने और किसी को फंसाने की मंशा से 2015 में फीडबैक इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था।

## कोल्ड स्टोरेज...

की आशंका है। उन्होंने बताया, मलबे में फंसे कुछ लोग बचाव कर्मियों को प्रतिक्रिया दे पा रहे हैं और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पूरी मुस्तैदी से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस के सिलिंडर रखे होने की वजह से राहत एवं बचाव कार्य में बहुत एहतियात बरती जा रही है। बचाव अभियान देर रात तक चलने की सम्भावना है। पुलिस उप महानिरीक्षक ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज के मालिक अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों घटना के बाद से फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी का काम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम को दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत मामले की मजिस्ट्रेट से जांच कराई जाएगी। माथुर ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज का जो हिस्सा आज ढहा है वो तीन माह पहले ही बना था लेकिन इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। इसके अलावा उसमें क्षमता से अधिक मात्रा में आलू रखा गया था। माथुर ने बताया, मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा पुलिस की टीमें राहत और बचाव कार्य कर रही हैं। इसके लिए रोशनी का पूरा इंतजाम किया गया है। चंदौसी के उप जिला अधिकारी रामकेश धामा ने बताया कि क्षेत्र के मई गांव में इस्लाम नगर मार्ग पर स्थित एक निजी कोल्ड स्टोरेज के चेंबर की छत आज पूर्वाह्न करीब 11 बजे अचानक ढह गई।

## कोविड-19...

आकलन-आधारित रवैया अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड-19 मामलों के नए और उभरते हुए उपस्वरूपों, इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) और गंभीर श्वसन संक्रमण पर नजर रखने पर जोर दिया।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए जीनोम अनुक्रमण, चिह्नित स्वास्थ्य केंद्रों से नमूने एकत्रित करने और मामलों के स्थानीय समूहों पर नजर रखने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने पर भी जोर दिया। भूषण ने कहा कि महाराष्ट्र में एक सप्ताह में संक्रमण के मामले 355 से बढ़कर 668 हो गए। गुजरात में एक सप्ताह में कोविड-19 के मामले 105 से बढ़कर 279 हो गए। पत्र के अनुसार, तेलंगाना में संक्रमण के मामले एक सप्ताह में 132 से बढ़कर 267 हो गए हैं। तमिलनाडु में इस दौरान मामले 170 से बढ़कर 258 हो गए हैं। केरल में एक सप्ताह में कोरोना वायरस के मामले 434 से बढ़कर 579 हो गए हैं। कर्नाटक में इस दौरान संक्रमण के मामले 493 से बढ़कर 604 हो गए हैं।

## तेजस्वी 25...

जिसमें तेजस्वी यादव ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने का अनुरोध किया था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेजस्वी ने याचिका में कहा था कि उन्होंने कई पत्रों के माध्यम से जांच अधिकारी से अनुरोध किया कि उन्हें कुछ समय दिया जाए क्योंकि बिहार विधानसभा का वर्तमान सत्र पांच अप्रैल तक चलेगा। तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने अनुरोध किया था कि या तो उन्हें पटना स्थित सीबीआई कार्यालय में उपस्थित होने की अनुमति दी जाए या अगर उनसे कोई जानकारी या दस्तावेज चाहिए तो वह नई दिल्ली में अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उसे मुहैया करा देंगे। वहीं, न्यायाधीश ने सुझाव दिया कि पांच अप्रैल तक सीबीआई वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर सकती है, इस पर सीबीआई की ओर से पेश वकील ने कहा कि यादव का व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहना जरूरी है क्योंकि उन्हें कुछ दस्तावेज दिखाने होंगे और एजेंसी का आरोपपत्र तैयार है, जिसे इसी महीने अदालत में दाखिल करना है। हालांकि, सीबीआई के वकील ने अदालत को भरोसा दिलाया कि तेजस्वी यादव को इस महीने गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। इस पर, वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा, लेकिन, बाद में जांच अधिकारी कहेंगे कि ऊपर से फोन आ गया था। ये ऊपर का फोन बहुत खतरनाक होता है। तंत्र हमारे जैसे लोगों के लिए अनुकुल नहीं है। यह मामला लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार को कथित तौर पर उपहार में दी गई या बेची गई जमीन के बदले रेलवे में की गई नियुक्तियों से जुड़ा है।

## रिकॉर्ड 68...

लिए स्थानीय प्रशासन से संयुक्त निरीक्षण के बाद निर्णय लिया जाएगा। जोजिला दर्रे से वाहनों का एक काफिला 16 मार्च को सफलता पूर्वक निकाला गया। इस बार दर्रे को खोलने में पिछले साल की तुलना में 73 दिन और उसके पिछले साल 160-180 दिनों की तुलना में सिर्फ 68 दिन लगे। बीआरओ ने अपने लिखित बयान में कहा कि इस साल उत्तरी सीमा पर आधारभूत ढांचे के विकास और संपर्क बढ़ाने के मद्देनजर जोजिला दर्रे के आसपास रणनीतिक महत्व और बढ़ गया है। बीआरओ के अनुसार जोजिला दर्रे को 6 जनवरी 2023 तक यातायात के लिए खुला रखा गया जो एक ऐतिहासिक मिसाल है। जोजिला दर्रे के खुले रहने का लाभ यह हुआ कि नवंबर 2022 से 6 जनवरी 2023 के बीच करीब 13,500 वाहन गुजरे। बर्फ हटाने का अभियान फरवरी 2023 के पहले सप्ताह में शुरू किया गया था।

## जम्मू-श्रीनगर...

सुरंग को सड़क के दोनों ओर यातायात के लिए खोल दिया गया है और अब पत्थर गिरने से होने वाली बाधा के बिना वाहन सुचारू रूप से जारी रहेगा। कश्मीर को देश के शेष हिस्से से जोड़ने वाले 270 किलोमीटर राजमार्ग की चार लेन की परियोजना 2011 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शुरू की गई थी। टी5 पिछले साल एनएचएआई द्वारा जनता को समर्पित चौथी सुरंग है जबकि कई अन्य छोटी सुरंग और पुलों का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है जो राजमार्ग के अन्य अहम स्थानों से गुजरेंगे। इससे जुलाई अंत तक इस राजमार्ग पर यात्रा करना सुगम हो जाएगा।

# रूसी जेट के साथ मुठभेड़ में अमेरिकी ड्रोन नष्ट

**● अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन**



**भाषा।** वर्जीनिया (यूएस)

**विवरण और** कारण भले विवादित हों, लेकिन हुआ दरअसल यही था 14 मार्च, 2023 को एक अमेरिकी ड्रोन रूसी विमान के साथ मुठभेड़ के बाद काला सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटनाक्रम को लेकर अमेरिकी प्रतिक्रिया के अनुसार, निशस्त्र एमक्यू-9 निगरानी ड्रोन अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहा था जब दो रूसी लड़ाकू जेट विमानों ने अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए ड्रोन को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस बात से इंकार किया कि उसके विमान ने अमेरिकी ड्रोन से संपर्क किया था। इसके बजाय, रूस ने जोर देकर कहा कि ड्रोन अपने ट्रांसपोंडर के साथ रूस की सीमाओं की दिशा में उड़ रहा था, यह सुझाव देते हुए कि रूस ने उड़ान को संदिग्ध पाया। इसके अलावा, रूस ने कहा, अमेरिकी ड्रोन ने अस्थाई सीमाओं का उल्लंघन किया, जिसे रूस ने यूक्रेन के खिलाफ अपने संचालन के लिए स्थापित किया था और अपने आप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यूक्रेन पर आक्रमण के दौरान अपनी सैन्य गतिविधियों के बारे में रूस की पिछली गलत बयानी के आलोक में, मैं रूस के दावों को संदेह की दृष्टि से देखता हूं। इसके अलावा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो अंतरराष्ट्रीय कानून का अध्ययन करता है और पूर्व में अमेरिकी विदेश विभाग में सशस्त्र संघर्ष से संबंधित मुद्दों पर सलाह देने वाले वकील के रूप में कार्य करता था, मैं इस प्रकरण को अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में विमान और ड्रोन संचालित करने के देशों के अधिकार को उजागर करने के रूप में देखता हूं - भले ही उनका उद्देश्य दूसरे देश की जासूसी करना हो।

**उचित सम्मान दिखाना:** यदि तथ्यों का अमेरिकी पक्ष सही है, तो रूस ने वास्तव में अमेरिकी ड्रोन के रास्ते में आकर अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुच्छेद 87 के तहत, वह जलक्षेत्र जो किसी भी देश के क्षेत्रीय समुद्र या विशेष आर्थिक क्षेत्र नहीं हैं - सभी राज्यों के लिए खुले हैं। और किसी भी देश को इस क्षेत्र में उड़ान भरने की स्वतंत्रता हासिल है। अधिवेशन में यह भी कहा गया है कि यह स्वतंत्रता सभी देशों द्वारा खुले समुद्र की स्वतंत्रता के अपने प्रयोग में अन्य देशों के हितों के लिए उचित सम्मान के साथ प्रयोग की जाएगी। अमेरिका इस संधि का एक पक्ष नहीं है, जिस पर 1982 में हस्ताक्षर किए गए थे और वर्तमान में रूस सहित 168 देश इसके सदस्य हैं। फिर भी, अमेरिका इसके कई प्रावधानों को प्रथागत कानून के रूप में मान्यता देता हैअ वास्तव में, एक प्रमुख अमेरिकी नौसैनिक पुस्तिका यह स्वीकार करती है कि सभी देशों के विमान अन्य देशों के हस्तक्षेप के बिना अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में संचालित करने के लिए स्वतंत्र हैं।

## अमेरिका, कनाडा, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास

**तोक्यो।** अमेरिका, कनाडा, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया संयुक्त पनडुब्बी रोधी युद्धाभ्यास कर रहे है। यह अभ्यास ऐसे समय मे हो रहा है, जब जापान और दक्षिण कोरिया के नेता चीन और उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते खतरो के खिलाफ अमेरिका के साथ अपने गठबंधन को मजबूत करने के मकसद से तोक्यो मे शिखर वार्ता कर रहे है। यूएस सेवेंथ फ्लीट ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि सी ड्रैगन 23 अभ्यास बुधवार को शुरू हुआ, जो 270 घंटे से अधिक समय तक चलेगा। बयान के अनुसार, सभी भाग लेने वाले देशो के पायलट और उड़ान अधिकारियो के लिए कक्षा प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमे वे अपने देशो की क्षमताओ और उपकरणो को शामिल करने की योजना बनाने और रणनीति पर चर्चा करेंगे। अभ्यास एक प्रतियोगिता के रूप मे आयोजित किया जा रहा है, जिसमे देश ड्रैगन बेल्ट जीतने के लिए सबसे अधिक अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। अमेरिकी नौसेना का प्रतिनिधित्व वर्तमान मे गुआम मे स्थित दो पी-8 ए पोसेडॉन मैरीटाइम पेट्रोल और टोही विमान द्वारा किया जा रहा है।

# फ्रांस में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने संबंधी विधेयक के लिए आज निर्णायक दिन




**भाषा।** पेरिस

**फ्रांस में** सेवानिवृत्ति की आयु को विस्तार देने संबंधी विधेयक का बृहस्पतिवार को निर्णायक दिन साबित हो सकता है क्योंकि इसे या तो संसदीय वोट या राष्ट्रपति की विशेष शक्तियों के जरिए कानूनी रूप दिया जा सकता है। एक तरफ जहां, सफाई कर्मचारी अपनी हड़ताल जारी रखे हुए हैं, वहीं छात्रों ने संसद के निचले सदन तक मार्च करने की योजना बनाई है क्योंकि विधेयक के विरोधी सरकार पर इससे पीछे हटने का दबाव डाल रहे हैं। बुधवार को देश भर में लगभग 5,00,000 लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया था। बृहस्पतिवार का दिन फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के लिए भी खासा अहम है क्योंकि वह सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष करने के पक्ष में हैं।

## लाहौर उच्च न्यायालय ने इमरान खान की पार्टी को रैली करने से रोका

**भाषा।** लाहौर

**लाहौर में** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षाकर्मियो के बीच हाल ही मे हुई झड़प से दुनिया भर मे पाकिस्तान की छवि के धूमिल होने को देखते हुए एक शीर्ष अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को यहां ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान मे एक रैली आयोजित करने से रोक दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान ने मंगलवार को घोषणा की थी(

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Kamlesh is the owner of Plot No. 3-A, area measuring 51 Sq., Yds., out of Khasra No.233, situated in the Colony Known as West Sagar Pur, in the area of Village Nasirpur, New Delhi, vide GPA, ATS & Will dated 05.01.2001. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if any-body has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice** This is to inform General Public that Mrs. Satinder Kaur & Dr. Jasbir Singh acquired the First Floor Front Side Flat "said flat" of built-up property bearing no. K-13 A, Total area measuring 350 sq. yards., situated Green Park Extn. Delhi vide Sale Deed dated 11.11.2011, (Doc. no. 18739). Unfortunately, Mrs. Satinder Kaur died and leaving behind her legal heirs namely (1) Mr. Gagandeep Singh, (2) Mr. Kamal Jyoti and (3) Mr. Ritu Singh intending to sell above said property to Mr. Rohit Jain & and Mrs. Aneeta Jain. Now, (1) Mr. Gagandeep Singh, (2) Mr. Kamal Jyoti and (3) Mr. Ritu Singh have intending to sell the above said property to Mr. Rohit Jain & and Mrs. Aneeta Jain and further Mr. Rohit Jain & and Mrs. Aneeta Jain agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

## ब्रिटेन ने सरकारी फोन पर टिकटॉक ऐप उपयोग करने पर रोक लगाई

**लंदन।** सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर ब्रिटिश सरकार ने सरकारी फोन पर चीनी वीडियो ऐप टिकटॉक इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। कैबिनेट कार्यालय मंत्री ओलिवर डाउडेन ने बृहस्पतिवार को संसद मे इस बाबत घोषणा की। अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ और भारत पहले ही अपने देशों मे टिकटॉक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा चुके है। हालांकि, इस ऐप के स्वामित्व वाली चीनी कंपनी ने उपयोगकर्ताओं का डेटा चीनी सरकार के साथ साझा करने के आरोपो का खंडन किया है। डाउडेन ने सांसदो से कहा कि इस तरह के जोखिम की आशंका है कि टिकटॉक द्वारा सरकारी डेटा और सूचनाओं का कैसे इस्तेमाल किया जाता है।

## इराक के उत्तर में रहस्यमई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में कई लोगों की मौत

**दोहुक (इराक)।** उत्तरी इराक मे एक रहस्यमय हेलीकॉप्टर दुर्घटना मे प्रतिबंधित कुर्द विद्रोही समूह से जुड़े आतंकवादियो सहित कई लोग मारे गए। बृहस्पतिवार को इराकी कुर्द द्वारा संचालित आतंकवाद रोधी संगठन के बयान मे यह जानकारी दी गई। आतंकवाद रोधी संगठन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान मे कहा कि एक हेलीकॉप्टर पिछली रात इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र मे दोहुक प्रांत के चमांके जिले मे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बयान मे कहा गया है कि हेलीकॉप्टर मे सवार सभी यात्री मारे गए।

## पोलैंड ने रूस के लिए जासूसी करने के संदेह में नौ लोगों को हिरासत में लिया

**वारसा।** पोलैंड के अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की सुरक्षा सेवाओ ने रूसी जासूसी गिरोह के सदस्यो को हिरासत मे लिया है और आरोप लगाया कि वे पोलैंड मे नुकसान पहुंचाने की तैयारी कर रहे थे तथा यूक्रेन मे हथियारो की आपूर्ति के मार्गो पर नजर रख रहे थे। पोलैंड के गृह मंत्री मारियुस कामिंस्की ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस मामले मे रूस के लिए जासूसी करने के संदिग्ध नौ लोगो को पकड़ा है। उन्हे बुधवार को हिरासत मे लिया गया।

## शरीफ ने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से सुरक्षित बताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से सुरक्षित है और उनकी रक्षा पूरी सतर्कता से की जा रही है। उनका यह बयान अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा कर्ज मे दबे पाकिस्तान के दिवालिया होने की आशंका के बीच आया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम के बारे मे प्रेस विज्ञप्ति, प्रश्न और विभिन्न दावे सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे है।

# रूस पर युद्ध अपराध करने का आरोप

**संयुक्त राष्ट्र समर्थित जांच आयोग की रिपोर्ट में खुलासा**

**भाषा।** जिनेवा



**संयुक्त राष्ट्र समर्थित** जांच आयोग के मुताबिक रूसी सैनिकों ने यूक्रेन में आम नागरिकों पर हमला किया जिनमें कब्जे वाले इलाकों में व्यवस्थागत तरीके से यताना देना और हत्या करना शामिल है और यह संभवत: मानवता के खिलाफ अपराध है। यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। यूक्रेन के मारियूपोल शहर स्थित थिएटर जिसमें सैकड़ों लोगों ने आश्रय लिया था पर किए गए हवाई हमले के करीब एक साल बाद जारी व्यापक मानवाधिकार रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थाई सदस्य की असमान्य तरीके से निंदा की गई है। मानवता के खिलाफ संभावित अपराधों का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में यूक्रेन की अवसंरचना पर हो रहे लगातार हमले का हवाला दिया गया है जिसकी वजह से लाखों लोगों को सर्दी में बिना बिजली और ऊष्मा साधनों के रहना पड़ा। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि रूस द्वारा कब्जा किए गए कई इलाकों में वृहद पैमाने पर और व्यवस्थागत तरीके से यातना का इस्तेमाल किया गया। उल्लेखनीय है कि जांच आयोग सबसे मजबूत हथियार है जिसका इस्तेमाल संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार परिषद दुनिया भर में उत्पीड़न और कानूनों के उल्लंघन की जांच करने के लिए करती है।

## रूसी अधिकारियों ने पूर्व मेयर को हिरासत में लिया

**मॉस्को।** रूस के एकातेरिनबर्ग शहर के पूर्व मेयर एवगेनी रोइजमैन को बृहस्पतिवार को अधिकारियो द्वारा प्रतिबंधित संगठन की सामग्री सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप मे हिरासत मे ले लिया गया। पूर्व मेयर को अधिकारियो द्वारा हिरासत मे लेने की यह कार्रवाई विरोध प्रदर्शन को कुचलने का प्रयास प्रतीत होती है। सरकार के तीखे आलोचक एवगेनी रोइजमैन रूस मे सबसे चर्चित विपक्षी शख्सियतो मे से एक है। पिछले साल, 60 वर्षीय रोइजमैन को रूसी सेना को बदनाम करने के आरोपो का सामना करना पड़ा था। उन पर अपने वकीलो तथा परिवार के सदस्यो के अलावा सार्वजनिक कार्यक्रमो मे भाग लेने, इंटरनेट, टेलीफोन व ईमेल का उपयोग करने और किसी अन्य के साथ बातचीत करने से रोक लगा दी गई थी। रोइजमैन 2013 से 2018 तक मेयर थे।

# यूक्रेन युद्धः क्रीमिया के जनमत संग्रह पर पश्चिम की कमजोर प्रतिक्रिया ने बड़े आक्रमण का रास्ता बनाया

**भाषा।** लंदन

**क्रीमिया में** 16 मार्च 2014 को एक जनमत संग्रह कराया गया था, जब यह क्षेत्र सैन्य नियंत्रण में था, ताकि मतदाताओं से पूछा जा सके कि क्या वे रूस का हिस्सा बनना चाहते हैं। आधिकारिक परिणाम रूस के पक्ष में 96.7 प्रतिशत वोट था। उस समय क्रीमिया की सार्वजनिक इमारतों पर रूसी सैनिकों का कब्जा था, और पूरे प्रायद्वीप में सेना को देखा जा सकता था। रूसी अधिकारियों ने कोसोवो की मिसाल का हवाला दिया था, जहाँ नाटो ने सर्बों के खिलाफ कोसोवो का रक्षक बनने के लिए हस्तक्षेप किया था। रूस ने 2008 में अपने पड़ोसी जॉर्जिया पर आक्रमण से पहले भी इसी तरह के पैंतरे का इस्तेमाल किया था। इस बात के बहुत कम सबूत थे कि यूक्रेन के भीतर क्रीमिया को खतरा था और उसे रूस द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय बचाव मिशन की जरूरत थी। लेकिन पुतिन के अधीन रूस ने क्रीमिया में जातीय रूसियों के बारे में चिंता व्यक्त की थी, और रूसी राष्ट्र के हिस्से के रूप में इसके इतिहास की बात की थी। क्रीमिया और कोसोवो के बीच स्पष्ट मतभेद थे। क्रीमिया को कीव से कोई खतरा नहीं था। मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले, जैसे कि कोसोवो में देखे गए, क्रीमिया में सामने नहीं आ रहे थे।

बहुमत अनुमोदन - अगर ऐसा क्रीमिया में हुआ है - अंतरराष्ट्रीय कानून में विलय के लिए अपर्याप्त है। जैसे, क्रीमिया जनमत संग्रह की वैधता और परिणाम के बारे में प्रश्न बने हुए थे। फिर भी यूक्रेन पर 2022 के आक्रमण के औचित्य के रूप में कोसोवो का उदाहरण फिर से सामने आया।पश्चिमी प्रतिक्रिया को देखते हुए क्रीमिया का विलय और रूस का यह बताना कि इस क्षेत्र पर उसका अधिकार क्यों था, ने यूरोप और व्यापक पश्चिमी दुनिया के लिए नीतिगत और राजनीतिक चुनौतियां बढ़ा दीं। उनकी प्रतिक्रिया से रूस ने यह जान लिया कि वह एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दखल के बिना क्या कर सकता है, जिसका व्यापक यूक्रेन के लिए बड़े पैमाने पर असर होना था।

**PUBLIC NOTICE**

General public hereby informed that my Clients Sh. Bani Singh S/o Late Sohan Lal R/o Vill. Sikhaida, Pilkhua Dehat, Hapur, Pilkhuwa Post Office, Uttar Pradesh-245304 has Instituted a case bearing no. 42/2023 titled as "Bani Singh Vs. Smt. Pramod" in the Hon'ble Court of Ms. Preeti Moga, Civil Judge (Civ. Div.)-2, Hapur Courts, Hapur, U. P. wherein the ownership rights involved in property bearing no. "Factory Land & Building at Khasra 440 Min Khat No. 00149 Village Hawal (Dhaulana Road) Pargana Dasna tehsil & Distt. Hapur, U. P. (Near L&T training centre) measuring 6537 Sq. Mtr." are challenged and whereupon my Client has an exclusive right / title /interest being purchaser of the above said property with his own funds/earning and whereas the title of the above said property shall be resultant of the final outcome of the above said suit. It is thereby general public is informed that any person dealing with the above said Smt. Pramod or the property as mentioned above in whatsoever manner, shall do so at one's own risk, cost and consequences whereby my client shall not be responsible for the same in any manner whatsoever

**Geeta Sharma (Advocate)**
**Ch. No-30, Western Wing Tis Hazari**
**Delhi-110054**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) SML_SMLSUPER REG. NO. UP14HT7119 -YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 577836

2) SML_SMLSARTAJP REG. NO. UP14HT7909 - YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 485000


UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 01.04.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **आर्थिक समृद्ध भारत समाज पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **610/808, निकट इंदिरा हॉस्पिटल, फैजुल्लागंज, लखनऊ-226020** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

**सभापति/अध्यक्ष :** योगेन्द्र प्रताप सिंह, ग्राम-शाहपुर, पोस्ट-शाहपुर, भगौली, बाराबंकी, उ0प्र0 उपाध्यक्ष : मनोज कुमार, ग्राम टिकरा मजरा, अकबरपुर, थाना-मिश्रिख, सीतापुर, उ0प्र0 **उपाध्यक्ष :** मो0 इदरीश, ग्राम-टड़ईकला, पोस्ट-खरवलिया, तहसील सिधौली, सीतापुर, उ0प्र0 **उपाध्यक्ष :** मो0 तारिक, 554, करीमगंज, ठाकुरगंज, लखनऊ, उ0प्र0 **महासचिव :** किशन पाल कनौजिया, 537बी/पी 28ए, केशवनगर, फैजुल्लागंज, थाना-मड़ियांव, लखनऊ, उ0प्र0 **महासचिव :** दुर्गेश, ग्राम-ढोढेपुरवा, म0 परसहिया, पोस्ट-कुम्हरावां, बी.के.टी. लखनऊ, उ0प्र0 **महासचिव :** लवलेश, शंकरपुर, वाजिद नगर, रामपुर कला, सीतापुर, उ0प्र0 **महासचिव :** हरीश कुमार, खरवलिया, सिधौली, सीतापुर, उ0प्र0 **सचिव :** अवधेश कुमार, ग्राम-सिघुवामऊ, पोस्ट-लाल पालपुर, हरदोई, उ0प्र0 **कोषाध्यक्ष :** अजीत प्रताप भारती, रेंगामऊ, पोस्ट-कमलापुर, सीतापुर, उ0प्र0 यदि किसी को **आर्थिक समृद्ध भारत समाज पार्टी** (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

# नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड अपने पहले विदेशी दौरे के तहत अगले महीने भारत आ सकते हैं



**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल के प्रधानमंत्री** पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के अगले महीने आधिकारिक यात्रा पर भारत आने की संभावना है। मीडिया की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। पिछले साल दिसंबर में तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद प्रचंड का यह पहला विदेशी दौरा होगा। हालांकि, उनकी भारत यात्रा की आधिकारिक तारीख की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। वह भारतीय नेताओं के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के अलावा व्यापार, ऊर्जा, कृषि, संस्कृति और वायु सेवा जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री प्रचंड के करीबी सूत्रों ने कहा कि निकट भविष्य में उनकी भारत यात्रा पर विचार किया जा रहा है और प्रधानमंत्री को प्रतिनिधि सभा से विश्वास मत मिलने के बाद इसकी तारीख तय की जाएगी।

## नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय का ट्विटर हैंडल हैक

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड के कार्यालय (पीएमओ) के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को बृहस्पतिवार को कुछ देर के लिए हैक कर लिया गया और उससे दो अनधिकृत ट्वीट किए गए। मीडिया ने यह खबर दी। काठमांडू पोस्ट अखबार ने खबर दी है कि प्रधानमंत्री कार्यालय के ट्विटर हैंडल को हैकरो ने हैक कर लिया और एकाउंट का नाम बदलकर ब्लर कर दिया। हैकरो ने डिजिटल मुद्रा से संबंधित दो ट्वीट भी किए।

# लाहौर में इमरान के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प, प्राथमिकी दर्ज



**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान में** पुलिस ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद समेत कई आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कर ली। पंजाब पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक, इमरान खान ने ज़मान पार्क में मौजूद अपनी पार्टी के 2,500 से अधिक कार्यकर्ताओं को पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसाया, जो पूर्व प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार करना चाहते थे। पुलिस के मुताबिक, पीटीआई समर्थकों ने पुलिस वाहनों को आग लगा दी, पुलिसकर्मियों और रेंजर्स पर पेट्रोल बम फेंके, जिसके कारण कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं।

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- I, DEBTS RECOVEY TRIBUNAL**
**LUCKNOW**
**(GOVT. OF INDIA. MINISTRY OF FINANCE)**
**DRC NO. 123/2021.**
**ICICI BANK LTD. V/S. GUNJAN CHANDNA & ORS.**

**Proclamation of sale.** The under mentioned immovable property will be sold **"as is it is where it is and whatever it is basis and subject to statutory dues, revenue and other encumbrance as law/rule"** by online E-Auction" through the website https://disposalhub.com on **18.04.2023** for recovery of dues, interest and costs as follows -

**Description of the property /Schedule of the Mortgaged Property**

| Particulars | Description of property to be sold with the name of the Co-owners. The property belongs to the defaulters and any other person as Co-owner. | Reserve price | Earnest money 10% |
|---|---|---|---|
| DRC No. 123 /2021 RC amount Rs. 35,35,454/- (Rupees Thirty Five Lakhs Thirty Five Thousand Four Hundred Fifty Four only) including interest @ 10% per annum from date of filling OA i.e. 10.06.2019 and Current outstanding as on 18.01.2023 is Rs. 51,98,683.65 (Rupees fifty one lakh ninty eight thousand six hundred eighty three and Paise sixty five) further amount till the loan is fully liquidated and costs. | **Immovable Mortgaged Property:** Flat No. 1503, 15th Floor, Palm Court Tower A2, Sector 16C, Greater Noida West -201307 UP, super area 1185 sq. feet, which is bounded as under- • South - West - Flat No. 1507 & 1508 (Opposite Side) • South-East - Flat No. 1504 (Left Side) • North-East - Open • North-West - Open **Owned by** Mr. Rahul Chandna and Mrs. Gunjan Chandna (Judgement Debtor No. 2 and 1) | Rs. 37,05,000/- | Rs. 3,70,500/- |
| Date and time of e-auction | https://disposalhub.com on **18-04-2023** between **11.00 AM** to **12:00 noon** with extensions of 5 minutes duration after 12 noon, if required. | | |
| Earnest Money Deposit Last date for submission of bid form with EMD | Each bidder shall deposit earnest money (EMD) @ 10% of the Reserve Price in the form of Bank Draft Payable to Recovery Officer, Debts Recovery Tribunal, Lucknow and payable at Lucknow. The said Demand Draft along with duly filled in E-Auction EMD Form (Enclosed) should reach through speed post or by hand **Mr. Avinash Srivastava, Disposal Manager, ICICI Bank Ltd.., 31/54, Shalimar Tower, IInd Floor, Hazratganj, lucknow, Mob. No. - 8953652366. on or before 11-04-2023 upto 17:00 hrs positively** On receipt of EMD the prospective bidders shall receive their User ID/password through their E- mail ID, from above **E-auction agency M/s. Nexxen Solutions Pvt. Ltd., Mr. Shadab, Contact No. 09910453434/ 09310029933 / 0124-4233933, having it's registered office at 1st floor Gulia commercial complex, Palam Vihar Road, Near 6 Ten, Opp - C2 Gate, Gurgaon, Haryana- 122006. E-mail: eauctions@nexxen.in** | | |
| Bid Multiplier | The amount by which the bidding is to be increased shall be 10000.00 ( Rs. Ten thousand only) | | |
| Inspection of Property (s) | The parties interest may inspect the property between **11.00 A.M. to 4.00 P.M.** on **04.04.2023** at the site in consultation with hand **Mr. Avinash Srivastava, Disposal Manager, ICICI Bank Ltd.., 31/54, Shalimar Tower, IInd Floor, Hazratganj, lucknow, Mob. No. - 8953652366,** of the CH Bank, who shall facilitate for inspection. It is in the interest of the parties interested/prospective bidders to have the inspection of property and have desired information before participating in auction. | | |

**UNDER ANY CIRUCMSTANCES BIDS IN PHYSICAL FORM WILL NOT BE ACCEPTED BY THE TRIBUNAL & NO ENQUIRIES WILL BE ENTERTAINED.**

All intimations/correspondences between the prospective bidders and service provider will be through e-mails. Date of sending e-mail will be considered as date of intimation. If no intimation reaches, bidders are expected to take efforts to find out status from, the service provider. Non-receipt of intimation should not be an excuse for default/non-payment. The contact no. and e-mail IDs of the service provider & CH Bank is as under.

**A. E-auction agency M/s. Nexxen Solutions Pvt. Ltd. Mr. Shadab, contact no. 09910453434/ 09310029933 /0124-4233933.** E-mail eauctions@nexxen.in

**B. Mr. Avinash Srivastava, Disposal Manager, ICICI Bank Ltd.., 31/54, Shalimar Tower, IInd Floor, Hazratganj, lucknow, Mob No - 8953652366.**

**Recovery Officer -I**
**Debts Recovery Tribunal, Lucknow**

# अपनी उम्र को अपने काम पर न होने दे हावी

**● बढ़ती उम्र, जैविक आयु असली उम्र के मुकाबले एक बेहतर स्वास्थ्य संकेतक है, लेकिन मापना मुश्किल**

**भाषा।** पिट्सबर्ग



**क्या आप** कभी किसी दिन जागते हैं और सोचते हैं,जब मैं छोटा था, तो मैं केवल चार घंटे की नींद पर जीवित रह सकता था, लेकिन अब ऐसा लगता है कि मुझे 10 घंटे की नींद चाहिए? या क्या आप कभी जिम से बाहर निकले हैं और अपने घुटनों को महसूस किया है?उम्र बढ़ने के इस प्रकार के लक्षणों का अनुभव लगभग सभी को होता है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपनी उम्र को मात देते नजर आते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस स्वर्गीय रूथ बेडर गिन्सबर्ग 87 वर्ष की आयु तक अपनी अंतिम सांस तक अदालती कार्य करते रहे। ग्रेट ब्रिटिश बेक ऑफ जज मैरी बेरी, जो अब अपने 80 के दशक में हैं, दुनिया भर के लोगों को जीवन का आनंद लेने के लिए प्रेरित करती हैं। और अभिनेता पॉल रुड को 2021 में 52 साल की उम्र में पीपल मैगज़ीन का सेक्सिएस्ट मैन अलाइवै नामित किया गया था, हालांकि उन्हें देखने पर वह अपने 30 के दशक में दिख रहे थे। मेरी दादी, जो 83 वर्ष की थीं, लेकिन बिस्तर पर थीं और याद नहीं कर पा रही थीं कि मैं कौन हूं, उनके जीवन के आखिरी कुछ वर्षों में, तेजी से उम्र बढ़ने लगी थी। दूसरी ओर, मेरे दादाजी भी 83 वर्ष की आयु तक जीवित रहे, लेकिन वे सक्रिय, कार्यात्मक थे और यहां तक कि जब तक उनका निधन नहीं हो गया, तब तक उन्होंने मेरे साथ मेरा होमवर्क भी किया - वे एक स्वस्थ वृद्ध थे। दुनिया की उम्र बढ़ने वाली आबादी की अभूतपूर्व वृद्धि के साथ, मेरा मानना है कि जैविक उम्र को मापने और इसे कैसे बनाए रखना या उम्र बढ़ने की रफ्तार को कम करना है, के तरीकों का पता लगाना, न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि हमारे समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## क्या उम्र सिर्फ एक नंबर है?

शोधकर्ताओ ने अल्जाइमर, डिमेंशिया, ऑस्टियोपोरोसिस और कैंसर जैसी उम्र से संबंधित बीमारियो के कारणो और जोखिम कारकों को समझने पर काफी ध्यान केंद्रित किया है। लेकिन कई लोग इन सभी बीमारियो के प्रमुख जोखिम कारक को अनदेखा कर देते है और वह है उम्र बढ़ना। धूम्रपान या व्यायाम की कमी जैसे किसी भी व्यक्तिगत जोखिम कारक से अधिक, आप जितने वर्ष जीवित रहे है, वह बीमारी की शुरुआत की भविष्यवाणी करता है। दरअसल, उम्र बढ़ने से कई पुरानी बीमारियो का खतरा एक हजार गुना तक बढ़ जाता है। हालाँकि, कोई भी दो व्यक्ति एक ही तरह से बूढ़े नही होते है। हालांकि उम्र कई पुरानी बीमारियो के लिए प्रमुख जोखिम कारक है, यह एक अविश्वसनीय संकेतक है कि आपका शरीर कितनी जल्दी अपनी शक्ति खोने लगेगा या आप उम्र से संबंधित बीमारी के प्रति कितने संवेदनशील है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपकी कालानुक्रमिक आयु, या आपके जीवित रहने के वर्षों की संख्या और आपकी जैविक आयु - आपकी शारीरिक और कार्यात्मक क्षमता मे अंतर है।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Priti Baisoya W/o Narendra Kumar Baisoya R/o Baraula Village, Sector 49, Noida GautamBudh Nagar, have changed my name Rinki to Priti Baisoya for all future purposes.
PD(90299)A

# विदेशों में खुलेंगे भारतीय विश्वविद्यालय परिसर

**भाषा।** नई दिल्ली

**यूजीसी के अध्यक्ष ने बताया तैयारी पूरी**



**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों की नजरें अपने विदेशी कैम्पस स्थापित करने के लिए अफ्रीकी और खाड़ी देशों, थाईलैंड और वियतनाम पर टिकी हैं और इसके लिए नियम तैयार हो चुके हैं तथा एक महीने में घोषित कर दिए जाएंगे। कुमार ने, पीटीआई-भाषा को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि कई देश भारतीय विश्वविद्यालयों को अपने यहां कैम्पस स्थापित करने के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करने के वास्ते आगे आ रहे हैं और यूजीसी उन संस्थानों को वैसे देशों की पहचान करने में मदद करेगा, जहां वे अपने विदेशी परिसर स्थापित कर सकते हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उल्लेखित शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण योजना में तीन प्रमुख सुधार शामिल हैं- विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैम्पस स्थापित करना, भारतीय विश्वविद्यालयों को विदेशों में कैम्पस स्थापित करना तथा दोहरी व्यवस्था, दोहरी डिग्री एवं विदेशी विश्वविद्यालयों के सहयोग से भारतीय विश्वविद्यालयों में संयुक्त डिग्री कार्यक्रम। आयोग के अध्यक्ष ने कहा, "हमारे पास भारत में विशाल विश्वविद्यालईन पारिस्थितिकी तंत्र है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वित्त-पोषित तथा निजी विश्वविद्यालय- दोनों ही श्रेणियों में उत्कृष्ट संस्थान मौजूद हैं। हम इन विश्वविद्यालयों को विदेशों में अपने परिसर (कैम्पस) स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे देश हैं जो अपने यहां हमारे विश्वविद्यालयों के कैम्पस स्थापित करने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ऐसे कई देश हैं जहां हमारे पास बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय हैं, जो चाहते हैं कि हमारे कैम्पस उन देशों में स्थापित हों और शिक्षा उपलब्ध कराएं। उन देशों के बारे में पूछे जाने र जिन्होंने भारतीय विश्वविद्यालयों के कैम्पस स्थापित करने के फैसले का स्वागत किया है, कुमार ने कहा, कई अफ्रीकी देश।

# नौसेना के जवान अद्यतन प्रौद्योगिकी की हमेशा जानकारी रखें : राष्ट्रपति

**भाषा।** कोच्चि



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को भारतीय नौसेना के जवानों से आह्वान किया कि वे अद्यतन प्रौद्योगिकी की जानकारी रखें और साथ ही समुद्री क्षेत्र के बदलते परिवेश का मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार रखें। उन्होंने जोर देकर कहा कि शक्तिशाली और आधुनिक नौसेना देश की समुद्री सीमा की रक्षा करने के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बलों की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति ने कहा कि नौसेना की मजबूती देश की सामरिक, सैन्य, आर्थिक और वाणिज्यिक हितों के लिए अहम है। मुर्मू नौसेना के शीर्ष तोप प्रशिक्षण संस्थान आईएनएस द्रोणाचार्य को राष्ट्रपति निशान प्रदान करने के बाद वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थीं। यह सम्मान शीर्ष सम्मान है जो भारत में किसी सैन्य इकाई को दी जा सकती है। यह सम्मान आईएनएस द्रोणाचार्य को देश की युद्ध और शांतिकाल में की गई विशिष्ठ सेवा के लिए प्रदान किया गया।गौरतलब है कि राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुर्मू का किसी नौसेना प्रतिष्ठान का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने नौसेना दिवस पर विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

## भारत में विदेशी पर्यटकों की संख्या चार गुनी हुई

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि कोविड महामारी में कमी आने के बाद 2022 में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या चार गुनी से भी अधिक हो गई। पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने 2021 में विदेश से भारत आए पर्यटकों की संख्या 15,27,114 थी जो 2022 में बढ़कर 61,91,399 हो गई और इस प्रकार उनकी संख्या में 305.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि 2021 में पर्यटन के माध्यम से भारत को 65,070 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की आय हुई जो 2022 में।,34,543 करोड़ रुपए रही। उन्होंने कहा कि 2022 में पिछले साल की अपेक्षा 106.77 प्रतिशत अधिक विदेशी मुद्रा की आय हुई। मंत्री ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद पर्यटन को बहाल करने और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भारत सरकार ने संभावित पर्यटन बाजारों से आने वाले विदेशी पर्यटकों को पहले पांच लाख वीजा निशुल्क प्रदान किए।

## असम में हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**दीफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में एके श्रृंखला की राइफल और पिस्तौल सहित हथियारों तथा गोला-बारूद का एक गुप्त जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीब कुमार सैकिया ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने बुधवार रात दोक्मोका थाना क्षेत्र के दोईदक में एक अभियान चलाया और एक एके-56 राइफल, दो पिस्तौल, एक स्टेन गन समेत अन्य गोला-बारूद बरामद किए। हालांकि, उन्होंने यह अनुमान नही लगाया कि हथियार और गोला-बारूद किसी उग्रवादी संगठन के है या नही। उन्होंने बताया, हालांकि हमारे पास जिले में किसी नए चरमपंथी संगठन के बनने की खबर नही है, लेकिन पुलिस हमेशा सतर्क रहती है। हम इस बात की पुष्टि पूरी जांच के बाद ही कर सकते है कि जखीरा किसका है?

## ईडी ने मुंबई व चेन्नई में फ्रैंकलिन टेम्पलटन से जुड़े स्थानों पर छापे मारे

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धनशोधन जांच के तहत संपत्ति प्रबंधक फ्रैंकलिन टेम्पलटन और इसके पूर्व एवं वर्तमान अधिकारियो से जुड़े कुछ स्थानो पर मुंबई और चेन्नई मे तलाशी ले रहा है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि संघीय एजेंसी धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत कंपनी और उसके प्रवर्तको के खिलाफ अपनी जांच के तहत और सबूत एकत्र करना चाहती है। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने नवंबर 2020 में कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह नोटिस कंपनी के अप्रैल 2020 के एक फैसले के बाद जारी किया गया था। कंपनी ने तीन लाख निवेशको से प्रबंधन के तहत 25,000 करोड़ रुपए की संपत्ति वाली छह ऋण योजनाओ को बंद करने का फैसला किया था। कंपनी ने महामारी के कारण तरलता की चुनौतियो का हवाला देते हुए यह फैसला किया था। चेन्नई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बाद में कथित अनियमितताओ की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी।

# बहुमत परीक्षण से पहले इस्तीफा देने वाले उद्धव को फिर से सीएम कैसे बनाया जा सकता है : न्यायालय



**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र राजनीतिक विवाद पर फैसला सुरक्षित**

**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को आश्चर्य जताया कि वह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार को कैसे बहाल कर सकता है, जबकि मुख्यमंत्री ने बहुमत परीक्षण का सामना करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने अदालत से महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जून 2022 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है, जिसमें मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहा गया था। ठाकरे गुट ने कहा कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ से आदेश को रद्द करने की अपील की। इससे एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने महज शिवसेना विधायकों के बीच मतभेद होने पर बहुमत परीक्षण का आदेश देने के लिए कोश्यारी के व्यवहार पर सवाल उठाए थे। पीठ ने ठाकरे की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर कहा, तो आपके मुताबिक, हमें क्या करना चाहिए? आपको बहाल करना चाहिए? लेकिन, आपने इस्तीफा दे दिया था। यह ऐसा ही है, जैसे अदालत से उस सरकार को बहाल करने के लिए कहा जा रहा है जिसने बहुमत परीक्षण से पहले इस्तीफा दे दिया। पीठ ने सिंघवी से पूछा, अदालत उस मुख्यमंत्री को कैसे बहाल कर सकती है, जिसने बहुमत परीक्षण का सामना तक नहीं किया। न्यायालय ने बुधवार को कहा था कि राज्यपाल की ऐसी कार्रवाई से एक निर्वाचित सरकार गिर सकती है और किसी राज्य का राज्यपाल ऐसा नहीं चाहेगा। मुझे पूरा यकीन है कि इस अदालत का हस्तक्षेप नहीं होने से हमारा लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा क्योंकि किसी भी चुनी हुई सरकार को नहीं रहने दिया जाएगा। इसी उम्मीद के साथ मैं इस अदालत से अनुरोध करता हूं कि इस याचिका को स्वीकार करते हुए (बहुमत परीक्षण) के राज्यपाल के आदेश को दरकिनार कर दिया जाए। दरअसल, 29 जून 2022 को महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट चरम पर पहुंच गया था जब शीर्ष अदालत ने ठाकरे के नेतृत्व वाली 31 महीने पुरानी गठबंधन सरकार को बहुमत परीक्षण कराने के राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ठाकरे ने हार को भांपते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा सरकार बनी थी।

# कविता को नया समन, 20 मार्च को पेश होने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीआरएस नेता के. कविता को 20 मार्च को पेशी के लिए नया समन जारी किया है।

उच्चतम न्यायालय में याचिका लंबित होने का हवाला देते हुए वह बृहस्पतिवार के लिए जारी किए गए नोटिस पर एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुई थीं। न्यायालय में लंबित याचिका में उन्होंने ईडी द्वारा जारी समन को चुनौती देते हुए गिरफ्तारी से संरक्षण का अनुरोध किया है।

एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि तेलंगाना विधान परिषद की सदस्य तथा राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता की तरफ से दिए गए छह पन्नों के प्रतिवेदन को यह देखते हुए खारिज कर दिया गया है कि इस मामले में जारी जांच अहम चरण में है। अधिकारियों ने कहा कि उनसे 20 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। कविता ने बृहस्पतिवार को अपना अधिकृत प्रतिनिधि (बीआरएस का एक पदाधिकारी) भेजा, जिन्होंने मामले के जांच अधिकारी को उनके लेनदेन के बारे में छह पृष्ठ का प्रतिवेदन, बैंक स्टेटमेंट, व्यक्तिगत व व्यावसायिक विवरण प्रदान किया।

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में ईडी के समन को चुनौती देने और गिरफ्तारी से संरक्षण की मांग करने वाली कविता की याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। कविता (44) से इस मामले में पहली बार 11 मार्च को पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उन्हें 16 मार्च को फिर से पेश होने के लिए कहा गया था। ईडी को भेजे गए पत्र में कविता ने कहा कि चूंकि समन में यह नहीं कहा गया है कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने की जरूरत है, इसलिए वह अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेज रही हैं।

## क्विक न्यूज

### एनटीपीसी ने वाराणसी में हरित कोयला बनाने की इकाई शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वाराणसी में अपनी तरह की पहली वाणिज्यिक हरित कोयला (टॉरिफाइड चारकोल) परियोजना शुरू की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत नगरपालिका के कचरे से हरित कोयला बनाया जाएगा। एनटीपीसी ने नगर निगम के कचरे से हरित कोयला बनाने की योजना लगभग तीन साल पहले बनाई थी। टॉरिफाइड चारकोल प्राकृतिक कोयले के समान होता है और बिजली उत्पादन के लिए तापीय बिजलीघरो में इसका ईंधन के साथ सफलतापूर्वक तरीके से मिश्रण किया जाता है। यह पर्यावरण अनुकूल प्रक्रिया होती है जिसमे कचरे को जलाया नही जाता बल्कि रिएक्टर के भीतर प्रसंस्कृत किया जाता है। बयान के अनुसार यह परियोजना एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल) ने इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के आधार पर मैकोबर बीके को दी थी। हाल ही मे, वाराणसी के रमना मे हरित कोयला परियोजना संयंत्र में 200 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता के पहले रिएक्टर मॉड्यूल को स्थापित और चालू किया गया। इस संयंत्र की सभी तीन इकाइयो की स्थापना के बाद इसकी कुल अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता 600 टन प्रतिदिन होगी। कंपनी ने कहा कि एनटीपीसी को इस इकाई से 200 टन अपशिष्ट से 70 टन हरित कोयला मिला। सफल प्रयोग के बाद, अपशिष्ट से हरित कोयला बनाने के और संयंत्र लगाए जाएंगे।

### भारत दुनिया का भरोसेमंद टेक्नोलॉजी पार्टनर : राजीव चन्द्रशेखर

**बेंगलुरू।** ग्लोबल कम्युनिकेशन एवं कॉलर आईडी प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने आज स्वीडन के बाहर अपने पहले विशेष ऑफिस की ओपनिंग की घोषणा की। कंपनी का यह नया कार्यालय भारत के दक्षिणी शहर बैंगलुरू में खोला गया है। इस कार्यालय का उद्घाटन भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने वर्चुअल रूप से किया। कॉलर ने एक दशक पहले भारत में अपनी शुरूआत की और आज इसके 338 मिलियन मासिक एक्टिव यूज़र हैं, जिसमें से तकरीबन 246 मिलियन यूज़र भारत से हैं।कार्यालय का उद्घाटन करते हुए भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि मैं ट्रूकॉलर की लीडरशिप टीम को बधाई देना चाहता हूंए भारत में नए कार्यालय को खोलने का फैसला इस बात की पुष्टि करता है कि भारत सही मायनों में दुनिया का भरोसेमंद टेक्नोलॉजी पार्टनर बन चुका है। एलन मामेदी सीईओ एवं सहसंस्थापक ट्रूकॉलर भी मौजूद रहे।

### वरुण गांधी ने ऑक्सफोर्ड यूनियन के आमंत्रण को ठुकराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद वरुण गांधी ने ऑक्सफोर्ड यूनियन के उस आमंत्रण को ठुकरा दिया है, जिसमें उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सही रास्ते पर है या नही विषय पर आयोजित चर्चा मे हिस्सा लेने का अनुरोध किया गया था। वरुण ने कहा है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर घरेलू चुनौतियों को उठाने की कोई योग्यता या समग्रता नजर नही आती और इस तरह का कदम एक अपमानजनक कार्य होगा। एक सूत्र ने बताया कि सरकार की नीतियो के खिलाफ हाल के दिनो मे मुखर रहे वरुण ने आमंत्रण इसलिए ठुकराया, क्योंकि ऑक्सफोर्ड यूनियन चाहती थी कि वह इस प्रस्ताव के खिलाफ बोलें कि यह सदन मोदी के भारत को सही रास्ते पर मानता है। यह आमंत्रण संयोग से ऐसे वक्त आया है जब उनके चचेरे भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लंदन यात्रा के दौरान की गई हालिया टिप्पणियो को लेकर चर्चा गरम है। सत्तारूढ़ दल ने राहुल की टिप्पणियों को भारतीय लोकतंत्र के लिए अपमानजनक बताया है। अप्रैल और जून के बीच प्रस्तावित बहस के लिए यह आमंत्रण संघ के अध्यक्ष मैथ्यू डिक की ओर से भाजपा सांसद को भेजा गया था।

### कॉमेडियन ख्याली के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

**जयपुर।** जयपुर के मानसरोवर थाने मे मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन ख्याली के खिलाफ एक 25 वर्षीय महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि घटना तीन दिन पहले एक होटल मे घटित हुई थी। कॉमेडियन ख्याली ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर मानसरोवर इलाके के एक होटल के कमरे मे नशे की हालत मे महिला से कथित तौर पर बलात्कार किया।मानसरोवर थाने के उपनिरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि महिला की शिकायत पर कॉमेडियन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होने बताया कि कि घटना के एक दिन बाद इस संबंध मे प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि पीडिता श्रीगंगानगर की रहने वाली है और वह एक गुटखा फर्म मे मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करने वाली एक अन्य महिला के साथ करीब एक महीने पहले काम दिलाने के लिए कॉमेडियन के संपर्क मे आई थी।

### पत्नी को रिश्वत की पेशकश और ब्लैकमेल करने के मामले में उचित जांच की जाएगी: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पत्नी अमृता फडणवीस को रिश्वत देने और ब्लैकमेल करने के प्रयास से संबंधित मामले मे उचित जांच की जाएगी। विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष अजित पवार द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने के बाद फडणवीस ने यह बात कही। पवार ने खबरो मे आए इस मामले के बारे मे विस्तृत जानकारी मांगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस डिजाइनर के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है, उसने अपने राजनीतिक संबंधो का रौब दिखाते हुए कहा कि अगर उसके फरार पिता के खिलाफ दर्ज मामले वापस नही लिए गए तो वह उन्हे परेशानी मे डाल सकती है।

### लातेहार में पांच लाख रुपए का इनामी माओवादी गिरफ्तार

**लातेहार (झारखंड)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के पांच लाख रुपए के इनामी जोनल कमांडर शीतल मोची उर्फ शीतल राम को पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र से आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 25 से अधिक नक्सली हिंसा के मामलो में शामिल शीतल राम पांच लाख रुपए का इनामी उग्रवादी है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल, 10 हजार रुपए नकद तथा 25 गोलियां भी बरामद की है। शीतल मोची माओवादियों के लिए आईईडी लगाने का विशेषज्ञ है। लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के शांति जंगल के पास से माओवादी को गिरफ्तार किया गया।

### आसाराम ने बलात्कार मामले में सजा के खिलाफ गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को स्वयंभू संत आसाराम की वह याचिका सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को स्वीकार कर ली, जिसमें बलात्कार के मामले में निचली अदालत के हालिया आदेश को चुनौती दी गई है। वर्ष 2013 मे एक पूर्व महिला अनुयाई द्वारा दायर शिकायत के आधार पर गांधीनगर सत्र अदालत ने इस साल जनवरी मे आसाराम को बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायमूर्ति एस.एच. वोरा और न्यायमूर्ति मौना भट्ट की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को अपील पर संक्षिप्त सुनवाई की और इसे अंतिम सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। सत्र अदालत ने आसाराम को बलात्कार और गलत तरीके से बंधक बनाने का दोषी ठहराया था।

### महिला दिवस : समानता का समर्थन

**नई दिल्ली।** एमवे इंडिया ने देश भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए नरनारी का भेदभाव कम कर समानता की भावना का विकास करने के लिए कदम बढ़ाए। महिलाओं को सामाजिक जीवन के विविध आयामों में पुरुषों जैसी सुविधाएं दिए जाने के लिए विश्व भर में नर नारी की समानता अंगीकार करने के विषय में चलाए जा रहे अभियान के अनुरूप कंपनी ने महिलाओं के विकास, वृद्धि और सफलता को और भी अधिक गति प्रदान करके नारीत्वश् को सम्मानित करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। समारोह पर टिप्पणी करते हुएए जीएस चीमाए वरिष्ठ उपाध्यक्ष . उत्तर और दक्षिणए एमवे इंडिया ने कहाए षएमवे मेंए हमारा यह अटूट विश्वास है कि महिलाएं प्रगति और विकास की रीढ़ हैंए और हम उन्हें सशक्त बनाने के लिए जी.जान से लगे हुए हैं।

# पांच घंटे से कम नींद लेने पर धमनियों के सिकुड़ने या बंद होने का जोखिम

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रतिदिन** रात में सात से आठ घंटे घंटे सोने वालों की तुलना में पांच घंटे से भी कम सोने वाले लोगों के लिए पैरों की तरफ जाने वाली धमनियों के सिकुड़ जाने या बंद हो जाने के रोग पीएडी का खतरा बढ़ जाता है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोगों को पीएडी है। इस बीमारी में हृदय से पैरों की ओर रक्त को ले जाने वाली धमनियां सिकुड़ जाती हैं या बंद हो जाती हैं जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है तथा हृदयाघात का खतरा बढ़ जाता है। इस अध्ययन के लेखक स्वीडेन के कैरालिंस्का इंस्टीट्यूट के शुआई युआन ने कहा, हमारा अध्ययन बताता है कि पीएडी का जोखिम घटाने के लिए सात से आठ घंटे सोना अच्छी आदत है। उन्होंने एक बयान में कहा, रात में अपर्याप्त नींद एवं दिन में झपकी लेने से हृदय धमनी रोग का जोखिम बढ़ जाता है तथा पीएडी जैसे बीमारी धमनियों के बंद हो जाने से होती है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि सोने की समस्या पीएडी रोगियों की सबसे बड़ी शिकायतों में एक है तथा पीएडी पर सोने की आदत के असर के बारे में सीमित आंकड़े हैं तथा यह अध्ययन उसी अंतर को भरने का लक्ष्य है। यह अध्ययन यूरोपीय हर्ट जर्नल ओपेन में प्रकाशित हुआ है तथा उसमें दो चरणों में 650,000 लोगों को शामिल किया गया था।

# अवमानना मामले में पेश हों विवेक : उच्च न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री को उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणी से संबंधित एक आपराधिक अवमानना मामले के सिलसिले में 10 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने पहले अग्निहोत्री को बिना शर्त माफी मांगने के बाद बृहस्पतिवार को पेश होने के लिए कहा था। अग्निहोत्री के वकील द्वारा अदालत को सूचित किया गया कि वह अस्वस्थ थे जिसके बाद उन्हें पेशी से छूट दे दी गई थी।

अग्निहोत्री ने 2018 में कथित तौर पर न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर के खिलाफ पूर्वाग्रह का आरोप लगाते हुए ट्वीट किए थे क्योंकि उन्होंने भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में मानवाधिकार कार्यकर्ता गौतम नवलखा को नजरबंदी से रिहा कर दिया था। न्यायमूर्ति मुरलीधर उस समय दिल्ली उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश थे और वर्तमान में उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं।

ट्वीट को देखते हुए उच्च न्यायालय द्वारा अग्निहोत्री और अन्य के खिलाफ अदालती अवमानना की कार्यवाही शुरू की गई थी।

पीठ में न्यायमूर्ति तलवंत सिंह भी शामिल हैं। पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि उसने फिल्म निर्माता से सुनवाई की अगली तारीख पर उपस्थित रहने के लिए पूछा नहीं था बल्कि उन्हें ऐसा करने का निर्देश दिया था। अदालत ने उनके वकील से कहा कि उन्हें उपस्थित रहने को कहें।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले साल छह दिसंबर को अग्निहोत्री को अदालत में पेश होकर पछतावा जताने का निर्देश दिया था। इससे पहले अपनी कथित टिप्पणी के लिए अग्निहोत्री द्वारा हलफनामे के माध्यम से बिना शर्त माफी मांगे जाने के बाद उच्च न्यायालय ने उन्हें पेश होने को कहा था। अदालत ने कहा था, हम उनसे (अग्निहोत्री) यहां पेश होने को कह रहे हैं क्योंकि उनपर अवमानना का आरोप है।

# सहमति से दो महिलाओं ने किया पति का बंटवारा

**भाषा।** ग्वालियर

**सप्ताह में तीन-तीन दिन साथ रहेगा**

**धन-संपत्ति** के बंटवारे के बाद अब एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति दो महिलाओं के साथ आपसी सहमति से सप्ताह में तीन-तीन दिन उनके साथ रहेगा और रविवार के दिन अपनी मर्जी से जिस महिला के साथ रहना चाहे, रह सकता है। ग्वालियर कुटुंब अदालत के एक वकील ने यह जानकारी दी।

इस मामले में व्यक्ति ने पहली पत्नी होने के बावजूद दूसरी महिला से शादी कर ली थी और वकील के अनुसार हिंदू कानून के तहत पहली पत्नी से बिना तलाक के दूसरा विवाह गैरकानूनी होने के बावजूद तीनों ने सहमति से समझौता किया है। वकील हरीश दीवान ने इस समझौते को हिंदू विवाह कानून के तहत अवैध करार दिया है। वकील के अनुसार दोनों महिलाओं को उसने अलग-अलग फ्लैट भी दिया है और अपना वेतना भी आधा-आधा दोनों महिलाओं के साथ बांटने का फैसला किया है।

मामला मध्य प्रदेश के ग्वालियर का है, जहां पर कुटुंब न्यायालय में यह मामला सामने आया।

दीवान ने कहा कि ग्वालियर की एक युवती की शादी गुरुग्राम में काम करने वाले इंजीनियर से वर्ष 2018 में हुई थी और दो वर्ष तक दोनों साथ-साथ रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान इंजीनियर अपनी पत्नी को ग्वालियर स्थित मायके में छोड़ गया। दीवान ने बताया कि गुरुग्राम में उसने अपने साथ काम करने वाली दूसरी युवती के साथ दोबारा 2020 में शादी कर ली और उनके एक पुत्री भी हो गई। उन्होंने कहा कि इसी बीच, ग्वालियर में रह रही पत्नी को जब वह लेने नहीं आया तो उसे थोड़ा संदेह हुआ और एक दिन वह पति के गुरुग्राम स्थित कार्यालय पहुंच गई। वहां पर मालूम हुआ कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। दीवान के अनुसार इस पर काफी विवाद हुआ और अंत में महिला ने ग्वालियर के कुंटुब न्यायालय में भरण-पोषण का मामला दायर कर दिया। दीवान ने बताया कि इसके बाद पति ग्वालियर आया, लेकिन दूसरी पत्नी को छोड़ने को तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों पत्नियों और पति की काउंसलिंग भी की गई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

## अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए जनसंख्या का न्यूनतम प्रतिशत अधिनियम में परिभाषित नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को बताया कि अल्पसंख्यकों की श्रेणी के तहत शामिल होने के लिए आवश्यक जनसंख्या का न्यूनतम प्रतिशत राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 में परिभाषित नहीं किया गया है। लोकसभा में ढालसिंह बिसेन के प्रश्न के लिखित उत्तर में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने यह जानकारी दी। अल्पसंख्यक की परिभाषा क्या है और अल्पसंख्यकों की श्रेणी में शामिल किए जाने के लिए राज्यासंघ राज्य क्षेत्र वार न्यूनतम कितनी प्रतिशत जनसंख्या होना आवश्यक है।

# गार्सेटी के अमरीकी राजदूत बनने पर भारत ने किया स्वागत

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने एरिक गार्सेटी के नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत के रूप में नामांकन की पुष्टि का स्वागत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने के लिए उनके साथ काम करने को आशान्वित है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी एरिक गार्सेटी भारत में अमेरिका के राजदूत होंगे। सीनेट ने उनके नामांकन की पुष्टि करते हुए करीब दो साल से खाली पड़े प्रमुख राजनयिक पद को भरने की राह साफ कर दी। इस बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा, भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में एरिक गार्सेटी के नामांकन की पुष्टि का हम स्वागत करते हैं। हम अपने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे ले जाने के लिए उनके साथ काम करने को आशान्वित हैं। ज्ञात हो कि सीनेट ने 42 के मुकाबले 52 मतों से एरिक गार्सेटी के नामांकन की पुष्टि की। तीन डेमोक्रेटिक सदस्यों ने गार्सेटी का समर्थन नहीं किया। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के सात सदस्यों ने उनका साथ दिया, जिससे उनके नामांकन की पुष्टि संभव हो पाई। सीनेट की विदेशी संबंधों से जुड़े मामलों की समिति ने पिछले सप्ताह गार्सेटी के नामांकन को आठ के मुकाबले 13 मतों से मंजूरी दी थी।

गार्सेटी (52) लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सबसे पहले उन्हें जुलाई 2021 में भारत में अमेरिकी राजदूत के पद के लिए नामित किया था।

हालांकि, राष्ट्रपति के रूप में बाइडन के कार्यकाल के शुरुआती दो वर्ष में गार्सेटी के नामांकन को इसलिए मंजूरी नहीं मिल सकी, क्योंकि कुछ सांसदों ने यह कहते हुए उनकी नियुक्ति का विरोध किया था कि वह मेयर रहने के दौरान अपने एक वरिष्ठ सलाहकार पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से प्रभावी ढंग से निपटने में नाकाम रहे थे। बाइडन ने इस साल जनवरी में गार्सेटी को दोबारा इस पद के लिए नामित किया था।

भारत में अमेरिका के पिछले राजदूत केनेथ जस्टर ने जनवरी 2021 में अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद इस पद से इस्तीफा दे दिया था। भारत में अमेरिकी दूतावास में जनवरी के बाद से कोई राजदूत नहीं है। भारत में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन पर गार्सेटी की खबरों में आई टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर बागची ने कहा, मैं इस मुद्दे पर मनोनीत राजदूत द्वारा हाल में दिए गए किसी बयान से अवगत नहीं हूं।



श्रीनगर में ट्यूलिप गार्डन में फूलों को संवारते किसान

# विश्व कप से पहले अपने हाथ खोलेगी टीम इंडिया

## ● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला का आगाज आज से

**भाषा।** मुंबई



**भारतीय टीम** तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो इस साल के आखिरी में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के साथ उसकी नजरें हरफनमौला हार्दिक पंड्या के नेतृत्व कौशल को परखने पर होगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और उनकी गैरमौजूदगी में पंड्या टीम का नेतृत्व करेंगे। पंड्या की कप्तानी में गुजरात जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले सत्र में खिताब जीता था। वह पिछले कुछ समय से टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला को 2-। से जीतने के साथ ही जून में आयोजित होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल का टिकट पक्का करने के बाद भारतीय टीम अब 50 ओवर के प्रारूप के विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को दुरुस्त करना चाहेगी। एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन इस साल अक्टूबर नवंबर में भारत में होगा। भारत ने अपना पिछला विश्वकप घरेलू सरजमीं पर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2011 में जीता था। इसे ध्यान में रखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम से भी ऐसी ही सफलता की उम्मीद होगी। भारतीय टीम ने इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अलग-अलग श्रृंखलाओं में एकदिवसीय प्रारूप में सभी छह मैच जीतकर शानदार शुरुआत की है। इन छह एकदिवसीय मैचों में शुभमन गिल ने तीन शतक और 113.40 की औसत के साथ 567 रन बनाए है। पहले मैच में रोहित की गैरमौजूदगी में उन पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का दबाव होगा। अहमदाबाद में चौथे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शतक के बाद उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में टेस्ट में 186 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने सीमित ओवरों की खराब फॉर्म को पहले ही पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस साल 67.60 के शानदार औसत से 338 रन बनाए है और अपने पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह 75 अंतरराष्ट्रीय शतकों के आंकड़े को आगे बढ़ाना चाहेंगे। कोहली इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते है यह देखना दिलचस्प होगा। भारतीय रन मशीन के खिलाफ जम्पा का रिकॉर्ड शानदार रहा है। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल ने बुधवार को यहां एक वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान एक साथ गेंदबाजी की। यह दोनों लेग स्पिनर विकेट लेने की अपनी क्षमता और सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय आक्रमण में अहम हथियार बन सकते हैं। कुलदीप इस साल पांच मैचों में 11 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज इतने ही मैचों में 14 विकेट चटकाए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति के बावजूद किसी भी परिस्थिति में मैच जीतने का माद्दा रखती है। पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया भी इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को भी अंतिम रूप देना चाहता है। कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। टीम ने आखिरी दो टेस्ट मैच में उनकी कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमिंस और जोश हेजलवुड इस एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं लेकिन अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर और हरफनमौला एश्टन एगर राष्ट्रीय टीम से जुड़ गए है। यह दोनों खिलाड़ी टेस्ट श्रृंखला के दौरान स्वदेश लौट गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए यह इस साल का पहला एकदिवसीय मैच होगा।

# श्रेयस की अनुपस्थिति से भारत की विश्व कप की तैयारियों पर असर पड़ेगा : पंड्या

**भाषा।** मुंबई

**भारत के** कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने गुरुवार को यहां कहा कि चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति का भारत की इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्वकप की तैयारियों पर असर पड़ेगा। अय्यर पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं और वह कब तक वापसी कर पाएंगे इसकी कोई निश्चित समय सीमा भी नहीं है। उनका इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहने की संभावना है। पंड्या ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, निश्चित तौर पर उनकी वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन हम अच्छे की उम्मीद कर रहे हैं। हम उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उनकी (अय्यर) अनुपस्थिति का असर पड़ेगा और निश्चित तौर पर हमें उनकी कमी खलेगी लेकिन अगर वह जल्दी वापसी नहीं कर पाते हैं तो हमें समाधान ढूंढना होगा। अगर वह टीम में होता है तो यह स्वागत योग्य है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो अभी इस पर विचार करने के लिए काफी समय है कि हमें कैसे आगे बढ़ना है। भारत के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल है जिनकी हाल में न्यूजीलैंड में पीठ की सर्जरी की गई थी। उनका लक्ष्य विश्वकप तक वापसी करना है। ऐसी कोई दीर्घकालिक योजना नहीं है। जस्सी (बुमराह) पिछले कुछ समय से टीम के साथ नहीं है। हमारा गेंदबाजी समूह अच्छी भूमिका निभा रहा है। वे सभी अब अनुभवी हैं। जस्सी के होने से बड़ा अंतर पैदा होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं हम इसको लेकर बहुत परेशान नहीं है क्योंकि जिन खिलाड़ियों ने जस्सी की भूमिका संभाली है मुझे पूरा विश्वास है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत पहले वनडे में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बिना खेलेगा जो पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। पंड्या ने कहा कि उनकी अनुपस्थिति में इशान किशन और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे। इशान और शुभमन पारी की शुरुआत करेंगे।

### भारतीय खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के फैसले से सहज हैं : पंड्या



**मुंबई, 16 मार्च (भाषा)** भारतीय हरफनमौला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के लिए कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या ने गुरुवार को कहा कि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूर्नामेंटों की तरह ही प्रतिस्पर्धी है और पिछली वैश्विक प्रतियोगिताओं की असफलता की बातों को दोहराते रहना समय व्यर्थ करने जैसा है। भारत ने घरेलू और विदेश परिस्थितियों में आम तौर पर द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह करीब एक दशक से आईसीसी टूर्नामेंटों में नियमित रूप से असफल हो रहा है। सबसे हालिया निराशा ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार है। पंड्या ने कहा कि टीम ने इस चलन को बदलने के लिए कुछ भी नया करने की कोशिश नहीं की है और उनका ध्यान द्विपक्षीय मुकाबलों से सीखने पर है। इस हरफनमौला ने यहां वानखेड़े स्टेडियम में मीडिया से कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने कुछ नया करने की कोशिश की है। हम थोड़ा जज्बा दिखाने की कोशिश करेंगे। मुझे लगता है कि पिछली कुछ श्रृंखलाओं में हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। ए सभी द्विपक्षीय मुकाबले उतने ही चुनौतीपूर्ण है।

### अमनदीप को दूसरे दौर के बाद चार शॉट की बढ़त

**गुरुग्राम।** अमनदीप ड्राल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला और महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण में गुरुवार को यहां चार शॉट की मजबूत बढ़त हासिल की। पिछले साल हीरो महिला इंडियन ओपन की उपविजेता अमनदीप का कुल स्कोर सात अंडर 137 हो गया है और वह अनुभवी वाणी कपूर (71-70) और त्वेसा मलिक (71-70) से चार शॉट आगे है।

### दीक्षा 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से 21वें पायदान पर

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अरामको टीम सीरीज-सिंगापुर प्रतियोगिता के आखिरी तीन होल में दो बर्डी लगाकर शानदार वापसी की और एक अंडर 71 का कार्ड खेला। वह व्यक्तिगत खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर है। जिसमें निकोल ग्रासिया पांच अंडर 67 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### इन्फेंटिनो फिर से फीफा अध्यक्ष चुने गए

**किगाली।** जियानी इन्फेंटिनो को गुरुवार को सर्वसम्मति से 2027 तक फिर से फीफा (वैश्विक फुटबॉल का संचालन करने वाली सर्वोच्च संस्था) अध्यक्ष चुना गया। इन्फेंटिनो के विरोध में कोई उम्मीदवार नहीं था और उन्होंने 211 महासंघों की कांग्रेस में औपचारिक मतदान के बजाय सर्वसम्मति से अगले चार साल के लिए भी यह पद संभाला।

### लिवरपूल को हराकर मैड्रिड चैम्पियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड ने चैम्पियन्स लीग प्री-क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में लिवरपूल को।-0 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। मौजूदा चैम्पियन रीयाल मैड्रिड ने पहले चरण का मुकाबला 5-2 से जीता था। उसने कुल 6-2 की जीत के साथ बचाव का अपना अभियान जारी रखते हुए लगातार तीसरी बार अंतिम आठ में जगह बनाई। बुधवार को खेले गए मैच का इकलौता गोल करीम बेंजेमा ने किया।

### टियाफो, मेदवेदेव इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल में पहुंचेअ गॉफ हारी

**इंडियन वेल्स।** फ्रांसिस टियाफो ने 10वीं वरीयता प्राप्त कैमरून नॉरी को 6-4, 6-4 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चौदहवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका का यह खिलाड़ी पहली बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मैच में 2021 चैंपियन की लगातार आठ मैचों की जीत के सिलसिले को खत्म किया।

### जॉर्डन और उज्बेकिस्तान दौरे के लिए 23 सदस्ईय महिला फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेननरबी ने इस महीने के आखिर में जॉर्डन और उज्बेकिस्तान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की। सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम 17 से 22 मार्च के बीच जॉर्डन जबकि 23 से 29 मार्च के बीच उज्बेकिस्तान में मैच खेलेगी। ये मैच एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर मैचों की तैयारी के लिए खेले जा रहे है।

# कभी नहीं रह गया था टीम नेतृत्व का जज्बा

## ● कोहली ने 2021 के बाद आईपीएल कप्तानी छोड़ने पर कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय टीम के** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान का पद छोड़ने के अपने फैसले पर कहा कि उन्हें खुद से भरोसा उठ गया था और इस काम के लिए उनका जज्बा भी कम हो गया था। कोहली की कप्तानी में आरसीबी की टीम 2017 और फिर 2019 में आईपीएल तालिका में सबसे नीचे रही थी। कोहली ने भारतीय टी20 टीम की कमान छोड़ने के बाद 2021 सत्र में आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी थी। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस टीम के कप्तान बने थे। कोहली ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ आरसीबी के मैच से पहले महिला टीम की खिलाड़ियों से कहा, जिस समय मेरी कप्तानी का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा नहीं था। इसे लेकर मेरे अंदर कोई जज्बा नहीं बचा था। उन्होंने बुधवार को कहा, वह हालांकि मेरा अपना नजरिया था, एक व्यक्ति के तौर पर मैं खुद से कह रहा था कि मैंने काफी उतार-चढ़ाव झेले हैं अब इसे और नहीं संभाल सकता हूं। आरसीबी की टीम 2016 के बाद पहली बार 2020 में प्लेऑफ में पहुंची थी। टीम इसके अलगे दो सत्र में भी इसे दोहरने में सफल रही लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं। अगले सत्र (2020) में टीम में नए खिलाड़ी जुड़े, उनके पास नए विचार थे और यह एक और मौके की तरह था। वे काफी रोमांचित थे, व्यक्तिगत तौर पर हो सकता है कि मैं उतना उत्साहित नहीं था लेकिन उनकी सकारात्मक ऊर्जा से हम लगातार तीन साल प्लेऑफ में पहुंचे। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हम हर सत्र की शुरुआत उसी उत्साह के साथ करते हैं जो पहले था। मैं अब भी उत्साहित महसूस कर रहा हूं। टीम को सफलता दिलाना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, अगर किसी के आत्मविश्वास में कमी होती है तो दूसरे खिलाड़ी उसका हौसला बढ़ाते हैं। कोहली ने 2021 टी20 विश्व कप के बाद भारत के टी20 कप्तान के रूप में पद छोड़ने का मन बना लिया था। बाद में उन्हें एकदिवसीय की कप्तानी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके बाद टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। भारतीय टीम से कप्तानी की भार से मुक्त होने के बाद उन्होंने आरसीबी के कप्तान पद को छोड़ने का फैसला किया। दिल्ली के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनके करियर में ऐसे दौर आए जब उन्होंने असुरक्षा की भावना महसूस की और उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश की। मैंने लंबे समय से खेल रहा हूं ऐसे में मुझे अच्छे प्रदर्शन को लेकर खुद को लगातार याद दिलाने की जरूरत होती हैं।

# वुलफार्ट और गार्डनर ने दिलाई गुजरात जायंट्स को जीत

## ● दिल्ली कैपिटल्स को 11 रनों से हराया

**भाषा।** मुंबई




**लॉरा वुलफार्ट** और एशलीग गार्डनर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जायंट्स ने गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स 11 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 147 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 18.4 ओवर में एक 136 रन पर आउट हो गई। दिल्ली की यह पांच मैचों में दूसरी हार है। गुजरात की तरफ से वुलफार्ट ने 45 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। गार्डनर ने 33 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 51 रन की पारी खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इनके अलावा हरलीन देओल ने 33 गेंदों पर 31 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से जेस जॉनासन ने 38 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली के चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें मारिजान काप ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। अरुंधति रेड्डी ने आखरी ओवरों में 19 गेंद पर 25 रन बनाकर एक समय गुजरात के पेशानी पर बल ला दिए थे। गार्डनर ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 19 रन देकर दो विकेट लिए। उनके अलावा किम गार्थ और तनुजा कंवर ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। दिल्ली के सामने मुश्किल लक्ष्य नहीं था लेकिन उसने रन गति बनाए रखने के बावजूद नियमित अंतराल में विकेट गवांकर अपने लिए स्थिति जटिल कर दी थी। दिल्ली ने पहले 10 ओवर में 78 रन बनाए लेकिन इस बीच चार विकेट भी गंवाए। शेफाली वर्मा केवल आठ रन बना पाई और तनुजा कंवर (29 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गई। कप्तान मेग लैनिंग ने स्नेह राणा की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले 18 रन बनाए। एलिस कैपसे ने गार्डनर पर लगातार दो छक्के जमाए लेकिन रन आउट होने से उनकी पारी भी 22 रन तक सीमित रही। जेमिमा रोड्रिग्स केवल एक रन बना कर पवेलियन लौट गई। काप ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। काप भी 14वें ओवर में सातवें विकेट के रूप में रन आउट हो गई। काप ने 29 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। अरुंधति ने शिखा पांडे (नाबाद आठ) के साथ मिलकर 35 रन की साझेदारी करके दिल्ली की उम्मीद जगा दी थी। अरुंधति ने 18वें ओवर की अंतिम गेंद पर एक्स्ट्रा कवर पर कैच किया। तब दिल्ली लक्ष्य से 15 रन दूर था।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात जायंट्स** :सोफिया डंकले का जॉनासन बो काप 04,वुलफार्ट बो रेड्डी 57,देओल का भाटिया बो जॉनासन 31,गार्डनर नाबाद 51,हेमलता का पूनम यादव बो जॉनासन 01, **अतिरिक्तः** 03,**कुलः** (20 ओवर में चार विकेट पर) 147,**विकेट पतनः** I-4, 2-53, 3-134, 4-147, **गेंदबाजीः** मारिजान काप 4-0-24-I, राधा यादव 3-0-23-0, एलिस कैपसे I-0-7-0, शिखा पांडे 3-0-21-0, जेस जॉनासन 4-0-38- 2, पूनम यादव 2-0-7-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-25-I।

### कोहली के संदेश ने जोश से भर दियाः कणिका

**मुंबई।** प्रतिभाशाली ऑलराउंडर कणिका आहूजा ने कहा कि भारत के महान बल्लेबाज विराट कोहली के साथ बातचीत ने उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्होंने 46 रन की आक्रामक पारी खेल कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में पहली जीत दिलाई। कोहली बुधवार को भारतीय टीम के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए और इसके बजाय यहां मुंबई में डब्ल्यूपीएल में प्रतिस्पर्धा कर रही आरसीबी महिला टीम से मिले।

# आरसीबी के जैक्स चोट के कारण आईपीएल से बाहर




**भाषा।** नई दिल्ली

**इंग्लैंड के** बल्लेबाज विल जैक बांग्लादेश में सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से बाहर हो गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने दिसंबर में आईपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपए की राशि के साथ 24 साल के जैक्स को टीम में शामिल किया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनकी मांसपेशियों में चोट लगी थी। इस सप्ताह की शुरुआत में स्कैन (जांच) और विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद उन्हें आईपीएल के आगामी सत्र से हटना पड़ा। इस रिपोर्ट के मुताबिक आरसीबी जैक की जगह टीम में न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को शामिल करने की कोशिश कर रहा है। ब्रेसवेल आईपीएल नीलामी में एक करोड़ की आधार राशि के साथ शामिल हुए थे लेकिन उनके नाम पर किसी भी टीम ने बोली नहीं लगाई थी।

# दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के आगामी सत्र के लिए वार्नर को कप्तान बनाया

**भाषा।** नई दिल्ली



**ऑस्ट्रेलिया** के अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर को ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया। टीम के नियमित कप्तान पंत कार दुर्घटना में लगी गंभीर चोट से उबर रहे हैं और वह 31 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सत्र में टीम में वापसी नहीं कर पाएंगे। भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल दिल्ली टीम के उप-कप्तान होंगे। उन्होंने पिछले सत्र में भी यह जिम्मेदारी निभाई थी। दिल्ली कैपिटल्स ने भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) प्रमुख सौरव गांगुली को फ्रेंचाइजी का क्रिकेट निदेशक बनाने की घोषणा की। गांगुली इससे पहले भी 2019 सत्र के दौरान मेंटॅर की भूमिका में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे हैं। यहां जारी विज्ञप्ति में वार्नर ने कहा, ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं और हम सभी को उनकी कमी खलेगी।

# त्रीसा-गायत्री क्वार्टरफाइनल में, सेन, सात्विक-चिराग बाहर

## ● ऑल इंग्लैड चैपियनशिप

**भाषा।** बर्मिंघम



**त्रीसा जॉली** और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज करके गुरुवार को यहां आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल में हारकर बाहर हो गए। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा और गायत्री ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोटा की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 21-14, 24-22 से हराया। पिछली बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली वेन मेई और लियू जुआन जुआन की चीनी जोड़ी से भिड़ेगी। पिछली बार फाइनल में जगह बनाने वाले सेन डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ किसी भी समय लय में नहीं दिखे और 52 मिनट में 13-21, 15-21 से हार गए। सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी चीन के विश्व नंबर 10 लियांग वेई केंग और वांग चांग से 21-10, 17-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गई।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे पायदान पर पहुंची

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रो लीग मैचों** में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो-दो जीत के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे पायदान पर पहुंच गई। इससे भारत रैंकिंग में हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया से स्थान आगे निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गई। इस साल जनवरी में ओडिशा में विश्व कप खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाला जर्मनी भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद भी दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गया। इस विश्व कप में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही थी। भारत ने प्रो लीग के अपने मैचों में जर्मनी को 3-2 और 6-3 जबकि ऑस्ट्रेलिया को 5-4 और नियमित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से शिकस्त दी।

# निकहत जरीन की शानदार शुरुआत

## ● विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

## ● साक्षी, नूपुर और प्रीति भी अगले दौर में

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत की** शीर्ष मुक्केबाज निकहत जरीन ने गुरूवार को यहां अजरबैजान की अनाखानिम इस्माइलोवा को आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के जरिए करारी शिकस्त देकर विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। साक्षी चौधरी (52 किग्रा), नूपुर शेरोन (81 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने भी आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। इस तरह से चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा रहा। टूर्नामेंट के शुरू में ही मुकाबला खिताब की प्रबल दावेदार निकहत का था जिन्होंने घरेलू दर्शकों को निराश नहीं किया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता निकहत ने 50 किग्रा भार वर्ग में अपनी प्रतिद्वंदी को परखने में थोड़ा समय लगाया लेकिन एक बार अजरबैजान की मुक्केबाज का खेल समझने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मौजूदा चैंपियन होने के बावजूद यहां गैर वरीयता प्राप्त निकहत ने आक्रामक रवैया अपनाया और अपनी विरोधी पर लगातार कई घूंसे जड़े। भारतीय मुक्केबाज का दबदबा इस कदर था कि रेफरी ने तीन तक गिनती करके इस्माइलोवा को समय दिया और फिर दूसरे राउंड में ही मुकाबला रोक दिया। चैंपियनशिप में गैर वरीयता प्राप्त होने के बारे में निकहत ने कहा, यह कोई समस्या नहीं है। यह ड्रॉ पर निर्भर है और कोई भी वरीयता हासिल कर सकता है। यह मायने नहीं रखता लेकिन मेरा ड्रॉ अच्छा है और प्रतियोगिता आगे बढ़ने के साथ मुझे कड़ी प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना पड़ेगा। निकहत का अगला मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 की अफ्रीकी चैंपियन रौमेसा बौआलम से होगा। मैं उस मुक्केबाज को जानती हूं लेकिन मैं कभी उसके खिलाफ नहीं खेली हूं।

### वनडे विश्व कप से पहले टीम के संतुलन के लिए हरफनमौला महत्वपूर्ण : मार्श

**भाषा।** मुंबई

**ऑस्ट्रेलिया** के मिशेल मार्श का मानना है कि भारत में होने वाले आगामी एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हरफनमौला खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी क्योंकि इससे उनकी टीम को अधिक संतुलन और विकल्प मिलेंगे। भारत इस साल अक्टूबर-नवंबर में आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस लिहाज से शीर्ष रैंकिंग की दो टीमों के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के काफी मायने होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीमें विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखना चाहेगी। मार्श ने यहां ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र से पहले गुरुवार को कहा, हमारी टीम के संतुलन के लिए, यहां जितने अधिक ऑलराउंडर हो उतना अच्छा होगा। वे (हरफनमौला खिलाड़ी) वास्तव में उस संरचना के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसके साथ हम मैदान में उतरना चाहते हैं।